आर.एन.आई. नं. 3653/57
डाक पंजीयन संख्या RJ/JPC/M-21/2012-14
वर्ष : 69 ★ अंक : 10 ★ मूल्य : 10 रु.
10 अक्टूबर, 2012 ★ आश्विन, 2069

ISSN 2249-2011

हिन्दी मासिक

जिनवाणी

नवकार महामंत्र

णमो अरिहंताणं
णमो सिद्धाणं
णमो आयरियाणं
णमो उवज्झायाणं
णमो लोए सव्वसाहूणं।।

एसो पंच णमोक्कारो, सव्व-पावप्पणासणो,
मंगलाणं च सव्वेसिं, पढमं हवइ मंगलं।

मंगल-मूल धर्म की जननी,
शाश्वत सुखदा कल्याणी।
द्रोह-मोह-छल-मान-मर्दिनी,
महिमामयी यह 'जिनवाणी'।।

सम्यग्ज्ञान प्रचारक मण्डल
जयपुर

दूध की धरती खून से लथपथ..!

गोमांस निर्यात का कड़वा सच

सन २००६-०७ में
4,94,505 मेट्रिक टन गोमांस निर्यात

सन २००७-०८ में
4,83,478 मेट्रिक टन गोमांस निर्यात

सन २००८-०९ में
4,62,750 मेट्रिक टन गोमांस निर्यात

सन २००९-१० में
3,11,305 मेट्रिक टन गोमांस निर्यात

वियतनाम, मलेशिया, फिलिपाइन्स, कुवैत, अंगोला, ओमन, इराक, कोंगो, सिरिया, इरान, अर्मेनिया, कोटेडआयवरि, मॉरिशस, कोमोरोस, येमेन, इक्वतुलजिनिया, ब्रुनै, उझबेकिस्तान जैसे कई

इजिप्त, सऊदी अरब, अरब अमिराती, जॉर्डन, जॉर्जिया, लेबनॉन गॅबॉन, सेनेगल, घाणा, कतार पाकिस्तान, बहरीन, अझरबैजन, तजाकिस्तान, अल्बेनिया, नामिबिया, चीन, अफगानिस्तान, देशो में यह मांस निर्यात हो रहा है।

पवित्र भारतभूमिपर कब तक चलेगा यह हिंसक दौर ?

अहिंसा तीर्थ

रतनलाल सी. बाफना गो सेवा अनुसंधान केंद्र

'अहिंसा तीर्थ', कुसुंबा, अजंता रोड, जलगाँव फोन : 0275-2270125, सुविधा केंद्र : 2220212

सौजन्य

रतनलाल सी. बाफना ज्वेलर्स

"नयनतारा", सुभाष चौक, जलगाँव ✆ 0257-2223903

"स्वर्णतीर्थ", आकाशवाणी चौक, जालना रोड, औरंगाबाद ✆ 0240-2244520

"नयनतारा इस्टेट", उन्टवाडी रोड, संभाजी चौक, नासिक ✆ 0253-2315644

जहाँ विश्वास ही परंपरा है। *मानवीय आहार शाकाहार।*

Jai Guru Hasti *Jai Guru Heera* *Jai Guru Maan*

।। जैनं जयति शासनम् ।।

दान से पुण्य होता है, पर संयम से कर्मों की निर्जरा होती है।
दान हृदय की सरलता है, पर संयम हृदय की शुद्धता है ।।

DP Exports is leading Indian firm specializing in import, export and manufacture of diamonds and jewellery. We offer a wide range of rough diamonds, along with a specialization in the field of manufacturing polished diamonds and jewellery.

timeless jewels
unmatched quality
flawless craftsmanship

Dharamchand Paraschand Exports

1301, Panchratna, Opera House, Mumbai - 400 004. India.
t: +91 22 2363 0320 / +91 22 4018 5000
f: +91 22 2363 1982 email : dpe90@hotmail.com

।। श्री महावीराय नमः ।।

जयगुरु हस्ती जयगुरु हीरा जयगुरु मान

जिस दिन श्रद्धा जग जायेगी, अनमोल-दुर्लभ परम अंग रूप मानव जीवन को समर्पण करते देर नहीं लगेगी । श्रद्धा है तो प्राण अर्पण भारी नहीं लगेगा ।

– आचार्य श्री हीरा

S. D. GEMS

Exporters, Importers &
Manufacturers of Diamonds

Add. : 202, Ratnadeep, 76-J.S.S. Road, Mumbai-400004
Tel. : +91 22 23684091, 236666799
Fax : +91 22 40042015
Email : sdgems@hotmail.com

Jai Guru Hasti *Jai Guru Heera* *Jai Guru Maan*

With Best Compliments from :

Basant Jain & Associates, Chartered Accountants
BKJ & Associates, Chartered Accountants
BKJ Consulting Private Limited
Megha Properties Private Limited
Ambition Properties Private Limited

601, Dalamal Chambers, New Marine Lines, Mumbai-400020

बसंत के. जैन

अध्यक्ष : श्री जैन रत्न युवक परिषद, मुम्बई
ट्रस्टी : गजेन्द्र निधि ट्रस्ट

Mobile : 9820350814, Tel. : (O) 22018793, 22018794 (R) 28810702

जिनवाणी हिन्दी-मासिक

卐 संरक्षक
अखिल भारतीय श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ
घोड़ों का चौक, जोधपुर (राज.), फोन-2636763

卐 संस्थापक
श्री जैन रत्न विद्यालय, भोपालगढ़

卐 प्रकाशक
विरदराज सुराणा, मंत्री-सम्यग्ज्ञान प्रचारक मण्डल
दुकान नं. 182-183 के ऊपर, बापू बाजार,
जयपुर-302003(राज.)
फोन-0141-2575997, फैक्स-0141-2570753

卐 सम्पादक
प्रो. (डॉ.) धर्मचन्द जैन
3 K 24-25, कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड
जोधपुर-342005 (राज.), फोन-0291-2730081
E-mail : jinvani@yahoo.co.in

卐 सह-सम्पादक
नौरतन मेहता, जोधपुर
डॉ. श्वेता जैन, जोधपुर

卐 भारत सरकार द्वारा प्रदत्त
रजिस्ट्रेशन नं. 3653/57
डाक पंजीयन सं.-RJ/JPC/M-21/2012-14
ISSN 2249-2011

परस्परोपग्रहो जीवानाम्

थावरं जंगमं चेव,
धणं धण्णं उवक्खरं।
पच्चमाणस्स कम्मेहिं,
नालं दुक्खाउ मोयणे।।
-उत्तराध्ययन सूत्र, 6.6

स्थावर-जंगम धन-धान्य तथा,
उपलब्ध अन्य साधन सारे।
कर्मों से पीड़ित प्राणी के,
दुःख भोग को न ये टारें।।

अक्टूबर, 2012
वीर निर्वाण संवत्, 2538
आश्विन, 2069

वर्ष 69 अंक 10

सदस्यता शुल्क

त्रिवार्षिक : 120 रु.	स्तम्भ सदस्यता : 21000/-
आजीवन देश में : 500 रु.	संरक्षक सदस्यता : 11000/-
आजीवन विदेश में : 12500 रु.	साहित्य आजीवन सदस्यता- 4000/-

एक प्रति का मूल्य : 10 रु.

शुल्क भेजने का पता- जिनवाणी, दुकान नं. 182 के ऊपर, बापू बाजार, जयपुर-03 (राज.)
फोन नं.0141-2575997, 2571163, फैक्स : 0141-2570753, E-mail:sgpmandal@yahoo.in
ड्राफ्ट 'जिनवाणी' जयपुर के नाम बनवाकर उपर्युक्त पते पर प्रेषित किया जा सकता है।

मुद्रक : दी डायमण्ड प्रिंटिंग प्रेस, मोतीसिंह भोमियों का रास्ता, जयपुर, फोन- 0141-2562929

नोट- यह आवश्यक नहीं कि लेखकों के विचारों से सम्पादक या मण्डल की सहमति हो।

विषयानुक्रम

सम्पादकीय-	वीरता का अभिनन्दन	-डॉ. धर्मचन्द जैन	7
अमृत-चिन्तन-	आगम-वाणी	-संकलित	11
	विचार-वारिधि	-आचार्यप्रवर श्री हस्तीमल जी म.सा.	12
	वाग्वैभव(8)	-आचार्यप्रवर श्री हीराचन्द्र जी म.सा.	13
प्रवचन-	विष को अमृत बनाने की कला	-आचार्यप्रवर श्री हस्तीमल जी म.सा.	14
	समूह में जीने की कला : सामाचारी	-आचार्यप्रवर श्री हीराचन्द्र जी म.सा.	19
	धर्मो रक्षति रक्षितः	-तत्त्वचिन्तक श्री प्रमोदमुनि जी म.सा.	25
	समय का सच	-साध्वीप्रमुखा श्री मैनासुन्दरी जी म.सा.	29
अंग्रेजी-स्तम्भ-	Harmony and Peace : A Jaina Perspective	-*Prof. Sagarmal Jain*	31
तत्त्व-बोध-	आओ मिलकर ज्ञान बढ़ाएँ (77)	-श्री धर्मचन्द जैन	38
पद्य-स्तम्भ -	मैं ही क्यों ?	-आचार्य विजयरत्नसुन्दरसूरिजी म.सा.	41
युवा-स्तम्भ-	जीवनदृष्टि बदलने का उपाय है ध्यान	-डॉ. एन.के.खींचा	46
नारी-स्तम्भ-	समय का मूल्यांकन	-डॉ. शैलजा अरोड़ा	48
बाल-स्तम्भ -	दंभ में दम नहीं	-श्री कपिल जैन	51
विचार-	सुविचार	-श्रीमती कंचन सुराणा	18
	भौतिकता और आध्यात्मिकता में अन्तर	-श्री अरविन्द लोढ़ा	40
	वाणी का संयम	-श्री जसराज देवड़ा धोका	47
	आत्मा ही सामायिक	-डॉ. लक्ष्मीचन्द जैन	63
कविता/गीत-	नाम में क्या धरा है	-डॉ. महेन्द्र भानावत	30
	मुक्ति की राह दिखाई	-श्रीमती अभिलाषा हीरावत	54
	संभावना	-डॉ. दिलीप धींग	63
प्रेरक-संस्मरण-	जडावकंवरजी की आलोयणा	-श्री आर.प्रसन्नचन्द चोरड़िया	55
साहित्य-समीक्षा-	नूतन साहित्य	-डॉ. धर्मचन्द जैन	56
प्राविका-मण्डल-	मासिक प्रश्नमंच प्रतियोगिता (30)	-संकलित	58
स्वाध्याय-संघ-	पर्युषण रिपोर्ट-2012	-संकलित	64
परिणाम-	आध्यात्मिक शिक्षण बोर्ड परीक्षा परिणाम जुलाई-2012	-संकलित	78
समाचार विविधा-	समाचार-संकलन	-संकलित	86
	साभार-प्राप्ति-स्वीकार	-संकलित	111

सम्पादकीय

वीरता का अभिनन्दन

❖ डॉ. धर्मचन्द जैन

22 एवं 23 सितम्बर 2012 को जयपुर में श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ द्वारा वीर परिवारों का परिचय एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वीर परिवार वे हैं जिन्होंने अपने घर के सदस्य को आजीवन संयम-दीक्षा अंगीकार करने की अनुमति प्रदान की। संयम-मार्ग पर चलना वीरता का कार्य है। राजकुमार वर्द्धमान संयम-मार्ग पर चलकर ही महावीर कहलाये। इसलिये जो संयम-मार्ग पर अपना जीवन अर्पित कर देता है वह तो वीर होता ही है, किन्तु उसे संयम-दीक्षा अंगीकार करने की आज्ञा देने वाला परिवार भी वीर कहलाता है। माता-पिता प्रायः अपनी सन्तान से कोई-न-कोई अपेक्षा रखते हैं, उनका किसी न किसी रूप में सांसारिक स्वार्थ होता है। अतः उसका त्याग कर सन्तान को संयम-मार्ग पर बढ़ने की अनुमति देना वीरता का ही कार्य है।

अन्तगड सूत्र में उल्लेख आता है कि श्रीकृष्ण वासुदेव को मन में यह पीड़ा होती है कि वे दीक्षा ग्रहण करने में समर्थ नहीं हैं। वे स्वयं कहते हैं- "मैं अधन्य हूँ, अकृतपुण्य हूँ कि मैं संयम में प्रव्रजित नहीं हो सका हूँ।" संयम में स्वयं दीक्षित होना एवं अपने निकट सम्बन्धी को अनुमति प्रदान करना दोनों ही उत्तम कार्य हैं। आज संसार में हम देखते हैं कि कई बार सन्तानों के कारण माता-पिता अत्यन्त दुःखी रहते हैं। न लड़के उनका कहना मानते हैं और न ही उनका पालन-पोषण करने हेतु तत्पर रहते हैं। फिर भी माता-पिता का अपनी सन्तान से मोह-भंग नहीं होता। आज बहुत से बच्चे पढ़-लिख कर विदेश चले जाते हैं। विदेश में ही नौकरी या धन्धा करके वहीं बस जाते हैं। वृद्धावस्था में माता-पिता असहाय हो जाते हैं, बच्चे उन्हें समय-समय पर सम्हालने में समर्थ नहीं हो पाते हैं। यही नहीं उनकी संवेदनाएँ भी मृत होने लगती हैं, फिर भी सन्तान के प्रति मोह मिटता नहीं है। इसलिए जो सही समय पर संयममार्ग पर जाने वाली सन्तान के प्रति मोह छोड़कर दीक्षा अंगीकार करने की अनुमति प्रदान करते हैं वे माता-पिता एवं परिवारजन वीर हैं। संयम से जीना उत्तम कोटि का मार्ग है, किन्तु इसमें आने वाले कष्टों से घबरा कर जो अपना मन शिथिल बना लेता है अथवा जो माता-पिता सन्तान की तीव्र अभिलाषा होने पर भी अनुमति प्रदान नहीं करते हैं वे निश्चित रूप से उनके उत्तम लक्ष्य में बाधक सिद्ध होते हैं।

यह तो सत्य है कि पंच महाव्रतधारी साधु-साध्वी का जीवन अनेक कष्टों और उपसर्गों की अग्नि में तपकर निखरता है, किन्तु कष्टों और उपसर्गों के समय धैर्य और

समता की साधना आवश्यक होती है। जो साधु अपनी कोमलता का परित्याग कर जीवन के हर कष्ट को समता से सहन करना सीख लेते हैं, वे अपनी आत्मा की कालिमा का प्रक्षालन करने में सक्षम होते हैं। उनका मन निर्मल होता है। आत्म-शुद्धि एवं चारित्रिक गुणों का विकास ही उनका लक्ष्य होता है। इसके साथ ही वे जहाँ-जहाँ विचरण करते हैं वहाँ-वहाँ समाज में व्याप्त दोषों का निराकरण करते हैं। सम्पर्क में आने वाले व्यक्ति उनकी सत्संग से अपने जीवन को उन्नत बनाते हैं। साधु-संतों का जीवन एक आदर्श जीवन होता है। वे समाज पर बोझ नहीं होते, अपितु व्यक्ति और समाज के मानसिक बोझ को हल्का करते हैं। व्यक्ति के तनाव को कम करने में साधु-संतों की सत्संग कारगर सिद्ध होती है, पारस्परिक कलह का वातावरण शान्त होता है, आध्यात्मिक रुचि का विकास होता है, जीवन को सही दिशा प्राप्त होती है, अज्ञानतम का नाश होता है, प्रज्ञा या विवेक का विकास होता है। इस प्रकार व्यक्तिगत विकास एवं सामाजिक उन्नयन की दृष्टि से संत-जीवन उत्कृष्ट जीवन होता है। उनके त्यागमय जीवन के प्रति सभी नतमस्तक होते हैं। ऐसे उन्नत जीवन को जीने के लिए अनुमति देने वाला परिवार वस्तुतः धन्य होता है।

वीर परिवारों का अभिनन्दन सद्गुणों का अभिनन्दन है। अपनी सन्तान को सन्मार्ग पर लगाने की भावना के मूर्त रूप का अभिनन्दन है। जो स्वयं दीक्षित नहीं हो सके हैं वे वीर परिवारों के अभिनन्दन के द्वारा यह तो सार्वजनिक रूप से स्वीकार कर ही रहे हैं कि वे माता-पिता, वे भाई-बहिन, वे सगे-सम्बन्धी धन्य हैं जो अपने जिगर के टुकड़े को स्व-पर के कल्याण के मार्ग पर लगाते हैं। ऐसे परिवारों का अभिनन्दन त्याग की भावना का अभिनन्दन है, उदारता का अभिनन्दन है। उनके प्रति प्रेम एवं वात्सल्य जितना उमड़ेगा उतना ही हमारे मन में संत-जीवन के प्रति आदर का भाव जगेगा और इससे हमारे सद्गुणों का विकास होगा।

कई बार लोगों के मूल्यांकन का पैमाना भिन्न होता है। वे सोचते हैं कि माता-पिता अपनी सन्तान का पालन नहीं कर पाते, इसलिए सन्तान को दीक्षित होने की अनुमति देते हैं अथवा बच्चियों का विवाह करने में समर्थ नहीं होते, इसलिए दीक्षित होने की आज्ञा दे देते हैं। किन्तु उनका यह सोच संकीर्ण सोच है। कई माता-पिता समृद्ध होते हुए भी अपनी संतान के वैराग्य की उत्कटता के समक्ष निरुत्तर हो जाते हैं एवं उन्हें अपने सारे तर्क और उपाय निष्फल प्रतीत होते हैं। आगमों में ऐसे कथानक भरे पड़े हैं। वर्तमान में भी ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है। अत्यन्त धनिक और शिक्षित व्यक्ति भी संयम-मार्ग पर आगे बढ़े हैं तथा अपने परिवार में दीक्षित होने वालों को अनुमति प्रदान की है। इसलिए यह भ्रान्ति है कि निर्धन परिवार से ही दीक्षा होती है। हाँ, कभी-कभी परिवार की विषम

परिस्थितियाँ भी निमित्त बन जाती हैं। परिवार में घटित नश्वरता एवं असहिष्णुता की घटनाएँ भी वैराग्य के बीज का कारण बन जाती हैं। किन्तु वैराग्य का जीवन बिना स्व अभिलाषा के नहीं अपनाया जा सकता। सन्तान की जब तक उस मार्ग पर जाने की रुचि न हो, तब तक उसमें किसी को धकेला नहीं जा सकता। सन्तान को सन्मार्ग पर जाने देना किसी भी स्थिति में बुरा नहीं कहा जा सकता। शर्म तो उन माता-पिता पर आती है जो सन्तान के जन्म लेने से पूर्व ही भ्रूण हत्या द्वारा उनकी जीवन-लीला समाप्त कर देते हैं अथवा कीटनाशक औषधि का स्वयं पान कर उनको भी वह ज़हर पिला कर जीवन से पलायन कर जाते हैं। विवेकशील माता-पिता विषम परिस्थितियों में भी अपनी सन्तान का अहित नहीं सोचते, वे हिम्मत के साथ उन परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं तथा कोई न कोई समाधान सोचते हैं। वे अपनी सन्तति को दीक्षित होने की स्वीकृति प्रदान कर गौरवपूर्ण कार्य करते हैं। यदि इसके बदले में वे समाज से किसी प्रकार की अपेक्षा करें तो इसे उचित नहीं कहा जा सकता। हाँ, समाज या संघ स्वधर्मी-वात्सल्य को अपना कर उनकी किसी प्रकार सहायता करे तो यह उसका कर्त्तव्य बनता है। संयम का पालन भावना से होता है, उसके लिए लोभ-लालच देना फलदायक नहीं हो सकता। धर्म का मार्ग ऋजु है।

जिस परिवार से किसी की दीक्षा होती है तो वह परिवार उस संघ से जुड़ जाता है। समय-समय पर गुरु-दर्शन के लिए जाता है तो परिवार में तप-त्याग की भावना में अभिवृद्धि होती है। धर्म के प्रति श्रद्धा और सही जानकारी के साथ वह परिवार अपना जीवन भी सही रास्ते पर लगाने में सक्षम होता है। ऐसे बहुत से परिवार मिलेंगे, जिनमें ऐसा परिणाम देखा गया है। कभी-कभी यह भी होता है कि अपने परिवार के दीक्षित संत या सती के जीवन को देखकर परिवार का अन्य सदस्य भी संयम मार्ग पर चल पड़ता है। कभी पत्नी के साथ पति तो कभी पति के साथ पत्नी भी दीक्षित होते रहे हैं। कभी पिता-पुत्र, कभी माता-पुत्री तो कभी सम्पूर्ण परिवार संयम मार्ग पर अग्रसर होता है।

विवेकशील त्यागी संत-सतियों के प्रति श्रद्धा और आदर का भाव होना स्वाभाविक है। इसी प्रकार उनकी त्याग-भावना में सहयोग करने वाले परिवारजनों के प्रति भी आदर का भाव होना चाहिए। भोग के मार्ग पर संतान को आगे बढ़ाने वाले तो सभी माता-पिता होते हैं, किन्तु त्याग के मार्ग पर आगे बढ़ने की अनुमति देने वाले माता-पिता विरले होते हैं, अतः वे धन्यवाद के पात्र है। वे माता-पिता अधन्य हैं जो संतान की सांसारिक भोग-भावना के प्रति अभिलाषा न होने पर भी उन्हें बलात् बंधन में धकेलते हैं।

दीक्षा दुःखगर्भित हो या मोहगर्भित अथवा तो ज्ञानगर्भित, दीक्षा दीक्षा है। किसी

भी कारण से दीक्षित होने के बाद आगमों का स्वाध्याय करते हुए एवं संतों की सत्संग का लाभ लेते हुए व्यक्ति अपनी भावनाओं का परिष्कार कर सकता है तथा सही समझ का विकास कर सकता है। अनपढ़ बालक जिस प्रकार विद्यालय में प्रवेश लेकर कुछ न कुछ ज्ञानार्जन करता ही है, उसी प्रकार साधु-संतों के सत्संग के विद्यालय में प्रविष्ट होकर नवदीक्षित संत-सती अपनी दृष्टि की मलिनता को दूर करने की शिक्षा प्राप्त करते ही हैं। जो दीक्षित होकर के भी आगमों के स्वाध्याय और गुरुजनों के सत्संग का लाभ नहीं लेते वे प्राप्त अवसर का सदुपयोग नहीं करते, ऐसा माना जायेगा। विरक्त मुमुक्षु उत्तराध्ययन सूत्र के इस कथन को जानता है कि दिन-रात बीते जा रहे हैं, जो इनका उपयोग धर्म-साधना में करता है उसके लिए ये दिन-रात सफल हो जाते हैं तथा जो इनमें अधर्म के मार्ग पर चलता है वह अपना समय (दिन-रात) व्यर्थ खोता है। भोगी व्यक्ति संसार में भटकता रहता है तथा अभोगी मुक्त हो जाता है। अतः संसार के सर्वविध आकर्षण से दूर होकर साधक आत्म-साधना को अपना लक्ष्य बनाता है। वह मन से किसी का अहित नहीं सोचता, वचन से किसी पर प्रहार नहीं करता तथा काया से किसी प्राणी को पीड़ित नहीं करता। उसकी साधना सजगतापूर्वक पापविरति की साधना होती है। पाप से रहित होने के मार्ग पर बढ़ना निस्संदेह एक प्रशस्त कार्य है।

आगमों में उल्लेख आता है कि जिस परिवार से कोई श्रमण या श्रमणी का जीवन अंगीकार करता है, आवश्यकता होने पर उस परिवार का दायित्व राजा सम्हालता रहा है। इसी प्रकार यदि किसी वीर परिवार पर संकट के बादल मंडरा रहे हों तो संघ और समाज का दायित्व बनता है कि वह मित्र की भांति उस संकट से उबरने में उस परिवार का सहयोग करे।

जयपुर में आयोजित वीर परिवार सम्मान समारोह को इस दिशा में एक सकारात्मक कदम कहा जा सकता है, जो वीर परिवार के प्रति हमारे दिलों में एक आदर का भाव जगाता है। आध्यात्मिक दृष्टि से एवं सामाजिक दृष्टि से इसके कई लाभ हैं। हम जिस प्रवृत्ति को आदर की दृष्टि से देखते हैं हम उसके मूल्य के प्रति आकर्षित होते हैं तथा अपने में उस प्रकार के बीजों का पल्लवन करने में समर्थ होते हैं। वीर परिवारों का सम्मान भोगों की अपेक्षा त्याग का महत्त्व स्वीकार करना है। समाज में भी इसका अच्छा संदेश जाता है। इसका यह तात्पर्य नहीं कि इससे दीक्षा की प्रवृत्ति में वृद्धि होगी, दीक्षा गुणवत्ता के साथ हो। संख्या की अपेक्षा गुणवत्ता से ही समाज को अधिक लाभ हो सकता है। आज रत्नसंघ में साधुओं एवं साध्वियों में गुणवत्ता का विकास हुआ है। अनेक साधु-साध्वी अपने सामर्थ्य का पूर्ण सदुपयोग कर संयम-जीवन की सुरभि से महक रहे हैं। यह गुणवत्ता निरन्तर बढ़ती रहे तो इसका समाज पर, देश पर एवं परोक्ष रूप से सर्वत्र एक अच्छा परिणाम आ सकता है।

★

अमृत-चिन्तन

आगम-वाणी

गर्हा-सूत्र

तिविहा गरहा पण्णत्ता, तं जहा-मणसा वेगे गरहति, वयसा वेगे गरहति, कायसा वेगे गरहति-पावाणं कम्माणं अकरणयाए।

अहवा-गरहा तिविहा पण्णत्ता, तं जहा-दीहंपेगे अद्धं गरहति, रहस्संपेगे अद्धं गरहति, कायंपेगे पडिसाहरति-पावाणं कम्माणं अकरणयाए।

अर्थ:- पापकर्म न करने की दृष्टि से गर्हा तीन प्रकार की कही गई है- कुछ लोग मन से गर्हा करते हैं, कुछ लोग वचन से गर्हा करते हैं और कुछ लोग काया से गर्हा करते हैं अथवा पाप कर्मों को नहीं करने की दृष्टि से गर्हा तीन प्रकार की कही गई है- कुछ लोग दीर्घकाल तक पाप-कर्मों की गर्हा करते हैं, कुछ लोग अल्प काल तक पाप-कर्मों की गर्हा करते हैं और कुछ लोग काया का निरोध कर गर्हा करते हैं। (भूतकाल में किये गये पापों की निन्दा करने को गर्हा कहते हैं।)

प्रत्याख्यान-सूत्र

तिविहे पच्चक्खाणे पण्णत्ते, तं जहा-मणसा वेगे पच्चक्खाति, वयसा वेगे पच्चक्खाति, कायसा वेगे पच्चक्खाति-पावाणं कम्माणं अकरणयाए।

अहवा-पच्चक्खाणे तिविहे पण्णत्ते, तं जहा-दीहंपेगे अद्धं पच्चक्खाति, रहस्संपेगे अद्धं पच्चक्खाति, कायंपेगे पडिसाहरति-पावाणं कम्माणं अकरणयाए।

अर्थ:-पापकर्म न करने की दृष्टि से प्रत्याख्यान तीन प्रकार का कहा गया है- कुछ लोग मन से प्रत्याख्यान करते हैं, कुछ लोग वचन से प्रत्याख्यान करते हैं और कुछ लोग काया से प्रत्याख्यान करते हैं।

अथवा पापकर्म न करने की दृष्टि से प्रत्याख्यान (त्याग) तीन प्रकार का कहा गया है- कुछ लोग दीर्घकाल तक पापकर्मों का प्रत्याख्यान करते हैं, कुछ लोग अल्पकाल तक पापकर्मों का प्रत्याख्यान करते हैं और कुछ लोग काया का निरोध कर प्रत्याख्यान करते हैं। पाप-कर्मों को आगे नहीं करने के रूप में भविष्य में पापकर्मों के त्याग को प्रत्याख्यान कहते हैं।

-स्थानाङ्गसूत्र, तृतीय स्थान, प्रथम उद्देशक, सूत्र-26-27

अमृत-चिन्तन

विचार-वारिधि

आचार्यप्रवर श्री हस्तीमलजी म.सा.

तप-त्याग

- तप के दो प्रकार हैं। एक का असर शरीर पर पड़ता है और दूसरे का असर मन पर पड़ता है। जिसका असर शरीर पर पड़े उसको कहते हैं बाह्य तप और जिसका असर मन पर पड़े वह है आन्तरिक तप।
- शारीरिक तप से जिस प्रकार तन का रोग नष्ट होता है, उसी प्रकार आभ्यन्तर तप से आत्मा का कर्म-मैल या मन के विकार नष्ट होते हैं।
- तप की क्रिया आत्म-गुण को जगाने के लिए है। किन्तु आत्म-गुण को जगाने के प्रसंग पर भी बढ़िया से बढ़िया वेश निकाले जा रहे हैं। आज बाईजी पचक्खाण करने जा रही हैं, तो नये-नये आभूषण, हीरे की चूड़ियाँ पहन कर जा रही हैं। आज के समय में इसको धर्म-प्रभावना समझा जा रहा है। वस्तुतः इसे धर्म-प्रभावना समझना बिल्कुल गलत है। आज तो यदि मैं यह कहूँ कि यह प्रभावना नहीं, बल्कि अप्रभावना है, तो भी अनुचित्त नहीं होगा।
- हमारी तपस्या अमीर गरीब सबके लिए समान हो।
- मन से किया गया त्याग ही सच्चा त्याग है। मन तो चाहता है कि त्याग नहीं करूँ, लेकिन वस्तु उपलब्ध नहीं है, इसलिए त्याग कर रहा है तो सच्चा त्याग नहीं- 'न से चाइ त्ति वुच्चइ।' जो परतन्त्रता के कारण त्याग करता है तो उसको त्याग का पूरा लाभ नहीं मिलता। इच्छापूर्वक एक नवकारसी भी करे तो वह अपनी कर्म-स्थिति से लाख वर्ष की कमी करके दुःखों को टाल देता है।
- त्याग के साथ ज्ञान का बल ही साधक को ऊँचा उठा सकता है। जैसे सुक्षेत्र में पड़ा हुआ बीज, जल संयोग से अंकुरित होकर फलित होता है और बिना जल के सूख जाता है, वैसे ही त्याग और ज्ञान भी बिना मिले सफल नहीं होते। जिस साधक में पेय, अपेय, भक्ष्य, अभक्ष्य और जीव-अजीव का ज्ञान न हो वह साधक उत्तम साधक नहीं होता।
- भौतिक सुख वही छोड़ सकता है जिसने दृश्यमान भौतिक जगत् की नश्वरता को समझ कर एक न एक दिन, देर-सवेर छूट जाने वाली वस्तुओं को स्वतः चलाकर छोड़ने के महत्त्व को, उससे होने वाले आनन्द को अच्छी तरह से समझ लिया है।

-'नमो पुरिसवरगंधहत्थीणं' ग्रन्थ से साभार

अमृत-चिन्तन

वाग्वैभव (8)

आचार्यप्रवर श्री हीराचन्द्र जी म.सा.

- वीतराग देव, निर्ग्रन्थ गुरु एवं दयामय धर्म के प्रति श्रद्धा रखने वाले सभी स्वधर्मी हैं, फिर चाहे वे गरीब हों या अमीर, ओसवाल हों या अग्रवाल या कोई और। उनकी सहायता करना धर्म की आराधना है।
- ज्ञानदान करके व्यक्ति ज्ञान-चारित्र की आराधना करके मोक्षगामी बन सकता है। वह समस्त जीवों को अभय दे सकता है।
- दान के सात स्थान हैं- ज्ञान, दर्शन, चारित्र, साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका।
- समाज के लिए सहयोग करना व्यक्ति का कर्तव्य है। दानदाताओं के सहयोग से ही संस्थाएँ चलती हैं। जो देगा, वह तिरेगा।
- अपने पतिव्रत धर्म के सहारे, ब्रह्मचर्य के सहारे, शीलवती नारी धरती का धर्म बदल सकती है।
- गौरव के साथ कहना चाहिये कि प्रत्येक तीर्थंकर के शासन-काल में जितने सन्त बने, उनमें साध्वियों की संख्या ज्यादा रही।
- नारी पुरुष की सहधर्मिणी है, यह ध्यान रखकर चलेगी तो स्वयं का एवं परिवार का प्रबन्धन ठीक रख सकेगी।
- दान, शील, तप और भावना में से एक का अवलम्बन लेकर भी अनन्त प्राणी संसार से तिरने की ओर आगे बढ़े हैं।
- हाथ का सच्चा, बात का सच्चा और काछ का सच्चा, ये तीन बातें जिसमें होगी, उसे कोई अप्रतिष्ठित नहीं कर सकता।
- अवस्था के साथ व्यवस्था बनाकर चलने में हित है। यह बात त्याग-तप के लिए ही नहीं, जीवन के हर क्षेत्र में जरूरी है।
- मुनि-दर्शन, प्रवचन-श्रवण, सन्त-सेवा, ज्ञानाराधना, तपाचरण आदि का लाभ चातुर्मास में भरपूर कमाया जा सकता है।
- सामायिक, स्वाध्याय, साधना और संगठन, इन चार सूत्रों के अतिरिक्त चातुर्मासकाल में आत्मचिन्तन पर मुख्य ध्यान देना चाहिये।

-हीरा प्रवचन-पीयूष भाग-1 से संकलित : श्री पी. शिखरमल सुराणा, चेन्नई

प्रवचन

विष को अमृत बनाने की कला

आचार्यप्रवर श्री हस्तीमल जी म.सा.

मानव जीवन का लक्ष्य क्या है? अनन्त सुख और अनन्त आनन्द! शास्त्र की भाषा में कहूँ तो अव्याबाध सुख अथवा अनन्त ज्ञान-दर्शन-सुख एवं वीर्य रूप निज स्वरूप की उपलब्धि। उपलब्धि की जगह अनुभूति भी कह सकते हैं। क्योंकि निज-स्वरूप तो अपने भीतर ही है, उसे कहीं बाहर से प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है, वह आत्मा का ही स्वरूप है, किन्तु अनादि काल से आत्मा पर-भाव में रमण कर रही है। निजस्वरूप की विस्मृति किये हुए है, जब ऊपर के आवरण हट जायेंगे, अज्ञान, मोह आदि परभावों के पर्दे दूर हो जायेंगे तब आत्मा को निज-स्वरूप की अनुभूति होगी, अनन्त ज्ञान-दर्शन-सुख, वीर्यात्मक रूप का अनुभव होगा। बस यही स्वात्मानुभूति या स्वात्मोपलब्धि है।

हम दुःखी क्यों?

प्रश्न होता है जब हमारा स्वरूप अनन्त सुखमय है, तो फिर आज हम दुःखी क्यों हो रहे हैं? रोग, पीड़ा और आतंकों से हम क्यों घिरे हुए हैं? जब खजाने में करोड़ों रुपये भरे पड़े हैं, फिर हम दर-दर की भीख मांगने वाले भिखारी क्यों बन गये? अनन्त सुख स्वरूप आत्मा को आखिर दुःख क्यों मिल रहा है?

यही प्रश्न भगवान महावीर स्वामी ने एक बार शिष्यों के समक्ष रखा था- **"किं भया पाणा समणाउसो!"**[2] (स्थानांगसूत्र, 3.2)

आयुष्मान श्रमणों! प्राणियों को भय क्या है? श्रमण गौतम जब मौन होकर भगवान की ओर देखते रहे, और उत्तर की प्रतीक्षा करने लगे तो स्वयं भगवान ने फरमाया- दुक्खभया पाणा।

प्राणियों को दुःख का सबसे बड़ा भय है। फिर प्रश्न हुआ। **दुक्खे केण कडे?**

यह दुःख किसने उत्पन्न किया? उत्तर मिला- **जीवेण कडे, पमाएण!**

स्वयं आत्मा ने ही दुःख पैदा किया है, और उसका कारण है- प्रमाद।

प्रमाद ही हमारे समस्त दुःखों की जड़ है। जितनी आधि, व्याधि और उपाधि आती है, उसका कारण है- आत्मा का प्रमादभाव। आचारांग सूत्र (1.3.1) में कहा गया है- **"माई पमाई पुण एइ गब्भं"**

मायावी और प्रमादी बार-बार जन्म-मरण के चक्र में भटकते रहते हैं। प्रमाद समस्त

कर्मों की जड़ है, समस्त पापों का मूल है- **पमायं कम्ममाहंसु।** (सूत्रकृतांग 1.8.3)

प्रमाद ही कर्म है, यही आस्रवद्वार है, जिसके मार्ग से कर्म आते हैं और आत्मा को दुःख व पीड़ा के चक्र में घुमाते रहते हैं।

प्रमत्त आत्मा आरम्भ करता है, हिंसा, असत्य आदि का आचरण करता है, परिग्रह का संग्रह करता है। आरम्भ और परिग्रह के कारण जीव की समाधि नष्ट हो जाती है, आधि, व्याधि और उपाधि बढ़ने लगती है। आत्मा दुःख एवं क्लेश को प्राप्त होता है।

दुःख मुक्ति का उपाय

भगवान ने आत्मा के दुःख का मूल कारण बताया तो सहज ही यह प्रश्न होता है कि उस दुःख से मुक्ति कैसे हो? दुःख विमुक्ति का उपाय क्या है?

मानव-मन की यह सहज वृत्ति है कि वह सतत दुःखों से मुक्त होने का उपाय खोजता रहा है। संसार में जितने भी धर्म हैं, दर्शन हैं, उनसे पूछें कि आपका उद्देश्य क्या है? तो क्या बतायेंगे? प्राणी को दुःख से मुक्त करना।

बुद्ध ने चार आर्य सत्य बताये हैं, उनमें यही बात कही है- 1. संसार में दुःख है, 2. दुःखों की उत्पत्ति के कारण हैं, 3. दुःख का नाश सम्भव है,4. दुःख-निरोध के उपाय हैं। इन चारों बातों का वर्णन करना ही बुद्धशासन है।

सांख्य, वैशेषिक आदि अन्य दर्शनों ने भी 'दुःख हानोपाय' को अर्थात् दुःख से मुक्त होने के उपाय की खोज करने को अपने दर्शनों का उद्देश्य बताया है। आइन्स्टीन ने विज्ञान का भी यही उद्देश्य बताया है-"अज्ञान एवं अभाव की पीड़ाओं से संत्रस्त मानव को सुखी बनाना विज्ञान का लक्ष्य है।"

संसार के समस्त विचारकों के सामने मुख्य प्रश्न यही रहा है कि मानव दुःख एवं पीड़ाओं से मुक्त कैसे हो? इस प्रश्न के समाधान में बहुत से विचारक ऊपर-ऊपर ही घूमते रहे हैं। वे बाह्य कारणों को दुःख का मूल मानकर उनके निराकरण का उपाय खोजते रहे हैं। किंतु जैन दर्शन इस प्रश्न की गहराई में गया है और उसने मूल को पकड़ा है। उसने दुःखों की उत्पत्ति का कारण भी खोजा है, जो अभी मैंने आपको बताया- प्रमाद। आरंभ और परिग्रह इसके साथी हैं। रोग का मूल जब पकड़ में आ जाता है और उसकी ठीक दवा लग जाती है तो फिर रोग मिटते देर नहीं लगती। शास्त्रों में दुःख निवारण का उपाय बताया है- अप्रमाद। इन्द्रियों के विषय, कषाय, आरम्भ, परिग्रह आदि से मुक्त होकर आत्म स्वभाव में रमण करना, स्व स्वरूप का अनुभव करना- यही दुःख मुक्ति का अमोघ उपाय है। आचार्य कुन्दकुन्द ने भी कहा है- **'जो झायइ अप्पाणं परम समाही हवे तस्स'** जो आत्म

स्वरूप का ध्यान करता है, आत्म भाव में रमण करता है, वह परम समाधि और सुख की प्राप्ति कर लेता है।

अधिकरण और उपकरण

अब तक के हमारे विवेचन का सार यह है कि दुःख से मुक्त होने का उपाय है- अप्रमाद! इसी को सीधी भाषा में यों कह सकते हैं, आरंभ और परिग्रह की भावना से मुक्त होना। जब तक हमारे मन में, आरंभ-अर्थात् हिंसा के संकल्प होंगे(आरंभ शब्द बहुत व्यापक है, इसमें हिंसा के सभी रूप आ जाते हैं) वैर, विरोध, घृणा एवं द्वेष की भावना होगी, इन्द्रिय विषयों के प्रति आसक्ति होगी, धन के प्रति आकर्षण होगा, ममता के बंधन से जकड़े रहेंगे, तब तक लाख उपाय करने पर भी आत्मा को शांति नहीं मिल सकेगी।

आप सोचते होंगे, तब तो शांति प्राप्त करने के लिए 'साधु' ही बन जाना पड़ेगा। चूंकि गृहस्थ जीवन में तो हिंसा, झूठ, परिग्रह आदि का चक्र चलता ही रहता है। घर है, परिवार है, समाज है, सबको साथ लेकर चलना है, सबका दायित्व है तो हिंसा भी करनी पड़ेगी, परिग्रह भी रखना होगा, फिर कैसे शांति प्राप्त होगी?

बंधुओं! जैन धर्म भाववादी धर्म है। वह साधना में वस्तु को नहीं, भाव को महत्त्व देता है। बंध और मोक्ष वस्तु पर नहीं भाव पर निर्भर करते हैं- **परिणामादो बंधो, मुक्खो जिणसासणे दिट्ठो (भाव पाहुड, 116)** जो वस्तु-सामग्री साधु के लिए कर्म-निर्जरा का कारण बनती है। वही वस्तु आपके लिए कर्मबंध का कारण क्यों बनती है? जो वस्तु साधक के लिए उपकरण है वह आपके लिए अधिकरण क्यों बन जाती है? आपके जीवन में भी देखिए, यह रूमाल सामायिक करते समय 'जयणा' का साधन बनकर सामायिक का उपकरण बनता है, वही बाजार से घर जाते समय इसमें सब्जी बांध कर ले जाते समय अधिकरण क्यों बन जाता है? वस्तु में कोई अन्तर आया? नहीं, फिर अन्तर किस में आया? भावना में। सामायिक करते समय आपकी भावना शुद्ध थी। जीवदया की भावना से आप इस रूमाल का उपयोग कर रहे थे। सब्जी लेते समय आप इसे हिंसा का साधन बना रहे हैं। वस्तु एक होते हुए भी उसके उपयोग और प्रयोग से मूल्यांकन में अन्तर पड़ जाता है। महाराज चतर सिंह जी ने कहा है-

वणी सूत री सींढडी, वणी सूत री पाग।
बंधवा-बंधवा में फरक, जसो जणीरो भाग।।

सींदड़ी अर्थात् डोरी भी उसी सूत की बनी है, जिस सूत की पाग बनी है, किन्तु डोरी से मुर्दा बांधा जा रहा है, और पाग वर राजा के मस्तक पर बांधी जा रही है, एक के बांधने में शोक उमड़ रहा है, दूसरी के बांधने में खुशियाँ उछल रही हैं। वस्तु में यह हर्ष-शोक का

आरोप भावना से होता है। इसीलिए शास्त्रों में बताया है कि जीवन यात्रा में बाह्य वस्तु की आवश्यकता होती है, अनेक प्रकार की वस्तुओं का उपयोग करना पड़ता है, किंतु उनका उपयोग उपकरण के रूप में करना चाहिए, अधिकरण के रूप में नहीं।

एकबार राजगृह में भगवान महावीर स्वामी से गौतम स्वामी ने प्रश्न किया- "भंते! कोई श्रावक सामायिक करके बैठा है, उस समय कोई पुरुष उसके भंडोपकरण उठाकर ले जावे, और फिर सामायिक व्रत पूर्ण होने के बाद वह श्रावक अपने भंडोपकरण की खोज करे, तो क्या वह अपने भंडोपकरण की खोज करता है यह दूसरे के भंडोपकरण की?" (भगवती सूत्र, शतक 8, उद्देशक 5)

भगवान ने कहा- "गौतम वह अपने ही भंडोपकरण की खोज करता है, दूसरे के भंडोपकरण की नहीं?" गौतम स्वामी के मन में यह जिज्ञासा उठी कि क्यूँकि सामायिक में तो श्रावक भंडोपकरण को वोसरा देता है, इसलिए वह उसका कैसे हुआ? तो उन्होंने पुनः प्रभु से पूछा- "भंते! श्रावक जब शीलव्रत, गुणव्रत आदि की आराधना करता है, प्रत्याख्यान व पौषध करता है तब उसके भांड, क्या अभांड (स्वामित्व से मुक्त) नहीं हो जाते?"

प्रभु ने समाधान दिया-"गौतम! वे अभांड हो जाते हैं, अर्थात् उस समय उनपर उसकी ममता नहीं रहती। वह सामायिक में सुवर्ण, वस्त्र-पात्र आदि वस्तुओं पर से अपनी ममता हटा लेता है, इस कारण वे अभांड हो जाते हैं, किंतु सामायिक पूर्ण होने के बाद वह फिर से उन पर ममता करने लगता है, और ममता का बंधन जब जुड़ जाता है तो वे अभांड (उपकरण) पुनः उसके भांड (अधिकरण) बन जाते हैं।"

भावना का महत्त्व

यह संवाद स्पष्ट बताता है कि एक ही वस्तु चाहे वह छोटा सा कागज है, कपड़ा है, लकड़ी का टुकड़ा है या फिर हमारा शरीर ही है, जब तक हिंसा के लिए उसका उपयोग होता है, उस वस्तु पर हमारी ममता रहती है तब तक वह अधिकरण बना रहेगा। अधिकरण नरक का अधिकारी भी बना सकता है और उपकरण उपकारक होने से सद्गति प्रदान करता है।

मैं आपसे पूछूँ- एक चाकू है, यह उपकरण है या अधिकरण? आप कहेंगे- यह तो अधिकरण ही है, इससे किसी का खून किया जा सकता है, सब्जी, फल-फूल आदि काटे जा सकते हैं? पर क्या यह उपकरण नहीं बन सकता? प्राचीन काल में साधु जी शास्त्र लिखते थे किससे? कलम से और कलम किससे बनती थी? चाकू से। तो जो चाकू हिंसक भावना का प्रतीक माना जाता है, वही चाकू साधुजी के पास शास्त्र लेखन का सहायक बन

सकता है। चाकू से कलम भी बनती है और कतल भी होता है, फर्क है सिर्फ भावना का। कहते हैं कि बिल्ली जिन दांतों से चूहे को पकड़ती है, उन्हीं दांतों से अपने बच्चों को भी पकड़ती है। किंतु चूहे को पकड़ते ही खत्म कर डालती है, और अपने बच्चों को खरोंच भी नहीं आने देती। यह क्या बात है? बात यही कि भावना का फर्क है।

इसलिए मैंने आपको बताया कि इस संसार-प्रवाह में हमारी जीवन यात्रा चल रही है, इसमें समय-समय पर बाह्य वस्तुओं का उपयोग भी किया जाता है, किंतु उन वस्तुओं के साथ अपनी भावना को मलिन मत होने दो। वस्तु का उपयोग करते हुए भी ममत्व का गाढ़ बंधन मत जोड़ो। अपनी चिन्तन धारा को निर्मल एवं पवित्र रखो। वस्तु को अलग समझो, और स्वयं को अलग समझो। वस्तु को अपनी मत समझो। ज्ञानी पुरुष का यही लक्षण है-**''अन्तरगत न्यारा रहे जिम धाय खिलावे बाल।''** वह संसार में आवश्यक कार्य करता हुआ भी अन्तर में यह सोचता रहता है कि यह मेरा नहीं है, धन, परिवार आदि सब 'पर' हैं, एक दिन छूटने वाले हैं। जैसे कि धाय माता, आज की भाषा में 'नर्स' समझलो, बच्चे को नहलाती, धुलाती है, खिलाती है, दूध भी पिलाती है, पर कोई पूछे उससे कि क्या यह बच्चा तेरा है? तो कहेगी नहीं, मेरा नहीं है। तो तू क्यों इसको नहला रही है, दूध पिला रही है, और क्यों इसको गोदी में लेकर घुमा रही है? वह क्या उत्तर देगी? यही कि मेरी ड्यूटी है, मेरा कर्त्तव्य है। तो यही भावना आपके और हमारे मन में होनी चाहिए कि संसार में हिंसा, झूठ, परिग्रह आदि के कार्य हमें करने पड़ रहे हैं, वास्तव में ये हमारी आत्मा के उपकारी नहीं हैं। इस प्रकार के चिन्तन से, विचार से, ध्यान से आपकी आत्मा अन्तर में शांति का अनुभव करती रहेगी और मन प्रसन्न रहेगा।

सारांश यह है कि संसार में दुःख के कारणों को भी सुख में बदलने का साधन-भावना है। आचारांग सूत्र में यही बताया है कि-**''जे आसवा ते परिस्सवा''** (आचारांग 1.4.2) जो आस्रव हैं, कर्म बंध के हेतु हैं, वे निर्जरा के हेतु बन सकते हैं। पर कैसे? भावना से, ध्यान एवं चिन्तन से। इसलिए जीवन में भावना एवं ध्यान की महत्ता है, भावना एवं ध्यान के सहारे विष को अमृत बनाने की कला सीखी जा सकती है।

सुविचार

श्रीमती कंचन सुराणा

- जिन्दगी दो दिन की है। एक दिन आपके हक में, एक दिन आपके खिलाफ। जिस दिन हक में हो, गरुर ना करना एवं जिस दिन खिलाफ हो, सब्र कर लेना।
- बेहतर इंसान अपनी आदतों से जाना जाता है, वरना अच्छी बातें तो दीवारों पर भी लिखी होती हैं।

-सुराणा की बड़ी पोल, नागौर-341001 (राज.)

प्रवचन

समूह में जीने की कला : सामाचारी

आचार्यप्रवर श्री हीराचन्द्र जी म.सा.

परमश्रद्धेय आचार्यप्रवर श्री हीराचन्द्र जी म.सा. द्वारा 02 सितम्बर, 2012 को सामायिक-स्वाध्याय भवन, महावीर नगर, जयपुर चातुर्मास में फरमाए गए प्रस्तुत प्रवचन का आशुलेखन श्री अशोककुमार जी जैन, वरिष्ठ निजी सहायक, वन-विभाग, जयपुर ने किया है। -सम्पादक

आत्मगुणों को आत्मसात् करने वाले अरिहंत भगवन्त, उन्हीं गुणों को प्रकट करने के लिए भगवद् आज्ञा रूप सामाचारी का पालन करने वाले संत भगवन्तों के चरणों में कोटि-कोटि वन्दन करने के पश्चात्।

बंधुओं!

तीर्थंकर भगवान् महावीर की अंतिम आदेय अनमोल वाणी उसी तरह सदा याद रखने योग्य है, जिस तरह जीवन भर दी गई शिक्षा को कदाचित् पुत्र याद रख सके अथवा नहीं रख सके, परन्तु अंतिम समय में जो भोलावण, जो सीख, जो शिक्षा दी जाती है, उसको पुत्र ज़िन्दगी भर याद रखता है, उसको भूल नहीं सकता। उसी उत्तराध्ययन सूत्र की वाणी कहती है-

सामायारिं पवक्खामि, सव्वदुक्ख-विमोक्खणिं।
जं चरित्ता णं णिग्गंथा, तिण्णा संसारसागरं।।

मैं उत्तराध्ययनसूत्र की इस गाथा के आधर पर आपको आचार की, उस पद्धति के बारे में बताना चाहता हूँ जो सारे दुःखों का अंत करने वाली है। भले ही वह पद्धति निर्ग्रंथों को निर्देशित करके कही गयी हो। परन्तु गृहस्थ जीवन पर भी वह लागू होती है। तीर्थंकर भगवान् महावीर ने गौतम स्वामी को निर्देशित कर उपदेश दिये, गौतम बुद्ध ने आनन्द को निर्देशित कर उपदेश दिये। भगवान महावीर ने मात्र गौतम स्वामी के लिए, गौतम बुद्ध ने मात्र आनन्द के लिये ही नहीं कहा, अपितु सभी के लिये कहा। उत्तराध्ययनसूत्र के अनुसार समस्त दुःखों का अंत करने वाली है सामाचारी। आचार्य भगवन्त फरमाया करते थेः-

सबसे बढ़कर प्रेम है, उससे ऊपर नेम।
जा घर प्रेम न नेम है, वा घर कुशल न क्षेम।।

प्रेम इतना विस्तार कर गया है अपने लिये, परायों के लिये, छोटों के लिये, मोटों के लिये, एकेन्द्रिय के लिये, पंचेन्द्रिय के लिये, सबके प्रति प्रेम हो। जिस घर में प्रेम है वहाँ कोई नियम नहीं है वह कल्पातीत है। समूह में इतना प्रेम होता है कि छोटा बड़ों का काम करता है, बड़ा छोटे का काम करता है। कोई ईर्ष्या नहीं, कोई द्वेष नहीं, वहाँ कोई नियम की आवश्यकता नहीं। एवन्ता कुमार गौतमस्वामी को उनकी अंगुली पकड़ कर अपने घर गोचरी के लिये लाया है। वह उदारता से लाया है, माँ प्रसन्न हो रही है। पुराने समय में जयपुर का एक भी व्यक्ति संतों से क्षेत्र को फरसने के लिये विनति कर देता था तो संघ उसको स्वीकार कर लेता था। विनति करने के लिये संघ का अध्यक्ष, संघ का मंत्री गया अथवा नहीं गया, बड़ा व्यक्ति गया अथवा नहीं गया। एक भी व्यक्ति भावपूर्ण विनति कर देता तो संघ स्वीकार कर लेता। जिस घर में इतना प्रेम होता है, उस घर में नियम की आवश्यकता नहीं है। बड़ा आदमी राजा होते हुए भी बर्तन मांज रहा है, क्योंकि प्रेम है, जिस घर में अन्तरंगता है, सहिष्णुता है, एक दूसरे के लिये पूरक मानकर चला जा रहा है वहाँ नियम की जरूरत नहीं है।

जहाँ प्रेम नहीं वहाँ अपनत्व नहीं है। उस घर के लिये उस समूह के लिये नियम की, सामाचारी की जरूरत होती है। साधु-जीवन की जो दस सामाचारी हैं, वे गृहस्थ जीवन को भी सुन्दर बनाती हैं। उन दस सामाचारियों के आधार पर गृहस्थ जीवन के नियमों की बात कर रहा हूँ। **पहली सामाचारी है- 'आवस्सिया'**। अर्थात् घर से बाहर जाए तो आवश्यक कार्य से जाने की अनुमति लेकर जाए अथवा सूचना देकर जाए। जो लोग बुरा करने वाले हैं, जिन लोगों में कमियां हैं, जो सही मार्ग पर नहीं चल रहे हैं वे व्यक्ति 'आवस्सिया' कह ही नहीं सकते। जुआ खेलने वाला, व्यभिचार सेवन करने वाला, प्रतिष्ठा के प्रतिकूल कार्य करने वाला, कभी यह कह कर नहीं जाएगा कि मैं अमुक जगह जा रहा हूँ। आवस्सिया सामाचारी का पालन वो ही करेगा, जिसके जीवन में सच्चाई है, धर्म है, नीतिगतता है, नैतिकता है। जहाँ बुराई है वहाँ सामाचारी नहीं और जहाँ सामाचारी नहीं है वहाँ दुःखों का अंत नहीं है। सामाचारी नहीं वहाँ साख नहीं है। मारवाड़ी भाषा में कहूँ तो- लाख जावे साख रहे। साख रहेगी तो लाख मिल जाएगा। साख नहीं है तो सब कुछ राख हो जाता है। मैंने आचार्य भगवन्त के चरणों में रहते देखा अमुक सज्जन चीफ जस्टिस होते हुए भी बिना कहे घर से बाहर नहीं जाते थे। बड़ा भाई सामान्य स्थिति वाला था, छोटा भाई जस्टिस होते हुए भी बड़े भाई के पैर के हाथ लगाये बिना नहीं जाता था। सामाचारी कहती है कि गुरु छोटा है चेला बड़ा है अवस्था की दृष्टि से, पर गुरु बाहर जाने पर चेले से 'आवस्सिया' कहकर जावे। किसी का पिता सामान्य स्थिति वाला हो और बेटा

जज बन जावे, मंत्री बन जावे, मुख्यमंत्री बन जावे, फिर भी घर का नियम हो कि बिना कहे बाहर नहीं जाना। एक ही सामाचारी कहूँ जिसमें सारी सामाचारी समावेश की हुई है। जिसके मन में कुछ और है और बाहर में कुछ और है वह 'आवस्सिया' नहीं कर सकता। वह कदाचित् कह कर जाएगा तो नाम किसी जगह का लेगा और जाएगा किसी अन्य जगह।

साधु-जीवन की **दूसरी सामाचारी 'निसीहिया'** है। इसके द्वारा काम करके लौटने की सूचना दी जाती है। साधु जिस काम के लिये गया और उस काम को करके आए तो गुरु चरणों में निवेदन करे। वह काम करके आ गया हूँ। हो सकता है साधक जीवन में भिक्षाचरी, औषधि के लिये गया 5 मिनट का काम है 5 घंटे लग जावे, क्योंकि सूझती नहीं मिले, वर्षा आ जावे, देने वाला कहीं बाहर गया हो ऐसे घरों से देर से आ सकता है, गुरु को तब सोच करने की जरूरत नहीं। जो कहता कुछ है और करता कुछ है तब पूछना पड़ेगा- कहाँ गया? किससे लाया? सारे पारिवारिक दुःखों को मिटाने वाली सामाचारी है यह। इसका पालन करने वाला बुराई कर ही नहीं सकता। ''आवस्सिया निसीहिया'' कहने वाला बुराई नहीं कर सकता। कदाचित् बोध न होने से कोई आदत बुरी पड़ गई है, नहीं छूट रही है किन्तु घर से जाने एवं आने की पूरी सूचना देने वाले को गलत कार्य करने पर मन में ग्लानि होगी और धीरे-धीरे बुराई दूर हो जाएगी। बुराई नहीं टिकेगी, अगर वह वापिस आकर निस्सही कहता है तो। कहाँ पर गया 14 पूर्वधारी आनन्द भी प्रभु को सूचना देते थे। देर हुई तो बिना पूछे भी सारी बात कहते थे, आज यह घटना हो गई। घर में भी बाहर जाने वाला सदस्य लौटकर आने पर बताए कि यह काम करके आया हूँ। कहने वाला है तो समाधान हो जाएगा। इसलिये भगवान ने शब्द बताया 'सव्वदुक्खविमोक्खणिं।' सारी बुराइयों को खत्म करने वाली, सारे दोषों को समाप्त करने वाली है सामाचारी। सामंजस्य है, तो बड़े और छोटे का भेद नहीं है।

तीसरी सामाचारी है 'आपुच्छणा'। किसी भी कार्य में प्रवृत्ति करने से पहले गुरु से पूछना। एक भाई ने सुनाया म.सा. छोरे ने सगाई कर ली, शादी भी कर ली, म्हाने मालूम ही नहीं। धन्धा किया चार लाख का, घाटा लगा, पता नहीं ऐसा क्यों हुआ? वर्तमान में परिवार में बड़ों से बिना पूछे करने की आदत पड़ गई है। शास्त्र कह रहा है श्वासोच्छ्वास और पलक झपकने के अलावा कोई काम गुरु से बिना पूछे नहीं करे। पूछकर कार्य करने से अहंकार, दीनता, हीनता मिटती है। काम सिद्ध हो जाने पर बहुत सरलता से कहे, विनम्रता से कहे। काम नहीं होवे तो विनम्रता से कहे अमुक कारण से यह काम नहीं हुआ, इसमें मेरा कोई दोष नहीं है। आपने जैसा कहा, वैसा मैंने कर दिया।

साधक आपुच्छणा सामाचारी में गुरु से पूछे- **इच्छं णिओइउं भंते! वेयावच्चे व सज्झाए।** प्रातः अपने काम प्रारंभ करने से पहले शिष्य गुरु से पूछे भगवन्! मुझे आज क्या करना है? साधक के लिये दो ही काम बताये गये हैं:- 1. स्वाध्याय और 2. सेवा। जिस काम में गुरु शिष्य को नियुक्त करे उसी काम में लग जावे। यह नहीं कि शिष्य को अठाई करनी है, गुरु कह देवे अभी अवसर नहीं। मन में यह विचार नहीं लावे कि अमुक शिष्य तो दुबला पतला होते हुए भी उसे अठाई की स्वीकृति और मैं जब भी पूछूं तो मुझे कह देते हैं अभी अवसर नहीं है। मतलब क्या हुआ? पूछने की पद्धति समाप्त हो जाएगी। अगर हल्के रहना चाहते हो, स्वस्थ रहना चाहते हो, चिन्तन मुक्त रहना चाहते हो तो पूछ कर कार्य करो। घर में भी यही नियम लागू होता है। परिवार के मुखिया से पूछकर विशेष कार्यों में प्रवृत्ति करे। धन्धे की बात हो या भोजन बनाने की, पूछकर करने पर पिता या सासू से व्यवहार सुन्दर रह सकेगा।

चौथी सामाचारी है-'प्रतिपृच्छना'। भिक्षा के लिये जाने वाले शिष्य को कोई दूसरा शिष्य यह कह देवे कि मेरे लिये अमुक कपड़ा ले आना, मेरे लिये अमुक दवाई ले आना। जिस काम के लिये शिष्य जा रहा है यदि अन्य कोई शिष्य औषधि लाने, कपड़ा लाने का काम बतावे तो शिष्य पुनः गुरु के पास जाकर बतावे कि मुझे अमुक मुनि ने अमुक काम बताया है, जाने से पहले पुनः गुरु से पूछे। पुनः पूछने का अभिप्राय है कदाचित् वह कार्य किसी दूसरे मुनि ने कर दिया हो। अन्य किसी को उस कार्य के लिये आज्ञा प्रदान की गई हो। गृहस्थ जीवन में भी कार्य का मुखिया ने विभाजन सोच रखा हो या दिमाग में कोई अन्य बात हो तो परस्पर विचार-विमर्श से समाधान मिल जाता है।

पांचवी सामाचारी है 'छंदणा'। अपने लिये मिली हुई वस्तु के उपयोग हेतु दूसरे को निमंत्रित करना। यह सामाचारी- ईर्ष्या, द्वेष मिटाने वाली है। गुरु अपने किसी ज्ञानी शिष्य को प्रसन्न होकर कुछ दे, जो दूसरों को न दी गई हो, ऐसी वस्तु के लिए वह दूसरों को निमंत्रित करें। एक घर में चार बहुएँ थीं। एक लखपति घर की, दूसरी गुणवान, तीसरी रूपवान स्थिति की और चौथी सामान्य। सासूजी किसी बहू पर प्रसन्न होकर भेंट देती है तो जिस बहू को अमुक भेंट मिली तो अन्य किसी देरानी/जेठानी से पूछे कि मेरे पास तो यह चीज़ है, आपको चाहिये तो आप ले लो, तो देरानी/जेठानी के झगड़े नहीं होंगे। छोटे-बड़े का भेद कि यह अमीर घर की, मैं गरीब घर से हूँ, इसके लिये लापसी और मेरे लिए थूली- ऐसा विचार इस सामाचारी से समाप्त हो जाएगा। चन्दना अपने हक में अपने लिये मिली हुई वस्तु को दूसरों को देती है। समूह का जीवन चाहे श्रमण-श्रमणी का हो, श्रावक-श्राविका का हो अथवा वह जीवन किसी सद्गृहस्थ का हो। जो गृहस्थ घर में नियम के साथ रहता

है, उस घर में कूदकर मरने की, आत्महत्या करने की, घर छोड़कर चले जाने की घटना कभी नहीं होगी। कब नहीं होतीं ये घटनाएँ? जब बड़ा छोटों के प्रति प्रेम भाव, स्नेह भाव करता हो और छोटा बड़ों को सम्मान देता हो।

छठी सामाचारी है 'इच्छाकार'। कोई ज्ञान सीखना चाहता है तो विनम्रता के साथ कहे कि आपको साता हो, आपको अनुकूलता हो, आपके पास समय हो तो अमुक ज्ञान सीखना है। सामने वाला अवश्य सिखाने का भाव रखेगा। यदि कोई पुत्र विनम्रता के साथ अपने पिता से बात कहे तो कोई भी पिता बेटे की बात अवश्य सुनेगा। आपको अनुकूलता है, आपको समय है, आपको असाता तो नहीं होगी, मैं यह करना चाहता हूँ। इस प्रकार का भाव परिवार के व्यवहार में आ जाए तो कितना आनन्द होगा।

सातवीं सामाचारी 'मिथ्याकार' है। इसका तात्पर्य है हुई भूल के लिये खेद प्रकट करना पश्चात्ताप करना निर्दोष मात्र केवली भगवान होते हैं, छदमस्थ में दोष होते ही हैं। जाने-अनजाने में, सोचे समझे बिना कोई न कोई भूल हो ही जाती है। चलने वाले को धूल लगती है, करने वालों से भूल होती है। जहाँ सर्वज्ञता नहीं है, वहाँ भूल ही है। अतः भूल को, गलती को छुपाओ मत, झूठ मत बोलो, कारण कि एक झूठ को छिपाने के लिये 100 बार झूठ बोलना पड़ता है। भूल करेगा तो एक बुराई सौ बुराई को लायेगी। छदमस्थ कहते उसे ही हैं जो उपयोग नहीं रखने के कारण भूल कर बैठते हैं। अतः उसका खेद प्रकट करके समाधान करे। समाधान से बड़ी-बड़ी भूल भी धूल के साथ धुल जाती है। खेद के साथ निवेदन कर दे, किन्तु आज छोटी-छोटी भूल को छिपा कर बढ़ा रहे हैं। कमाने वाला पचास बार कमाता है, एक बार नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। चलने वाला 50 बार चलता है, कभी एक बार ठोकर भी खा सकता है। रोज खाने वाले को कभी वमन हो सकता है, दस्त भी हो सकता है, पर कारण मिटा दिया जाए तो खाना छोड़ने की जरूरत नहीं। खेद प्रकट कर लिया जाए, पश्चात्ताप कर लिया जाए, भूल स्वीकार कर ली जाए तो कार्य को छोड़ने की जरूरत नहीं है। जिसे शास्त्र की भाषा में 'मिच्छामि दुक्कडं' कहते हैं, वही मिथ्याकार है। मेरे से गलती हो गई है, मैं पश्चात्ताप करता हूँ। एक बार पश्चात्ताप कर लेने से फिर से वह भूल नहीं होगी।

आठवीं सामाचारी है 'तहक्कार' – गुरुदेव के वचनों को तहत्ति कह कर स्वीकार करे। अनुकूल प्रतिकूल सभी वचनों को हर्षित होकर आचरण में लावे। अनुकूल माने और प्रतिकूल नहीं माने तो कभी करणीय कार्य की भी अनुज्ञा नहीं मिलती है, लेकिन जो बड़ों की आज्ञा को स्वीकार कर चलते हैं उसे सहर्ष आज्ञा मिलेगी। तपस्वी को तपस्या की, ज्ञान वाले को ज्ञान की, सेवा करने वाले को सेवा करने की। शास्त्र की भाषा में यदि गुरु यह कह

दें कि कौआ सफेद होता है तो गुरुदेव ने कहा तो सही होगा। समझ में नहीं आने पर बाद में गुरु से पूछ सकता है। एक बार तो स्वीकार कर ले। सांप की बांबी पर अंगुली कर सो जावे तहत्ति आज्ञा। सेना की परेड में यदि सैनिक को सेनाध्यक्ष निर्देश कर दे कि खाई में, कीचड़ में सोना है, तो देश का रक्षण करने वाला सैनिक वह कर सकता है। गुरुदेव तो आत्मा से परमात्मा बनने में बाधक दोष दूर करने वाले हैं। अतः उनकी आज्ञा स्वीकार कर चलना चाहिए। इसी प्रकार परिवार में परिवार के मुखिया का आदर होना चाहिए। **'अभ्युत्थान' नौंवी सामाचारी है।** बड़ों के आने पर हाथ जोड़, सिर झुकाकर आदर सत्कार करे, सम्मान करे, विनयभक्ति करे। इस नियम से बड़ों के प्रति कभी गलत व्यवहार नहीं होगा।

दसवीं सामाचारी 'उवसंपया' है– जीवन विकास का आगम सूत्र है। अगर अपने जीवन को ऊपर उठाना चाहते हो तो बड़ों के पास बैठें। बड़ों के पास बैठने से मस्करी नहीं होगी, मज़ाक नहीं होगी, जीवन का विकास करेंगे। अच्छी संगति करें। बड़ों के पास, सज्जनों के पास बैठें। बड़ों के पास बैठने से पहली बात तो बुराई आयेगी ही नहीं और बुराई होगी भी तो बड़ों के संसर्ग से दूर हो जाएगी। अच्छा से अच्छा व्यक्ति है, लेकिन कुसंगति में बैठता है, उसमें बुराई नहीं भी है तो बुराई आ जाएगी। कोयले की दुकान पर बैठे हो, तो कालापन आ ही जायेगा और गंधी की दुकान पर बैठेंगे तो एक पैसा भी खर्च नहीं किया तब भी वहाँ बैठने से अच्छी गंध पायेगा, जीवन का विकास कर लेगा। श्रमण या श्रमणी श्रावक या श्राविका जो भी समूह में रहने वाला सद्गृहस्थ है, जिन घरों में इस सामाचारी का पालन होता है ऐसे नियम के साथ घर चलता है वह निश्चित ही तीर्थंकर भगवान की भाषा में सभी दुःखों का अंत कर लेता है, सभी सम्पदाओं का स्वामी होता है। प्रीति से सबका सर्वमान्य बनता है। कदाचित् सभी नियमों का पालन हो सके तो एक ही बात याद रखना हमेशा अपने से बड़ों के पास बैठना। इस एक सूत्र को लेकर चलने से उस परिवार में, समूह में, समाज में शान्ति, समाधि होगी। वह सामान्य से सर्वमान्य बन जाएगा।

ज्ञान के इस आचरण की सम्पदा को अपने जीवन में ढाल कर दूसरों को सिखाकर हर व्यक्ति के जीवन में आचरण की बात रखेंगे तो सुनना सार्थक होगा। ''दीप से दीप जले'' की कहावत के अनुसार एक ज्ञानी पूरे गांव को ज्ञानी बनाने वाला बन सकता है, ऐसे आचरण को जीवन में उतारेंगे तो शान्ति समाधि को प्राप्त करेंगे।

संशोधन

अगस्त 2012 के जिनवाणी अंक में तत्त्वचिन्तक श्री प्रमोदमुनि जी म.सा. के प्रवचन में पृ. 16, पंक्ति 19 पर ''सातवीं नरक'' के स्थान पर ''प्रथम नरक'' पढ़ा जाए।

प्रवचन

धर्मो रक्षति रक्षितः

तत्त्वचिन्तक श्री प्रमोदमुनि जी म.सा.

तत्त्वचिन्तक श्री प्रमोदमुनि जी म.सा. द्वारा 13 जुलाई, 2012 को सामायिक-स्वाध्याय भवन, महावीर नगर, जयपुर में चातुर्मास के अन्तर्गत फरमाए गए प्रवचन का आशुलेखन श्री अशोक कुमार जी जैन, वरिष्ठ निजी सहायक, वन-विभाग जयपुर ने किया है। **-सम्पादक**

षट्काय के जीवों की रक्षा कर अनुपम सुरक्षा प्रदान करने वाले सर्व जीव-रक्षक अनन्त-अनन्त उपकारी वीतराग भगवन्त और रक्षा करने वालों का नेतृत्व करने वाले संघ के रक्षण में सतत जागृत आचार्य भगवन्त के चरणों में वन्दन करने के पश्चात्।

"धर्मो रक्षति रक्षितः" जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। धर्म की रक्षा माने क्या? मिली हुई स्वाधीनता का दुरुपयोग नहीं करना धर्म है। दुरुपयोग नहीं करने से ही सामर्थ्य और शक्ति प्राप्त होती है। शक्ति को पाकर उसका दुरुपयोग करने वाला प्राणी पुनः रसातल में चला जाता है। अपने को असुरक्षित मानकर प्राणी सुरक्षा के लिये पुद्गल की ओर झांकता है। पैसे से, परिवार से, परिजनों से, पुत्र-पौत्रों से सुरक्षा की अपेक्षा करता है। साधनों की दौड़ में कितना भयभीत है प्राणी, सुरक्षा के साधन कितने निष्फल से होते जा रहे हैं।

अनुभवी श्रमणोपासक ने कहा-"हम मौत से चार अंगुल के फासले पर चलते हैं। महानगरों की तेज गति से दौड़ती जिन्दगी, राजमार्ग पर जरा सा स्टीयरिंग ज्यादा घूम जाए तो जीवन जोखिम में चला जाए। सुना था इसी जयपुर में श्रेणीबद्ध अनेक बम विस्फोट हुए थे। एक भाई साहब कहने लगे "हमारी कार जौहरी बाजार के उस स्थल से निकली ही थी कि भीषण बम विस्फोट हो गया, कुछ सैकिन्ड का ही अंतर था।" कौन कर रहा है आपकी रक्षा? पूर्व में आपके द्वारा जाने-अनजाने में की गई जीव रक्षा- जिसे यूं कहा जाए, आपके द्वारा प्राप्त सामर्थ्य का दुरुपयोग नहीं किया गया, प्राण-भूत-जीव एवं सत्त्व को दुःख नहीं दिया गया, काया-वचन-मन के अशुभ योग का प्रवर्तन नहीं किया गया, पाँच इन्द्रियों के विषयों में राग-द्वेष नहीं किया गया। इस निषेधात्मक धर्म की पालना हुई, रक्षा हुई, उस रक्षित धर्म ने आपकी रक्षा की, **"धर्मो रक्षति रक्षितः"** के रूप में ऊपर कथित को हृदयगंम कर लिया जाए। जिससे जिन कारणों से आप यहाँ रक्षित होकर विराजे हैं, अभी

क्या उसके रक्षण की तैयारी है? केवल **बाहरी साधनों से आपनी रक्षा मानकर उन्हीं की हाय तौबा में, उन्हीं के लिये भागदौड़ कर दूसरे जीवों की रक्षा का हरण कर आज प्राणी रक्षा के स्वप्न देख रहा है। परिणाम ''ढाक के तीन पात''।** भगवान महावीर केन्सर अस्पताल की देखरेख करने वाली बहन अनिला जी कोठारी सुनाती हैं। पहले धर्म में कोई रुचि नहीं थीं, सामायिक आदि क्रियाएँ अच्छी नहीं लगती थीं। सेवा का शौक जरूर था, उसी के कारण अस्पताल में सेवा करने लगी, पर महाराज! विकट वातावरण- असहाय वेदना, पीड़ा, छटपटाहट और रोज की 8-10 मौतें। इससे जीवन की सच्चाई ध्यान में आने लगी, अभी थोड़ा-थोड़ा धर्म अच्छा लगने लगा। ये रोग, ये वेदना, ये मौत, ये अरक्षा। इस पर गत दिनों में चर्चा कर ली गई। भगवती सूत्र शतक 1 उद्देशक 2 के प्रारम्भिक सूत्र में ''सयं कडं दुक्खं वेएइ'' स्पष्ट कह रहा है कि किसी और ने पैदा नहीं की है यह समस्या, हमने ही पैदा की है। कोई समस्या आज आ रही है, किसी का काल परिपक्व नहीं हुआ, इसलिये अभी संचित है, अन्तर में, सत्ता में पड़ी हुई है। उसका वेदन नहीं हो रहा है, पर किया स्वयं ने ही है। स्मृति में बना रहे-''सयं कडं दुक्खं।''

कैंसर हो या टी.बी., ट्यूमर हो या बी.पी.,
झगड़े का कारण, पतिदेव बने या बीबी।

ये निमित्त मात्र हैं, मूलतः ''सयं कडं दुक्खं''। मरने वालों को देखकर भी पूरी जागृति कहाँ आती है, इन अरक्षितों से रक्षण कैसा? उत्तराध्ययन सूत्र के बीसवें अध्याय में अनाथी मुनि राजा श्रेणिक को इसी अरक्षा से सावधान कर रहे हैं-''**अप्पणा वि अणाहो सि....।** जो स्वयं ही अनाथ है। इसी उद्देशक में आगे पुद्गलों के चय, उनकी वर्ण स्थूलता, लेश्या, वेदना और क्रिया की चर्चा आई है। जड़ के साथ जकड़ा हुआ है जीव, जड़ के द्वारा पकड़ा हुआ है जीव।

एक व्यक्ति अधिक पुद्गल ग्रहण करता है, फिर भी उसे शक्ति कम प्राप्त होती है तथा कोई व्यक्ति कम पुद्गल प्राप्त करके भी अधिक शक्ति प्राप्त कर लेता है। रूई की अपेक्षा लोहे के छोटे अंश में अधिक शक्ति हो सकती है। पुद्गल भले कम ग्रहण करे किन्तु शक्ति अधिक होना संभव है। नरक गति से आये हुए व्यक्ति को क्रोध अधिक आता है। तिर्यंच गति से आए मनुष्य को भूख ज्यादा लगती है। मनुष्य गति से आए मनुष्य को अहंकार एवं मैथुन ज्यादा होता है। देव गति से आए मनुष्य को लोभ और परिग्रह की भावना अधिक घेरती हैं। महत्त्व होता है पाप के त्याग का। मासखमण सब नहीं कर सकते,

अट्ठाई सब नहीं कर सकते, परन्तु झूठ बोलना सब त्याग सकते हैं।

समता के साथ वेदना को सहन कर लिया जाए तो पाप घटता चला जाता है। वेदना कई प्रकार की होती हैं। कभी अल्प वेदना होती है तो कभी महावेदना होती है। जीव दोनों स्थितियों में समता में रहकर धर्म का पालन करता है तो धर्म उसकी रक्षा करता है। हमारा पुनीत कर्तव्य है कि हम बच्चों को धर्म की शिक्षा दें, उन्हें संस्कारित बनाएँ। जब तक बच्चों में संस्कार नहीं आएँगे तब तक पाप की प्रवृत्ति बढ़ती रहेगी पुद्गल के साथ सम्बन्ध बना रहेगा। पुद्गल की आसक्ति तोड़ना ही पुद्गल के सम्बन्ध से मुक्त होने का उपाय है। किन्तु आज व्यक्ति पुद्गलों के संग्रह में लगा है और उनके संग्रह से अपनी सुरक्षा मानता है। यही इसकी भूल है।

छोटे बालक तो फिर भी संस्कार शिविरों में आ जाते हैं, किन्तु 15 से 25 वर्ष तक के युवक-युवतियों का संस्कार शिविर लगाने की महती आवश्यकता है। क्योंकि भटकाव की स्थिति इसी उम्र में अधिक बनती है। इसी उम्र में वे अधर्म के मार्ग पर चल पड़ते हैं और समझाने पर भी धर्म को स्वीकार नहीं कर पाते हैं। जो धर्म को स्वीकार कर उसका पालन करता है वह स्वयं धर्म के द्वारा रक्षित हो जाता है।

मिथ्यादृष्टि अपनी रक्षा बाहरी साधनों से करता है, वह दोष दूसरों पर डालता है। ''सयंकडं दुक्खं'' को स्वीकार नहीं करता। व्यक्ति अवस्था परिस्थिति की अनुकूलता पर फूलता है, प्रतिकूलता पर झूरता है। आगे क्रिया के वर्णन में उसकी दो क्रियाएँ कही हैं, पर यहाँ वेदना में अल्प वेदना कही।

दुःख का कारण बाहर से मानकर वह वर्तमान में कुछ हल्का हो जाता है दूसरों से रक्षा की आशा में उसका दुःख कुछ कम हो जाता है। उसमें अनिदा-अव्यक्त वेदना कही, अल्प वेदना कही शास्त्रकारों ने। पर यह दुःख किसी और ने पैदा नहीं किया। **''अप्पा कत्ता विकत्ता य'' ''सयं कडं दुक्खं''** आदि सूक्त उसकी अन्तरात्मा से उद्भूत होते हैं। बाहर के दुःख में समता रखने का प्रयास रखते हुए भी सामने वाले को दोषी नहीं ठहराते हुए अपने कृत कर्म के कारणभूत अपने दोषों का चिन्तन करते हुए दोषीपने से, अपने दोष सेवन से वह घोर दुःखी होता है। बाहर का दुःख उसके लिए **निदा-** व्यक्त वेदना महावेदना के लिये वर्णित हुआ। वर्तमान में वह सामने वाले में दोष नहीं देख रहा, उसे उसमें अपना प्रेम ही प्रतीत हो रहा है, अपना हित ही अनुभूति में आ रहा है, वह उसे अपना उपकारी ही मान रहा है। **''मित्ती मे सव्वभूएसु'' ''अप्पसम मनिज्ज छप्पिकाए''**

''सव्व भूयप्पभूयस्स आयतुला पयासु'' उसके जीवन से प्रतिबिम्बित हो रहे हैं। उसकी सोच सही है,उसकी दृष्टि सम्यक् है- इसलिये महावेदना पर मिथ्यात्व की क्रिया नहीं, आगे के लिये गाढ़ा बन्धन नहीं।

शरीर स्थूल हो या सूक्ष्म, आहार कम हो या ज्यादा, श्वास लम्बे हों या छोटे, वर्ण काला हो या गोरा, द्रव्य लेश्या अवस्थित हो या परिवर्तित, वेदना कम हो या ज्यादा, किसी भी स्थिति में ''सयं कडं दुक्खं'' के विपरीत जाने वाला संसार बढ़ाता है। पुद्गल की आसक्ति से अधिक अरक्षित होता चला जाता है। ''सयं कडं दुक्खं'' के पश्चात् के सूत्र में वर्णित यह विवेचन आत्म-साधना की विशेष प्रेरणा प्रदान कर रहा है। इसे केवल उन जीवों की आयु, शरीर आदि की जानकारी मानकर नहीं छोड़ देना है, मुझे इसमें अपने जीवन को टटोलना है, अपनी विचारधारा को सम्यक् करना है। विचारधारा सही प्रवाह में चलने लगी तो मिली हुई स्वाधीनता का दुरुपयोग नहीं होगा। बल का दुरुपयोग नहीं होगा, हिंसा नहीं होगी। इन्द्रियों का दुरुपयोग नहीं होगा, असंयम नहीं होगा, इच्छा शक्ति का दुरुपयोग नहीं होगा, कामना नहीं होगी। हिंसा नहीं, अहिंसा; अस्तेय नहीं, संयम; कामना नहीं, इच्छा-निरोध-तप होगा। अहिंसा, संयम, तप यही तो धर्म है, यही तो हमारा रक्षक है। मिले हुए का दुरुपयोग नहीं, कितनी सुन्दर प्रेरणा है इस उद्देशक की। दुरुपयोग से आगे के दुःखों का आह्वान होगा, अतीत के दुरुपयोग से प्राप्त दुःख को जानकर, अपनी भूल को पहचानते हुए, दुरुपयोग नहीं करने पर ही हमारा कल्याण संभव है।

संवर-निर्जरा, संयम-तप रूपी धर्म के द्वारा अपनी रक्षा करें, इसी मंगल भावना के साथ।

अभिमत

जिनवाणी संवत्सरी अंक प्राप्त करके, पढ़कर के अत्यन्त प्रसन्नता हुई। इतने सुन्दर, यथार्थ संशोधन करने के लिए कोटि-कोटि धन्यवाद। आपश्री ने जो उपकार किया है, वह जिनशासन के लिए अत्यन्त चिन्तनीय है। शायद आपश्री ने अन्य संशोधकों के लिए एक अपूर्व द्वार खोल दिया है। खास तो लेखन की शैली अत्यन्त रोचक, सौम्य, मधुरता से पूर्ण जिनशासन के लिए अत्यन्त हितकारी संगठन बढ़ाने वाली होने से पढ़ने वाले को हर्ष उत्पन्न करने वाली है। संपूर्ण गुजरात-सौराष्ट्र एवं कच्छ आपश्री के विचारों के साथ ही है। आपश्री का शुभ प्रयास जिनशासन के लिए गौरवप्रद है।

-श्री सरदारमुनि जी, गच्छाधिपति, बरवाला संप्रदाय-गुजरात

(दिनाँक 28 जुलाई, 2012, उमराला-जिला-भावनगर, गुजरात)

प्रवचनांश

समय का सच

श्री पुखराज जैन

साध्वी-प्रमुखा, शासन-प्रभाविका महासती श्री मैनासुन्दरी जी म.सा. द्वारा घोड़ों के चौक स्थानक में 19 अगस्त, 2012 को फरमाए गए प्रवचन से लिए गए अंश का संकलन श्री पुखराज जी जैन (मोहनोत), जोधपुर ने किया।-सम्पादक

देश व समाज के अग्रणी लोग चाहे वे नेता हों या मुखिया; यदि नेक कार्य में, धर्म-कार्य में, देश व समाज सुधार के कार्यों में स्वयं पहल करें तो विश्वासपूर्वक कह सकती हूँ कि देश, धर्म एवं समाज के उद्धार, उन्नति व प्रगति में सफलता मिल सकेगी। मेरे बैंगलोर चातुर्मास का एक प्रसंग यही सिद्ध करता है। मैंने प्रवचन में उपस्थित श्रोता भाई-बहनों से पाँच सौ एक (501) पौषधोपवास या संवर-दया करने की बात कही। यह प्रसंग रत्न संघ व जैन समाज के पूर्व महापुरुष आचार्य भगवंत श्री शोभाचन्द्र जी म.सा. की पुण्य-तिथि के अवसर का है। सभी ने सुना। आपस में कहा-सुनी, बातचीत, चर्चा होने लगी। वातावरण तैयार होता दिखाई देने लगा। तभी व्याख्यान श्रवण के लिए जो श्रावक वहाँ उपस्थित थे, उनमें से एक श्रावक जी खड़े हुए और बोले-"महासती जी! आप तो पाँच सौ एक व्रत-प्रत्याख्यान के लिए फरमा रही हैं, पर मेरा यह निश्चित मत है कि यहाँ के धर्मप्रेमी श्रावक-श्राविका इससे कहीं अधिक संख्या में प्रत्याख्यान कर सकते हैं, यदि संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष आदि बड़े अधिकारी स्वयं पहल करें और दया, उपवास आदि के प्रत्याख्यान लें। शायद आपकी मांगी से दुगुनी संख्या आ जाए और गिनती तीन बिन्दियों से आगे निकल जाए।"

श्रावक जी तो यह कह कर बैठ गए। मैंने भी सोचा- शायद यह बात सही निकले। पदाधिकारियों से बात की। प्रेरित किया उन्हें मैं इसे गुरुदेव की कृपा ही समझती हूँ कि कई पदाधिकारी सहमत हो गए। लगभग पाँच या इससे अधिक पदाधिकारियों ने वहीं तुरन्त स्वीकृति दे दी। इसके पश्चात् तो बहुत सुन्दर वातावरण बना और पूज्य शोभाचन्द्र जी म.सा. की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में कुल लगभग ग्यारह सौ पचपन दया, उपवास, पौषधादि हुए। नेता, अग्रणी, मुखिया आगे आकर स्वयं कुछ अच्छा करें तो समाज निश्चित ही आगे बढ़ेगा। यही आज के समय का सच है।

-10/567, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर (राज.)

कविता

नाम में क्या धरा है

डॉ. महेन्द्र भानावत

बार-बार तुमने मेरा नाम पूछा
मैं क्या बताऊँ मेरा नाम
नाम तो श्री भगवान का
क्या धरा है मेरे नाम में!
कई नाम रहे होंगे मेरे पिछले जन्मों में।
मैं कई जन्मों का संस्करण हूँ
वे सब जन्म छाया की तरह लुके हैं मेरे साथ
जो दिखाई नहीं देते, वे अदृश्य में
संस्कार, शील और स्मृतियों से पूरते हैं मुझे
परिपूर्ण करने की कोशिश करते हैं।
मैं फिर इस जनम में उलझ गया हूँ
इसलिए तो कहा है-
जनम-जनम का फेरा रे
मैं कहाँ-कहाँ पर डालूँ अपना डेरा रे
सब यहीं पड़ा रह जाना रे
मिट्टी हो या खजाना रे
क्या तेरा क्या मेरा रे
जनम-जनम का फेरा रे.....।
मैं इस जनम में ही कई नामों से गुजरता रहा हूँ
अब मैं अनाम होना चाहता हूँ
अगली अन्तहीन यात्राओं के लिए।
वे सब लोग जिनमें से आधे अब नहीं रहे
जब भी मिलते हैं
मुझे उन्हीं नामों से पुकारते हैं
और मैं उन सब नामों से बोलता हूँ
जानता हूँ- नाम में क्या धरा है।

-353, श्री कृष्णपुरा, उदयपुर-313001 (राज.)

English-Section

Harmony and Peace: A Jain Perspective*

Prof. Sagarmal Jain

Honorable Saints, Respectable Chairperson, dignitaries on the dais, scholars, sisters and brothers,

I am really thankful to the authorities of Ramkrishna Mission, Delhi for inviting me to say some words before this august gathering regarding to peace and harmony as a bare necessity of our age from Jain perspective as well as the perspective of Swami Vivekananda.

Harmony and Peace: Need of our Age

Among the most burning problems, the world is facing today; mental tension religious fundamentalism and intolerance are the most crucial. The miraculous advancement in science and technology provided us light legged means of transportaion and communication. As a result physical distances have no bars to meet the peoples of different nations, cultures and religions. Our world is shrinking, but unluckily and disdainfully the distances of our hearts are widening day by day. Instead of developing mutual harmony and faith, as well as peace we are spreading hatred and hostility and thus ignoring the values of harmonious living and co-existence. The blind and mad race of nuclear weapons is a clear indication that the human race is proceeding towards its formidable funeral procession. Rabindranath Tagore rightly observed "For man to come near to one another and yet to ignore the claims of humanity is the sure process of suicide." In the present circumstances, the only way out left for the survival of mankind is to develop a firm belief in mutual co-operation and co-existence. Religious harmony and fellowship of faiths is the first and foremost need of our age.

Humanity as a Binding Force

Undoubtedly, we belong to different faiths, religions and cultures. Our modes of worship as well as way of living also differ to some extent.

* A lecture given in world meet for Peace and Harmony at Ramkrishna Asharama, New Delhi on 11th Sept. 2012

There is also no denying the fact that our philosophical approaches and religious viewpoints are divergent, but among these diversities there-is a common thread of unity which binds all of us, and it is nothing except humanity. We all belong to the same human race. Unfortunately, at present, humanity as such is largely shoved into the background and differences of caste, colour and creed have become more important for us. We have forgotten our essential unity and are conflicting on the basis of these apparent diversities. But we must bear in our mind that it is only humanity, which can conjoin the people of different faiths, cultures and nationalities. Jaina ācāryas declared the human race as one (ega manussajai). Swami Vivekananda also propounds oneness of human race on the basis of the upnisadic vedant. The difference of caste, culture and creed are not only superficial but mostly they are the creation of man.

The second and foremost problem of human race is, the advancement in all the walks of life and knowledge could not sublimate our animal and selfish nature. We have already forgotten the devine aspect of humanity. The animal instinct lying within us is still forceful and is dominating our individual and social behavior and due to this our life is full of excitements, emotional disorders and mental tensions. The more advanced a nation, stronger the grip of these evils of our age over it. The single most specific feature by which our age may be characterized is that of tension. Now a day not only the individuals, but the total human race is living in tension.

Though outwardly we are pleading for peace and harmony, yet by heart we still have a strong faith in the law of the jungle, i.e. the dictum "might is right". We are living for the satisfaction of our animal nature only, though we talk of higher social and spiritual values. This duality or the gulf between our thought and action is the sole factor disturbing our inner as well as outer peace. Once the faith in higher spiritual values or even in our fellow beings is shaken and we start seeing each and every person or a community or a nation with the eyes of doubt, definitely, it is the sign of disturbed mentality or in other words living in tension.

Because of materialistic and mechanical outlook, our faith in spiritual values has been destroyed and when the mutual faith and faith in higher values of co-operation and co-existence in other words

harmony or peace is destroyed, doubts take place. The doubt causes fear, fear gives birth to tension or to violence and violence triggers violence. The present violence is the result of our materialistic attitude and doubting nature. The most valuable thing, for human race to achieve is harmony and peace, which has lost in the present situation. Lord Mahavira and Swami Vivekananda both have fully tried to establish the higher values of peace and harmony in human race.

Meaning of Peace in Jainism

The term 'peace' has various connotations. It can be defined in different ways from different angles. Intrinsically peace means a state of tranquility of mind. It is the state in which self rests in its own nature, undisturbed by external factors. Peace means soul devoid of passions and desires. Ācārāṅga mentions that an aspirant, who has attained peace has no desire. Peace means cessation of all desires and expectations. Sūtrakṛtāṅga equates it with 'Niravana' i.e. the emancipation from all desires, in other word; it is the state of self-contentment or total subjectivity i.e. the state of pure seership. Ācārāṅga maintains that one who is aware of peace will not fall in the grip of passions. While defining peace, Saint Thomas as Aquinas has rightly maintained the same view. He says, 'peace implies two things first our self should not be disturbed by external factors and secondly. our desires should find rest in one i.e. the self. This inner peace can also be explained from negative and positive view-points. Negatively, it is the state of the cessation of all the passions and desires. It is the total freedom from the vectors of attachment and aversion. Positively, it is the state of bliss and self contentment. But we must remember that these positive and negative aspects of inner peace are interdependent on each other, they are like the two sides of the same coin and they can not exist without each other. We can only distinguish them but not divide them. The inner peace is not mere an abstract idea, but it is something, which is whole and concrete. It represents our infinite self or Ātaman. Thus, here we have discussed regarding the inner peace. We must know that without this inner peace or spiritual peace, external peace or the peace in society is not possible. If we want to talk about world- peace, we must remember that without this spiritual peace world-peace is not possible.

Without this inner spiritual peace to talk about the world peace will be mere seeing a dream.

Now we turn to the external peace or the peace of human society. While the inner peace is the peace of our self, external peace is the peace of human society. We can also define it as environmental peace. In Jainism, the Prakrta word 'Khanti' & Saṁskṛta equivalent Kṣanti, also means forgiveness. In Sūtrakṛtāṅga, among ten virtues the first and foremost is forgiveness, which is the basic need for social peace in other words harmonious living in society. It is the state of cessation of wars and hostilities, among individuals and among individuals and society, different social groups as well as nations on the earth. So far as this outer peace or the peace of the society is concerned, it can also be defined in both ways negatively as well as positively. Defined, negatively it is the state of cessation of wars and hostilities and if defined positively, it is the state of harmonious living of individuals as well as societies and nations. It is the state of social co-operation and co-existence. But we must be aware of the fact that the real external peace is more than non-war. It is a vital peace. It is the state, free from mutual doubts and fears. Absence of actual war, does not mean the state of peace. It is not the state of peace, because where there is the nation of disgust and fear exist, the war exists. In modern world we term it as cold war. War is war, whether it is cold or actual, it disturbs the peace of individual and society. Real external peace is only possible, when our hearts are free from disgust and fear and each and every individual has firm faith not only in the dictum 'Live and Let Live', but to 'Live for others'.

According to Jaina Philosopher Umasvati-'By nature living beings are made for each other, (Parasparopagrho jīvānāṁ)'. So long as our heart are full of disgust and fear and we do not have full control on our selfish animal instincts as well as firm belief in the values of mutual co-operation and co-existence, real social peace on earth will no be possible.

Real peace dawns only if our hearts are full of universal love, which is something different from mere attachment or common good because for Jainas as well as for swami Vivekananda, attachment is always linked with aversion. But universal love is based on the concept

of equality of all beings and firm faith in the doctrine that by nature living beings are made for each other. We must also be aware of the fact that this external or environmental peace depends on the mental peace of individuals, since, our external behaviors is only an expression of our inner will and attitude towards life. Thus, these various aspects of peace are not mutually exclusive but inclusive. When the peace of society or in other words the environmental peace disturbed, the inner peace of the individual is disturbed and vice-versa. In my humble opinion hostilities and wars are the expressions and outcomes of sick mentality. It is the aggressive and selfish outlook of an individual or a society or a nation that gives birth to confrontations among individual-minds, individual and society as well as different social or religious groups and nations. At the root of all types of confrontations and wars, which disturb our environmental peace, there lies the feeling of discontentment as well as will for power, possession and hoarding. Thus social disturbances, conflict and confrontations are only symptoms of our mental tensions or sick mentality.

In fact, the peace of society depends on the psychology or mental make-up of its members, but it is also true that our attitude towards life and our behavioral pattern is shaped by our social environment and social training. The behavioral pattern and mentality of the members of non-violent society will surely be different from that of a violent society. While on the one side social norms, ideals and conditions affect the mental make-up and behavioral pattern of the individual, on the other side there are also individuals, who shape the social norms, ideals and conditions.

Though it is correct that in many cases disturbed social conditions and environmental factors may be responsible for vitiating our mental peace, yet they can not disturb the persons of strong spirituality. According to jainism spiritually developed soul remains unaffected at his mental level by external factors. But on the other hand disturbed mental state necessarily affects our social and environmental peace. Thus for Jainas the inner peace of the soul is the cause and social conditions are effect. Modern tension theory also supports this view. A book namely "Tension that causes Wars" tells us that economic

inequalities, insecurities and frustrations create groups and national conflict, but for Jainas economic inequalities and feeling of insecurities can not disturb those persons, who are spiritually self-contented and free from doubts and fears. So far as the frustrations are concerned they are generated by our ambitions and resentments and can be controlled only by extinction of desires and passions. There fore, we must try first to retain inner peace or the peace of self.

In Jaina texts, we find certain references about the importance and nature of peace. In Sūtrakṛtāṅga, it is said that "as the earth is the abode for all living beings so the peace is the abode for all the enlightened beings of past, present and future." These souls having attained the spiritual heights always rest in peace and preach for peace. For Jainas as well as Swami Vivekanand peace means the tranquility or calmness of mind and so they equated the term peace (Śānti) with the term equanimity or samata. For them peace rests on mental equanimity and social equality. When mental equanimity is disturbed, inner peace is disturbed and when social equality is disturbed external or social peace is disturbed. Jainism as a religion is nothing but a practice for mental equanimity and social equality. For the same, they use particular prakrta word "sāmāiay" (samata), the core principal concept of the Jainism. It is the pivot around which the whole jainism revolves. In English, the term Sāmāyika connotes various meaning such as equanimity, tranquility, equality, harmony and righteousness, indifferent contexts. Sometimes it means a balanced state of mind undisturbed by any kind of emotional excitement, pleasure or pain, achievement and disappointment, sometimes it also refers to the personality, completely free from the vectors of aversion and attachment, i.e. a dispassionate personality. These are the intrinsic definitions of "Samata or Śānti". But when this word is used extrinsically it means the feeling of equality with all the living beings and thus it conveys social equality and social harmony.

Harmony

Peace without harmonious living is impossible and this harmonious way of living depends on the three basic principles of jainism i.e. non-violence (ahiṁsa) non-absolutism (Anekānta) and non-

possessiveness (Aprigraha). Non violence means that every living being has a full right to live on this earth' no body has any right to disturb his peace and existence. It is the regard for all the forms of life. Non absolutism means that we should pay equal regard to others ideologies, faiths and religions. Non possessiveness menas that one can have a limited right to use the gifts of the nature or worldly things but not ownership on them, the others also have an equal right to use them. Thus Jainism as well as Swami Vivekananda presents a way of harmonious and peaceful living on the earth.

Now a days we have not only denied accepting social and religious check-post, but we have also denied natural check-post. Now our life has only accelerator and no brake. Our ambitions and desires have no limits, they always remain unfulfilled and these unfulfilled desires (Kama and Krodha) create frustrations or resentments which are the cause of our mental tensions. Thus we are deprived of mental peace and happiness as well as harmonious living. Thus in this age of science and technology we need the peace and harmony as an only alternatives for the survival of mankind. *-Director, Prachya Vidya Peeth, Shajapur (M.P.)*

जिनवाणी पर अभिमत

श्रीमती आशा गलुन्डिया

माह अगस्त 2012 की जिनवाणी में लेख पढ़कर अत्यन्त आनन्द की अनुभूति हुई। वास्तव में यह अतिशयोक्ति नहीं होगी यदि यह कहूँ कि यह गागर में ज्ञान का सागर है।

आपका कर्मसिद्धान्त पर सम्पादकीय, तत्त्वचिंतक श्री प्रमोद मुनि जी म.सा. का प्रवचन "आत्मालोचन से होती है आत्मशुद्धि", डॉ. मुन्नी पुष्पा जैन "क्षमाः सुख शांति का प्रशस्त मार्ग" आदि लेख प्रासंगिक हैं, आत्मानुभूति व आत्मचिंतन करवाते हैं साथ ही जीवन को सही दिशा भी प्रदान करते हैं।

दुःख स्वकृत है परकृत नहीं; संवर एवं निर्जरा तथा शुभ एवं अशुभ कर्म के सिद्धान्तों को सम्पादकीय में जिस प्रकार सरल व तार्किक ढंग से समझाया है वह प्रशंसनीय ही नहीं अद्वितीय है। शुभ कर्म अघाती होते हैं और उनसे अशुभ कर्मों का संवर होता है, यह दृष्टिकोण बड़े प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। कर्म सिद्धान्त का विवेचन बहुत ही मार्मिक एवं अलौकिक है।

डॉ. मुन्नी पुष्पा जैन द्वारा क्षमा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए उसे ऊर्जा व चेतना का स्रोत एवं सकारात्मक सोच के रूप में बड़े सुन्दर व प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया गया है, वे भी बधाई की पात्र हैं।

-53, लेन नं. 2, गोपालबारी, जयपुर (राज.)

तत्त्वज्ञान प्रश्नोत्तरी (क्रमशः 77)

आओ मिलकर ज्ञान बढ़ाएँ

श्री धर्मचन्द जैन

(स्नातक)

जिज्ञासा– स्नातक संज्ञा वाले होते हैं अथवा नो संज्ञा वाले?

समाधान– जैसाकि पूर्व की जिज्ञासाओं के समाधान में स्पष्ट किया जा चुका है कि पहले से लेकर छठे गुणस्थान तक के जीव संज्ञा वाले होते हैं। उनमें आहारादि की आसक्ति होती है। किन्तु विशेषता यह है कि छठे गुणस्थानवर्ती ऐसे साधु-साध्वी जो शुभ योगी हैं, शुभ योगों में वर्तमान हैं वे नो संज्ञा वाले कहलाते हैं। सातवें से चौदहवें गुणस्थान वाले अप्रमत्त होने के कारण नो संज्ञा वाले ही होते हैं। स्नातक तेरहवें-चौदहवें गुणस्थानवर्ती होने से नो संज्ञा वाले ही होते हैं।

जिज्ञासा– स्नातक आहारक होते हैं अथवा अनाहारक?

समाधान– स्नातक सयोगी तथा अयोगी दोनों प्रकार के होते हैं। तेरहवें गुणस्थानवर्ती सयोगी केवली आहारक तथा अनाहारक दोनों होते हैं, जबकि चौदहवें गुणस्थानवर्ती अयोगी केवली व सिद्ध भगवान अनाहारक ही होते हैं। सयोगी केवली जब केवली समुद्घात करते हैं, तब उसमें तीसरे, चौथे, पाँचवें समय में वे अनाहारक होते हैं। बाकी समयों में आहारक ही होते हैं। ओजाहार, रोमाहार, कवलाहार, मनोभक्षी आहार इनमें से जब किसी भी प्रकार का आहार नहीं करे तब वह जीव अनाहारक होता है।

जिज्ञासा– स्नातक की जघन्य, उत्कृष्ट स्थिति कितनी होती है?

समाधान– स्नातक की तेरहवें गुणस्थान की अपेक्षा स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त तथा उत्कृष्ट देशोन क्रोड़ पूर्व है। यह स्थिति सामान्य केवली की अपेक्षा समझनी चाहिए। तीर्थंकर की अपेक्षा से तो स्थिति-जघन्य तीस वर्ष झाझेरी तथा उत्कृष्ट एक लाख पूर्व में एक हजार वर्ष कम की समझनी चाहिए। जबकि चौदहवें गुणस्थान की अपेक्षा स्थिति जघन्य व उत्कृष्ट

दोनों ही अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है। दूसरे शब्दों में चौदहवें गुणस्थान की स्थिति पाँच लघु अक्षर (अ,इ,उ,ऋ,लृ) के मध्यम रीति से उच्चारण करने जितनी होती है। इन पाँच लघु अक्षरों के मध्यम रीति से उच्चारण करने में लगभग दो सैकिण्ड का काल लगता है।

जिज्ञासा– स्नातकों में कौन-कौनसी समुद्घात पाई जाती हैं?

समाधान– स्नातकों में जो सयोगी केवली होते हैं, उनमें एकमात्र केवली समुद्घात मिल सकती है। शेष छहों समुद्घात इनमें नहीं मिलती। छहों समुद्घात प्रमादी जीवों में ही मिलती है, जबकि स्नातक अप्रमादी ही होते हैं। केवली समुद्घात सामान्य केवली तथा तीर्थंकर केवली इन दोनों में मिल सकती हैं।

जिनकी केवलज्ञान प्राप्ति के समय 6 माह अथवा इससे कम आयु शेष रहे तो उनमें केवली समुद्घात मिलती है। जिनकी केवलज्ञान प्राप्ति के समय 6 माह से अधिक आयु शेष हो उनमें किसी में मिलती है, किसी में नहीं नहीं मिलती।

जिज्ञासा– स्नातक लोक के कितने क्षेत्र को अवगाहित करते हैं?

समाधान– स्नातक लोक के असंख्यातवें भाग में, असंख्यात भागों में तथा सम्पूर्ण लोक क्षेत्र को अवगाहित करते हैं। जब सयोगी केवली शरीरस्थ होते हैं, अथवा केवली समुद्घात में दण्ड या कपाट अवस्था में आत्म-प्रदेश फैलाते हैं, तब वे लोक के असंख्यातवें भाग क्षेत्र में रहते है। किन्तु मन्थान अवस्था में केवली भगवान के प्रदेशों से लोक का बहुत भाग व्याप्त हो जाता है और थोड़ा भाग शेष बचता है, अतः उस समय लोक के असंख्य भागों में रहते हैं। जब चौथे समय में आत्म-प्रदेशों को लोकपूरित बना देते हैं तब वे सम्पूर्ण लोक व्यापी हो जाते हैं।

अयोगी केवली स्नातक तो लोक के असंख्यातवें भाग क्षेत्र में ही रहते हैं। सिद्ध बन जाने के बाद भी उनका क्षेत्र उतना ही रहता है।

जिज्ञासा– स्नातक एक समय में कितने हो सकते हैं?

समाधान– स्नातकों का परिमाण (संख्या) दो प्रकार से बतलाया गया है-

1. प्रतिपद्यमान की अपेक्षा।
2. पूर्व प्रतिपन्न की अपेक्षा।

प्रतिपद्यमान अर्थात् वर्तमान समय में नये बनने वालों की अपेक्षा स्नातक कदाचित् होते हैं, कदाचित् नहीं भी होते। यदि होते हैं तो जघन्य एक, दो, तीन और उत्कृष्ट 108 होते हैं। पूर्व प्रतिपन्न अर्थात् पहले से स्नातक पद को प्राप्त किये हुए की अपेक्षा जघन्य-उत्कृष्ट कोटि पृथक्त्व अर्थात् दो करोड़ से लेकर नौ करोड़ तक होते हैं। **(क्रमशः)**

-रजिस्ट्रार, अ.भा.श्री जैन रत्न आध्यात्मिक शिक्षण बोर्ड, जोधपुर

भौतिकता और आध्यात्मिकता में अन्तर

श्री अरविन्द लोढा

- भौतिकता के वातावरण में पला मन प्रसिद्धि को अपने प्राण मानता है, जबकि आध्यात्मिकता के वातावरण में चेतन अपनी शुद्धि के लिए प्राण लगाता है।
- वस्तु (जड़) का महत्त्व व्यक्ति (जीव) से अधिक बढ़ता है तो भौतिकता का प्रभाव बढ़ता है और व्यक्ति (जीव) का महत्त्व वस्तु (जड़) से अधिक होता है तब आध्यात्मिकता जन्म लेती है।
- भौतिकता में 'स्व' को छोड़कर 'पर' के विषय में अध्ययन करना होता है, जबकि आध्यात्मिकता में पर को छोड़कर स्व को प्राप्त कर स्व की पढ़ाई प्रारम्भ करनी होती है।
- भौतिकता के वश जो बोला जाता है वह आदेश होता है, जबकि आध्यात्मिकता के वश में जो बोला जाता है वह आदर्शमय हो जाता है।
- भौतिकता भय को उत्पन्न करती है, आध्यात्मिकता अभय अवस्था को उपलब्ध कराती है।
- नाम नहीं बिगड़े यह भौतिक सोच है, परिणाम नहीं बिगड़े यह आध्यात्मिक सोच है।
- भौतिकता कल को क्लेशमय बनाती है, जबकि आध्यात्मिकता कल को कलश सम बना देती है।
- भौतिकता में डूबा हुआ व्यक्ति भूलता है अपने आपको! आध्यात्मिकता में डुबकी लगाने वाला व्यक्ति खोजता अपने आपको।
- भौतिकता भव को बढ़ाती है, आध्यात्मिकता भाव को बढ़ाती है।
- भौतिकता ज्वाला रूप है, आध्यात्मिकता ज्योति रूप है।

-'एल-आई-22, मण्डोर मण्डी, जोधपुर-342001 (राज.)

पत्र-स्तम्भ

मैं ही क्यों?

आचार्य श्री विजयरत्नसुंदरसूरिजी

धर्मनिष्ठ नमन के मन में यह प्रश्न उठता है कि दुःख, अन्याय, अपमान, कष्टों की अधिकता मेरे जीवन में ही क्यों? इस प्रकार धर्म के प्रति आस्था को डगमगाने वाले ये विचार नमन के मन को झकझोर देते हैं, जीवन में अंधकार भर देते हैं। इस अंधकार में प्रकाश की किरण की तरह रहेंगे महाराज के समाधान।-सम्पादक

महाराज साहब,

पिछले कई दिनों से दिमाग में काँटे की तरह चुभ
रहे एक प्रश्न का समाधान प्राप्त करने के लिए आज मैं
आपके समक्ष उपस्थित हुआ हूँ।
यदि मुझे सम्यक् समाधान नहीं मिला तो संभव है कि
जीवन में आज थोड़ा-बहुत भी
जो शुभ और सुंदर है, वह सब
या तो जीवन में से दूर हो जायेगा या फिर मैं
खुद होकर उन सबको अपने जीवन में से
दूर कर बैठूँगा।
प्रश्न मेरा यह है कि दुनिया में क्या
अच्छे बनने वाले को ही,
अच्छे बने रहने वाले को ही,
अच्छे मार्ग पर चलने वाले को ही
दुःख, कष्ट,
अपमान, अन्याय
सहन करने पड़ते हैं?
आप झुकते रहिए,
सब आपको दबाते रहेंगे।
आप मूल्यों को सम्हाल कर रखिए,
लोग आपको व्यवहारशून्य मानेंगे।

आप न्याय-नीति का दामन थामे रखिए,
आपको भिखारी बनने के दिन देखने पड़ेंगे।
आप जीवन में मर्यादा को जीवंत रखिए,
समाज में आपकी छवि 'पिछड़े' के रूप में बन जाएगी।
आप जीवन में धर्म को प्रथम स्थान दीजिए,
लोग आपको आखिरी स्थान पर ढकेल देने के लिए
तत्पर बनकर रहेंगे.....
यह वेदना किसी और की नहीं, मेरी खुद की है।
यह आक्रोश किसी और का नहीं,
मेरा खुद का है।
यह आक्रंद किसी और का नहीं,
मेरा खुद का है।
यह अनुभव किसी और का हो या न हो,
मेरा खुद का अनुभव तो यही है।
मन में एक ही प्रश्न उठता है-
'दुःख मुझ पर ही क्यों ?'
'अन्याय मुझ पर ही क्यों ?'
'अपमान मेरा ही क्यों ?'
'कष्टों की भरमार मेरे जीवन में ही क्यों ?'
'दबकर रहना मेरे नसीब में ही क्यों ?'
'आँसू बहाने का दुर्भाग्य मेरा ही क्यों ?'
महाराज साहब,
कृपया मेरे इन प्रश्नों का आप समाधान दीजिए।
मेरी इन उलझनों को आप दूर कर दीजिए।
मेरे हृदय के इस आक्रंद को
आप शान्त कर दीजिए।
मेरी इस व्यथा को आप दूर कर दीजिए।
हाथ में फूल की माला लेकर
खड़े रहने वाले के सिर पर

यदि पत्थर ही पड़ते हों तो बेहतर है कि
फूल की माला छोड़कर वह पत्थर ही पकड़ ले-
कम-से-कम सिर सलामत तो रहेगा!

नमन,

अत्यंत शान्ति से तुम्हारा पत्र पढ़ा।
तुम्हारे हृदय की जो व्यथा है उसे
दूर करने के प्रयास तो मैं करूँगा ही,
परन्तु
उसके पहले कुछ प्रश्न मैं तुमसे पूछना चाहता हूँ।
तुम उनके उत्तर यदि दोगे तो मुझे बहुत खुशी होगी।
जवाब दो-

छेनी की मार किस पत्थर पर ज्यादा पड़ती है?
चटनी पीसने के पत्थर पर या
प्रतिमा बन रहे पत्थर पर?
पैरों तले कुचले जाने का दुर्भाग्य किसके नसीब में ज्यादा होता है?
काँटे के नसीब में या फूल के नसीब में?

अग्निपरीक्षा में से किसे गुजरना पड़ता है?
कथीर को या कंचन को?
संसार की तकलीफें किसे अधिक सहनी पड़ती हैं?
पागल को या समझदार को?
नियंत्रण में रहने के कष्ट किसे अधिक झेलने पड़ते हैं?
वेश्या को या
सती को?
गुंडे से किसे डरना पड़ता है?
भिखारी को या धनवान को?
तुम्हारे उत्तर यही होंगे कि-
छेनी की मार तो
प्रतिमा बनने वाले पत्थर पर ही अधिक पड़ती है।
कुचले जाने का दुर्भाग्य तो

पुष्प के नसीब में ही लिखा होता है।
अग्निपरीक्षा में से तो कंचन को ही गुजरना पड़ता है।
संसार की तकलीफें तो समझदार को ही ज्यादा
सहनी पड़ती हैं।
अधिक नियंत्रण तो सती पर ही लादे जाते हैं।
और, गुंडे से बचने के प्रयास तो धनवान को ही
ज्यादा करने पड़ते हैं।
यदि यही तुम्हारे उत्तर हैं मेरे प्रश्नों के तो
तुम्हारे प्रश्नों के भी मेरे यही उत्तर हैं–
तुम यदि सज्जन ही बने रहना चाहते हो
तो दुर्जनों से ज्यादा कष्ट तुम्हें ही सहने पड़ेंगे।
तुम यदि पवित्र ही बने रहना चाहते हो
तो बदमाशों और लफंगों से ज्यादा तकलीफें तुम्हें ही झेलनी पड़ेंगी।
तुम यदि धर्मी ही बने रहना चाहते हो तो
पापियों से अधिक मुसीबतें तुम्हारी ही किस्मत में
लिखी जाती रहेंगी।
पसंदगी तुम्हारे हाथ में है–
काँटे जैसी, कष्ट बिना की लम्बी ज़िन्दगी जीना चाहते हो तो भी तुम स्वतंत्र हो और
फूल जैसी, कष्टभरी छोटी ज़िन्दगी जीना चाहते हो तो भी तुम स्वतंत्र हो!

नमन,

गुरुत्वाकर्षण के नियम पर आधारित एक बात तुम्हें बताऊँ?
बिस्तर में सोते समय जो कष्ट (श्रम) किसी व्यक्ति को होता है
उससे ज्यादा कष्ट उसे उठकर
बिस्तर में बैठने की कोशिश करते समय होता है।
वही व्यक्ति जब खड़ा होता है तब उसे और ज्यादा कष्ट होता है।
चलने लगता है तब और ज्यादा कष्ट होता है।
दौड़ने लगता है तब उससे भी ज्यादा कष्ट होता है।
लम्बी छलाँग लगाता है तब और ज्यादा कष्ट होता है।
ऊँची छलाँग लगाता है तब तो सबसे ज्यादा कष्ट होता है।

इसके पीछे क्या कारण है?
यही कि पृथ्वी उसे अपनी ओर खींचना चाहती है, जबकि
वह पृथ्वी से ऊपर उठना चाहता है।
कष्ट उसे उठाने ही पड़ेंगे, इसमें आश्चर्य क्या है?
बस, यही बात तुम्हें अपने संदर्भ में समझनी है।

तुम यदि दुर्जन में से सज्जन बनना चाहते हो,
अपवित्रता के कीचड़ में से बाहर निकलकर
पवित्रता के मानसरोवर में स्नान करना चाहते हो,
स्वच्छंदता की खाई में से बाहर निकलकर
समर्पणभाव के शिखर पर आरूढ़ होना चाहते हो,
अपने बिगडे हुए स्वभाव को उदार बनाना चाहते हो,
तो तुम्हें अधिक कष्ट, अधिक असुविधा, अधिक अपमान और
अधिक अन्याय सहने ही पडेंगे।

कारण? यही कि दुनिया के अधिकांश लोगों को दुर्जनता की गंदगी में,
वासना के कीचड़ में, स्वच्छंदता के कचरे में, सुखशीलवृत्ति के नशे में,
लोभांधता की पराधीनता में, और कामांधता की गुलामी में लोटने में, खेलने में और
झूमते रहने में ही रुचि है।
इस सबमें ही उन्हें जीवन की सार्थकता दिखाई देती है।
अब तुम यदि ऐसे लोगों की इस तुच्छ जीवनशैली को
छोड़कर उदात्त जीवनशैली अपनाने के लिए आगे बढ़ रहे हो तो
ऐसे लोगों की ओर से तुम्हारा विरोध तो होगा ही,
इसमें क्या आश्चर्य है? पढ़ा है तुमने यह वाक्य?
'चोरों की दुनिया में प्रकाश करने वाला चोरों का दुश्मन बन जाता है।''
इसका तात्पर्य स्पष्ट है।
चोरों को अंधकार ही रास आता है, प्रकाश करने वाले को वे निभा ही कैसे सकते हैं?
बस इसी प्रकार, जगत् के अज्ञानीवर्ग को अधमता ही रास आती है,
उत्तमता के मार्ग पर कदम रखने वाले को वे निभा ही कैसे सकते हैं?
उसका स्वीकार करके वे उसका सत्कार कर ही कैसे सकते हैं?

(क्रमशः)

युवा-स्तम्भ

जीवनदृष्टि बदलने का उपाय है ध्यान

डॉ. एन.के. खींचा (सेवानिवृत्त आर.ए.एस.)

जीवन का विजन क्या हो? जीवन का मिशन क्या हो? लक्ष्य क्या हो? जीवन का उद्देश्य क्या हो? इन प्रश्नों पर विचार करते रहने पर जीवन को सही दिशा में ले जाया जा सकता है। जीवन में शान्ति एवं प्रसन्नता सबको अभीष्ट है, किन्तु प्रयत्न उसके विपरीत दिशा में हो रहे हैं। जीवन में आनन्द से सराबोर होना हो तो द्रष्टाभाव का विकास करना होगा और ध्यान इसके लिए अमूल्य साधन है।

जिन्दगी में सुख कम है, दुःख अधिक है। जीवन में मिठास कम है, कड़वापन ज्यादा है। परिवारों में राग-द्वेष तथा जलन की आग है। तनाव, पीड़ा और अवसाद है। समृद्धि तो खूब है, लेकिन शांति नहीं है, सुख नहीं है, आनन्द नहीं है। भीतर ही भीतर भय है, चिन्ता है। चिन्ता है- प्रतिकूलता के आने की, अनुकूलता के समाप्त हो जाने की। हम येन-केन प्रकारेण अनुकूलता को बनाये रखना चाहते हैं।

क्या करें? जीवन की प्लानिंग करें। प्रज्ञा जगायें। बोध जगायें। जागकर, चिन्तन कर कर्म करें। प्रसन्न रहने का प्रयास करें। उपाय खोजें। जिन्दगी जीने का ढंग सीखें। दिखावा, ढोंग तथा प्रदर्शन से बचें। अन्दर-बाहर का अन्तर मिटा डालें। जीवन में नये विकारों से बचें। अर्न्तमुखी बनें। बाहर की दुनिया से अपने आपको बचायें। ध्यान के प्रति यदि जीवन में रस जग जाय तो चित्त स्थिर हो सकता है। चित्त शांत हो सकता है। ध्यान-मार्ग जीवन को स्वस्थ चित्त वाला बना सकता है। ध्यान जीवन की कीमिया है, ध्यान करने से जीवन व्यवस्थित हो सकता है। ध्यान मन को एकाग्र कर सकता है। ध्यान से विवाद मिटेंगे। ध्यान से भाव बदलेगा। सोचने-विचारने का नज़रिया बदलेगा। बेहतर सोचने लगेंगे। उदारवादी एवं सहिष्णु दृष्टिकोण बनेगा। ध्यान करने से मैनेजमेंट आयेगा। हम टाइम मैनेजमेंट स्वतः ही करने लगेंगे। अर्नगल प्रलाप से बचेंगे। वाद-विवाद, लफ्फाजी बातों से बचेंगे। जितना जरूरत है उतना ही बोलेंगे। जीवन में मौन अवतरित होगी।

जीवन का असली लक्ष्य क्या? जीवन का लक्ष्य धन नहीं हो सकता। पैसा साधन है, साध्य नहीं है। जीवन में सब कुछ अनित्य है, अशरण है। जीवन का लक्ष्य होना चाहिए असीम, चिर स्थायी शांति, आनन्द एवं तनाव मुक्त जीवन! जीवन का लक्ष्य होना चाहिए- 'परमतत्त्व' की प्राप्ति। धन स्वार्थ है। धन से जीवन का मंगल संभव नहीं है। धन क्षणिक सुख है। धन स्थायी चिर आनन्द नहीं दे सकता। अतः लक्ष्यविहीन न बनें। जीवन

को हासिए पर मत डालिए। अतः ध्यान-मार्ग से परिपक्व निर्णय करें। ध्यान को अपना लक्ष्य बनायें। स्वार्थी न बनें। सबके हित के लिए सोचें। असहिष्णु न बनें। जड़ से इन्द्रियाँ श्रेष्ठ हैं। इन्द्रियों से मन ऊँचा है। मन से विवेक श्रेष्ठ है। विवेक से आत्मा परम श्रेष्ठ है। क्यों हम इन्द्रियों, वासनाओं, कामनाओं, लालच, स्वार्थ और मोह-माया में आबद्ध हैं? मन को ध्यान में लवलीन करें, सहज बनें, बनावटीपन त्यागें। जीवन में समझदार बनें। प्राथमिकताएँ बदलें। धन के बजाय शांति और आनन्द को प्राथमिकता की श्रेणी में रखें।

ध्यान से आध्यात्मिक सम्पदा अर्जित करें। ऐसी सम्पदा बनायें जो शांति और आनन्द देती हो। ध्यान से हम अपने स्वयं के साथी बन सकते हैं। ध्यान मन का व्रत है। मन का उपवास है। ध्यान दिव्य-साधना है। ध्यान जीवन में गुणवत्ता लाने का मार्ग है। काया तो अन्नधर्मा है, रोग धर्मा है, भोग धर्मा है तथा मरण धर्मा है, लेकिन ध्यान जीवन की ज्योति है। ध्यान से जीवन बदल सकता है।

-544-ए, सिद्धार्थ नगर, जवाहर सर्किल के पीछे, जयपुर-302017 (राज.)

वाणी का संयम

श्री जसराज देवड़ा धोका

प्रत्येक परिवार की सुख शान्ति हेतु उसके सदस्यों द्वारा बोली गई भाषा का अत्यधिक महत्त्व है। किसी कवि ने ठीक ही कहा है-'मीठी वाणी बोलिये, मन का आपा खोय, औरन को शीतल करे, आप हुँ शीतल होय' सच्ची और कड़वी लगने वाली बात को भी सीधी मधुर भाषा में कहने से सुनने वाला भी क्रोधित नहीं होता है। महापुरुषों ने सदैव कहा है-**पहले तोलो फिर बोलो।** बोलने का विवेक नहीं होने के भयंकर परिणाम हो सकते हैं।

आजकल घर-घर में कलह झगड़े बोलने में विवेक नहीं होने से हो रहे हैं। आप स्वयं चाहते हैं हमारे से कोई अच्छी बात करे तो आपका भी फर्ज बनता है सभी के साथ सोच-समझकर बात करें। परस्पर मतभेद हो सकता है, लेकिन हमें इसके लिए मनभेद नहीं रखना चाहिये। किसी के साथ संवाद कभी भी बन्द नहीं करना चाहिये। मनुष्य के शरीर में दाँत कठोर एवं जिह्वा नरम है। जिह्वा मिष्ठान्न भी खिलाती है तो अपराध की सजा भी दिलाती है। मधुर भाषी व्यक्ति से सभी बात करना पसन्द करते हैं। जबकि कड़वे बोलने वाले को कोई पास भी नहीं बुलाता। हमें हँसी-मजाक की बातें करने से पहले सामने वाले की उम्र का भी खयाल रखना चाहिये। किसी के घर गम, शोक का माहौल हो तो वहाँ पर बेतुकी बात करने वाले को सभी जन कटाक्ष की नज़र से देखते हैं। संक्षेप में सार्थक बात करनी चाहिये। ज्यादा बोलना अच्छा नहीं रहता।

-जसराज एण्ड कम्पनी, 15-8-377/2, बेगम बाजार, हैदराबाद-500012

नारी-स्तम्भ

समय का मूल्यांकन

डॉ. शैलजा अरोड़ा

समय वह है जो कभी रुकता नहीं। समय कभी किसी की प्रतीक्षा नहीं करता। समय गतिमान है। समय विजय और पराजय है। समय तिल को ताड़ और ताड़ को तिल बना देता है। समय राजा को रंक और रंक को राजा बना देता है। इसने न जाने कितने सूर्य, चन्द्र नक्षत्र, तारे, युग, कल्प आदि देखे हैं। इसने कितनों को रोते-धोते-बिलखते और हंसते-गाते-खिलखिलाते हुए देखा है। कितने ही हर्ष-विषाद के स्वरूप को अत्यन्त निकटता से देखते हुए बिना किसी हर्ष और विषाद के यह समय आगे बढ़ता गया है। समय वह यात्री है जो अथक यात्रा करता है। समय कभी एक जैसा नहीं रहता। समय अपने आप में अच्छा या बुरा नहीं होता। हम अपनी सफलता अथवा असफलता के आधार पर उसका मूल्यांकन अच्छे या बुरे रूप में करते हैं। समय बड़ा शक्तिशाली होता है। कहावत है जो समय की अनदेखी करता है, वह उसे बर्बाद करता है।

समय से सोना, समय से उठना, समय से आहार-विहार करना अच्छा लगता है। समय की परख बहुधा लोग नहीं कर पाते, पढ़े लिखे निपुणजन भी मात खा जाते हैं और हाथ मलते रह जाते हैं। प्रचलित कहावत है-'डाल का चूका बन्दर और आसाढ़ का चूका किसान कहीं का नहीं रहता।' चूकना कुछ और नहीं वरन् समय की नज़ाकत को न समझना और उपयुक्त समय पर कदम न उठाना ही है। समय का एक नाम वक्त भी है, इसीलिए तो किसी ने कहा है-

दुश्मनी वक्त से नहीं अच्छी, वक्त पानी उतार देता है।
अहमियत वक्त की अगर समझो, वक्त किस्मत संवार देता है।।

समय बड़ा बलवान होता है। समय घड़ी की सुई की तरह व्यक्ति को जीवन में उपलब्धियों के शिखर पर पहुँचाता है, उसे लोकप्रिय बनाता है तो कभी वही समय उसे रसातल में भी पटक देता है। समय की कीमत उस व्यक्ति से पूछें जिसकी गाड़ी दो मिनट विलम्ब से पहुँचने के कारण छूट गई हो, समय का मूल्य उस छात्र से पूछो जो ट्रैफिक जाम के कारण परीक्षा केन्द्र पर विलम्ब से पहुँचा हो और परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया गया हो, समय का महत्त्व उस व्यक्ति से पूछो जिसका परिजन समय पर चिकित्सक के पास न पहुँचने के कारण अकाल ही काल का ग्रास बन गया हो। जो समय के साथ नहीं चला, वह ठीक उसी तरह डूब गया जैसे एक कुशल तैराक पानी के रुख के विपरीत तैरने पर डूब जाता है। कहते हैं कि समय अच्छे-अच्छों का पानी उतार देता है। यह समय का ही कमाल है

जो अयोग्य को योग्य, तो कहीं योग्य को अयोग्य सिद्ध कर देता है।

यदि समय बलवान नहीं होता तो अर्जुन को बृहन्नला और भीम को रसोईया न बनना पड़ता। समय की दुहाई भगवान राम को भी देनी पड़ी। हनुमान यदि समय से संजीवनी बूटी न लाये होते तो राम अयोध्या में मुँह दिखाने लायक नहीं रहते। किसी ने ठीक ही कहा है-

समय घटाता है सद्धा, समय बढ़ाता भाव।
समय घाव पर घाव दे, समय भरे हर घाव।।

महापुरुषों का कथन है कि स्वास्थ्य, सम्मान और सम्पदा हाथ से निकल जाए तो प्रयत्न से उसे पुनः प्राप्त किया जा सकता है, परन्तु हाथ से निकला समय कभी वापस नहीं लाया जा सकता। चूंकि समय सीमित है, इसलिए मनुष्य को समय के नियोजन एवं प्रबंधन की अतीव आवश्यकता है। समय का सम्यक् उपयोग ही मनुष्य की सच्ची सम्पत्ति है और समय का दुरुपयोग विपत्ति को दिया गया निमंत्रण है। जो व्यक्ति प्रत्येक पल के महत्त्व को समझता है, वह किसी काम को कल पर नहीं छोड़ता। सफलता और शौर्य रूपी सुन्दरी उनके गले में ही वरमाला डालती है। किसी ने एक बार नेपोलियन बोनापार्ट से उत्सुकतावश पूछा-''आप इतना अधिक काम करने के साथ ही सामाजिक हित के अन्य कार्यों में भाग लेने के लिए कैसे समय निकाल लेते हैं?'' उनका उत्तर था- ''मैं आज का काम आज ही कर लेता हूँ, उसी कभी भी कल पर नहीं छोड़ता।''

जैन दर्शन के अनुसार एक निमेष में असंख्य समय बीत जाते हैं। इतने सूक्ष्म समय का जो सम्मान करना जानता है, इस अमूल्य निधि को संजोना जानता है, वह अवश्य ही ऊँचाइयों को छू सकता है, उच्चता के शिखर तक पहुँच सकता है। सौभाग्य का निर्माण करने के लिए आवश्यक है दुर्भाग्य का निर्माण करने वाले आलस्य एवं प्रमाद जैसे कारकों से बचा जाए। हास्य-व्यंग्य, नशा तथा विकारों में लीन रहना समय को बर्बाद करना है। न जाने कब क्या घटित हो जाए। हमारी बुद्धिमत्ता इसी में है कि हम समय का उचित मूल्यांकन करना सीखें। हमारी दिनचर्या का क्रम समय-नियोजन व प्रबन्धन के साथ जुड़ा रहे। इससे न केवल हमारे लक्ष्य की पूर्ति होती है, प्रत्युत हमारी मानसिक शांति भी बनी रहती है।

संसार में सबसे मूल्यवान तत्त्व है समय। बीता समय कभी वापस नहीं आता। अन्य कीमती वस्तुएँ यदि खो जाएँ तो उन्हें पुनः प्राप्त किया जा सकता है, किन्तु समय के साथ ऐसा नहीं है। समय निकल जाने पर पछतावा करना व्यर्थ है-'का वर्षा जब कृषि सुखाने।' सांप के सरक जाने के बाद लकीर पीटने से कोई लाभ नहीं होता।

संसार के कार्यों में समय की कीमत पैसे, पद, मान और सुख-सुविधा के लाभ व हानि से आंकी जाती है, जैसे- समय पर शादी के लिए हाँ कर दी होती तो करोड़पति का

दामाद होता, समय पर स्टेशन पहुँच जाते तो सुखपूर्वक गन्तव्य तक पहुँच जाते, समय पर पढ़ लेते तो आज पास हो जाते, समय पर सौदा कर लेते तो करोड़ों का फायदा होता, समय पर साक्षात्कार (इन्टरव्यू) के लिए पहुँच जाते तो अभी नौकरी लग जाती आदि कई उदाहरण 'समय' की अमूल्यता को, समय की नज़ाकत को बतलाते है। दूसरी तरफ अध्यात्म में या मुक्ति के मार्ग में समय के मोल को इससे भी अधिक आंका गया है। इस मार्ग में समय की कीमत को नहीं जानने वाला इस जन्म में होने वाली हानि को ही नहीं प्राप्त करता, अपितु कई जन्मों में प्राप्त होने वाली हानि से युक्त हो सकता है। इसे ही ध्यान में रखकर भगवान महावीर कहते है-''खणं जाणाहि पंडिए'' ''समयं गोयम! मा पमायए''। ''जो क्षण को जानता है वह पण्डित है'' और ''हे गौतम! समय मात्र भी प्रमाद मत कर।'' अपने भीतर होने वाले राग-द्वेष के बन्धन के क्षणों को जानने वाला पण्डित होता है। अपने शिष्य गौतम को वे कहते हैं राग-द्वेष की ग्रन्थियों को तोड़ने के इस मार्ग पर एक क्षण के लिए भी प्रमाद मत कर अर्थात् प्रत्येक क्षण जागरूक होकर बन्धन को तोड़ता चला जा। एक क्षण भी प्रमाद किया अथवा जागरूक नहीं रहा तो ये राग के बीज नये जन्म के लिए तुम्हें विवश कर देंगे।

इस प्रकार समय का मूल्याकंन संसार और मोक्ष मार्ग दोनों में अपेक्षित है। जो श्रावक या श्राविका है, उसे दोनों मार्गों में समय का मूल्यांकन करना सीखना चाहिये। समय को पहचानने और जानने वाला सदैव अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होता है।

-4/114, एस.एफ.एस., अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राज.)

जिनवाणी पर अभिमत

श्री सुनील कुमार जैन

जिनवाणी पत्रिका वास्तविक रूप से जैन धर्म का आईना है। यह जिन भगवंतों द्वारा कहे गये आगम कथनों का सार है। जीवन से हताश व निराश व्यक्तियों को जीवन जीने की प्रेरणा देती है। यह जिन धर्म से अनजान इन्सानों के लिए प्रशस्त मार्ग का प्रथम सोपान है। इस छोटी सी पुस्तक में जिनवाणी का मर्म छुपा है। इसे पढ़ने से पूर्व मेरी इस पुस्तक के बारे में यह राय थी कि यह पत्रिका, अन्य पत्रिकाओं की भाँति जैन समाज की एक ''विज्ञापन पत्रिका'' है। परन्तु मेरे एक रिश्तेदार द्वारा दिया गया इस पत्रिका का जुलाई अंक पढ़ा तो मुझे मेरी इस धारणा पर अफसोस हुआ और पश्चात्ताप हुआ कि मैंने इस पुस्तक को पढ़ने में इतना विलम्ब क्यों किया? यह पत्रिका यथार्थ में 'गागर में सागर' समान है।

-अग्रसेन कॉलोनी, बरगमां रोड़, रोडवेज डिपो के पीछे, हिण्डौन सिटी, जिला-करौली-322230 (राज.)

बाल-स्तम्भ

दंभ में दम नहीं

श्री कपिल जैन

बाल-स्तम्भ के अन्तर्गत प्रकाशित इस रचना को पढ़कर अन्त में दिए गए प्रश्नों के उत्तर 5 नवम्बर 2012 तक श्री स्थानकवासी जैन स्वाध्याय संघ, घोड़ों का चौक, जोधपुर-342001(राज.) के पते पर प्रेषित करें। श्रेष्ठ उत्तरदाताओं को श्री महावीरचन्द जी बाफना, जोधपुर द्वारा अपनी धर्मपत्नी एवं श्रीमती अरुणा जी, श्री मनोजकुमार जी, श्री कमलेश कुमार जी बाफना की माताश्री स्व. श्रीमती मोहिनीदेवी जी बाफना की पुण्य-स्मृति में पुरस्कृत किया जा रहा है। पुरस्कारों की राशि इस प्रकार है- प्रथम पुरस्कार-250 रुपये, द्वितीय पुरस्कार-200 रुपये, तृतीय पुरस्कार- 150 रुपये तथा 100 रुपये के पाँच सान्त्वना पुरस्कार।

पुराने समय की बात है कि जंगल में चण्डख नामक एक गीदड़ रहता था। वह भूख से व्याकुल होने के कारण भोजन की तलाश में शहर आ गया। शहर में उसे कुत्तों ने घेर लिया और नोंचने लगे।

कुत्तों से जान बचाकर चण्डख गीदड़ भागा और एक धोबी के घर में घुस गया। वहाँ धोबी ने एक बड़े बर्तन में नील का पानी भर रखा था। जब गीदड़ घर में अन्दर गया तो उस बर्तन में गिरा। उस बर्तन में से बाहर निकलने पर गीदड़ का रंग नीला हो गया था। गीदड़ अपने इस रंग को देखकर चकित भी था और खुश भी। क्योंकि अब उससे शहर के कुत्ते दूर भाग रहे थे। गीदड़ शहर से पुनः जंगल पहुँचा। वहाँ पहुँचने पर उसने पाया कि कोई भी पशु उसे पहचान नहीं पाया और सब उसे देखकर चकित हो रहे थे। सभी पशु आपस में बातचीत करने लगे कि हमने ऐसा जानवर पहले कभी नहीं देखा, पता नहीं कितना शक्तिशाली होगा, कोई कहने लगा कि महाबलवान जीव आ गया है।

खरगोश आदि सभी छोटे पशु उससे डरकर भागने लगे और उसे विचित्र बलवान जानवर समझकर शेर-बाघ जैसे पशु भी अपनी जगह छोड़कर भागने लगे। चण्डख ने पशुओं को भागते हुए देखा तो बोला मैं तुम्हारी रक्षा के लिए आया हूँ। त्रिलोकी के राजा ब्रह्मा ने मुझे तुम्हारी सुरक्षा करने के लिए भेजा है। यह सुनकर शेर-बाघ आदि पशुओं ने चण्डख को अपना राजा मान लिया और बोले- "स्वामिन्! हम आपकी आज्ञा का पालन करेंगे।" फिर चण्डख ने शेर को अपना प्रधानमंत्री, बाघ को नगर रक्षक और भेड़िये को सन्तरी बना दिया।

अहंकार के कारण अपने पुराने आत्मीय मित्रों गीदड़ आदि से बात नहीं करता और उन्हें जंगल से बाहर निकलवा दिया अब शेष गीदड़ सोचने लगे इस चण्डख को सबक सिखाना पड़ेगा।

की कक्षा चलती है, जिसमें महासती श्री भाग्यप्रभा जी म.सा. सरल शब्दों में अनेक प्रकार के दृष्टान्तों से विभिन्न विषयों पर प्रकाश डालते हैं। युवक-युवतियाँ सभी कार्यों को छोड़कर इस कार्यक्रम में विशेष लगन से आते हैं एवं जीवन में धर्म का महत्त्व समझ रहे हैं। दर्शनार्थियों का आवागमन बना हुआ है। स्थानीय संघ आतिथ्य सत्कार हेतु तत्पर रहता है।

तिरुवन्नामल्लै- व्याख्यात्री महासती श्री चारित्रलता जी म.सा. आदि ठाणा 4 के सान्निध्य में चातुर्मास प्रारम्भ से ही धर्माराधन एवं तपाराधन का ठाट लगा हुआ है। यहाँ पर दो मासखमण, एक आयम्बिल मासखमण, 10 एकासन मासखमण तथा दो बियासना मासखमण सम्पन्न हुए हैं। 9 नौ की तपस्या, 25 अठाई, 50 तेले, 5 पाँच की तपस्याएँ सम्पन्न हो चुकी हैं। 15, 11, 7, 6 एवं चार की तपस्याएँ भी पूर्ण हुई हैं। चातुर्मास प्रारम्भ से तेले एवं आयम्बिल की लड़ी गतिमान है। नवकार मंत्र का अखण्ड जाप पर्युषण पर्व पर सम्पन्न हुआ। पचरंगी एवं नवरंगी की तपस्याएँ भी सम्पन्न हुई हैं।

लासुर स्टेशन- व्याख्यात्री महासती श्री निःशल्यवती जी म.सा. आदि ठाणा 5 की सन्निधि में चातुर्मास प्रवेश से ही तेले एवं आयम्बिल की लड़ी चल रही है तथा जाप का कार्यक्रम भी निरन्तर जारी है। एकासन के 17 मासखमण सम्पन्न हुए हैं। 31 सामूहिक तेले, 7 नौ उपवास, 2 अठाई, 3 ग्यारह उपवास, 1 सत्ताईस उपवास, पचोला तथा एकान्तर की साधनाएँ चल रही हैं। पाँच पचरंगी तथा 1 नवरंगी का आराधन हुआ है। पर्युषण में प्रतिदिन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, 4 दिनों तक बालकों का शिविर लगाया गया। प्रत्येक रविवार को शिविर का आयोजन होता है। पर्युषण बड़े उत्साह से मनाया गया। यहाँ पर ज्ञानाराधन का अच्छा वातावरण बना हुआ है। सुखविपाक, उत्तराध्ययन, नन्दी सूत्र, प्रतिक्रमण, नमिपवज्जा, वीरत्थुई आदि सीखने वालों की बहुत अच्छी संख्या बनी हुई है। दोपहर में महासती जी के सान्निध्य में सभी श्रावक-श्राविका लाभ उठा रहे हैं। ग्राम में महासती जी की प्रेरणा से संगठन का अच्छा रूप निखरा है, जिससे सभी प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं।

विज्ञान नगर, कोटा- व्याख्यात्री महासती श्री रुचिता जी म.सा. आदि ठाणा 3 के सान्निध्य में पर्युषण के पश्चात् 50 तेले, 2 पचोले, 7 अठाई, 2 नौ, 3 ग्यारह और एकासन की 26 अठाई सम्पन्न हुई है। श्रीमती मुन्नीदेवी धर्मसहायिका श्री नेमीचन्द जी जैन बाबई वाले के 31 दिवसीय मासखमण की तपस्या सम्पन्न हुई है। पूर के दिन कई लोगों ने 31 दिन रात्रि-भोजन का त्याग किया, किसी ने 31 दिन ब्रह्मचर्य पालन, किसी ने 31 दिन टीवी न देखने तथा किसी ने 31 दिन संवर करने के साथ ही 31 दिवसीय कई नियम ग्रहण किए। 13 सितम्बर को श्राविकाओं का शिविर आयोजित हुआ, जिसमें 50 श्राविकाओं ने भाग

लिया। 23 सितम्बर को भक्तामर स्तोत्र का जाप हुआ, जिसमें 400 लोगों ने भाग लिया। एक नवरंगी हुई।

जयपुर में रत्नसंघीय वीर परिवार सम्मान-समारोह का आयोजन सम्पन्न

98 परिवारों के 213 सदस्य सम्मानित

आचार्य श्री हीराचन्द्रजी म.सा. एवं उपाध्यायप्रवर श्री मानचन्द्रजी म.सा. की दीक्षा की अर्द्धशती वर्ष के पावन प्रसंग से गाँव-गाँव और नगर-नगर में स्व-प्रेरित भावना से त्याग-तप के आयोजन उत्साह पूर्वक चल रहे है। आचार्यश्री हीरा के जयपुर चातुर्मास में रत्नसंघ ने **22-23 सितम्बर, 2012** को वीर परिवार सम्मान-समारोह का दो-दिवसीय कार्यक्रम रखा, जिसमें देशभर के वीर परिवार सम्मिलित हुए।

वीर परिवार सम्मान-समारोह कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम दिवस **22 सितम्बर, 2012** को महावीर नगर स्थित सामायिक-स्वाध्याय भवन की प्रवचन सभा में वीर परिवारजनों सहित पधारे हुए दर्शनार्थी बन्धुओं ने **जिनशासन गौरव परम श्रद्धेय आचार्यप्रवर 1008 श्री हीराचन्द्रजी म.सा., मुनिमण्डल एवं महासती मण्डल** के मुखारविन्द से पावन प्रेरणादायी प्रवचन श्रवण किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम के संयोजक श्री आनन्दजी चौपड़ा ने वीर परिवारजनों एवं संघ सदस्यों का स्वागत करते हुए दो-दिवसीय वीर परिवार सम्मान-समारोह कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रवचन के पश्चात् युवक परिषद् जयपुर के उत्साही कार्यकर्त्ताओं ने वीर परिवारजनों का पंजीकरण करने के साथ ही उन्हें बैज प्रदान किये। भोजन के पश्चात् संघ के शीर्ष पदाधिकारियों ने अलग-अलग समूहों में वीर परिवारजनों से व्यक्तिगत विचार-विमर्श किया। प्रथम समूह में संरक्षक मण्डल के चेयरपर्सन श्री मोफतराजजी मुणोत एवं श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ जयपुर के मंत्री श्री विमलचन्दजी डागा, द्वितीय समूह में शासन सेवा समिति के संयोजक श्री रतनलालजी बाफना, संघ महामंत्री श्री पूरणराजजी अबानी, तृतीय समूह में संघाध्यक्ष श्री सुमेरसिंहजी बोथरा एवं कार्याध्यक्ष श्री गौतमचन्दजी हुण्डीवाल तथा चतुर्थ समूह में कार्यक्रम के संयोजक श्री आनन्दजी चौपड़ा एवं युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बुधमलजी बोहरा ने वीर परिवारजनों से व्यक्तिगत परिचय करते हुए संघहित में अमूल्य सुझाव प्राप्त किये।

अपराह्न अल्पाहार के पश्चात् प्रवचन हॉल में ही परम श्रद्धेय आचार्यप्रवर मुनिमण्डल एवं महासती मण्डल के पावन सान्निध्य में वीर परिवारजनों का परिचय-सत्र रखा गया,

जिसमें सभी वीर परिवारजनों का परिचय प्राप्त हुआ। परिचय-सत्र के पश्चात् गुरुदेव का प्रेरणादायी उद्बोधन हुआ। गुरुदेव ने उद्बोधन देते हुए फरमाया कि साधना करने वाले सौभागी हैं एवं साधना में सहयोग करने वाले बड़भागी हैं। परिवार वाले पारिवारिक सदस्य को साधना मार्ग में आगे बढ़ने हेतु सहयोग करावें न कि उसमें रुकावट बनें। गुजरात के छोटे से बोरी गाँव में एक घर से तेरह दीक्षा हुई। "दादाजी गुड़ गये" मात्र इस एक वाक्य ने साधक का जीवन परिवर्तित कर दिया। यदि हम वीर बनकर स्वयं दीक्षा लें तो अति-उत्तम अन्यथा किसी को तैयार करते हैं तो भी दीक्षा की अनुमोदना का लाभ हमें प्राप्त हो सकता है। साधना-मार्ग में साधक को आगे बढ़ाने के लिये प्रयास करें एवं रोने की बजाय हँसते-हँसते आज्ञा प्रदान करें। आपने अभी परिचय-सत्र में देखा माँ स्वयं अपनी 6 साल की बच्ची व 10 साल के बच्चे को दशवैकालिकसूत्र सिखा रही है। खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है। ऐसे उदाहरण देखकर हमारा मन साधना के लिए तत्पर क्यों नहीं होता, चिन्तन का विषय है ?

23 सितम्बर, 2012 को प्रात: 9 बजे अणु विभा केन्द्र, गौरव टॉवर के सामने, मालवीय नगर, जयपुर में वीर परिवार सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ।

सम्मान समारोह में संघ-संरक्षक मण्डल के चेयरपर्सन माननीय श्री मोफतराजजी मुणोत, शासन सेवा समिति के संयोजक माननीय श्री रतनलालजी बाफना, संघाध्यक्ष श्री सुमेरसिंहजी बोथरा कार्याध्यक्ष श्री गौतमचन्दजी हुण्डीवाल, संघ महामंत्री श्री पूरणराजजी अबानी, सम्यग्ज्ञान प्रचारक मण्डल के कार्याध्यक्ष श्री सम्पतराजजी चौधरी, अखिल भारतीय श्री जैन रत्न श्राविका मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती मधुजी सुराणा, अखिल भारतीय श्री जैन रत्न युवक परिषद् के अध्यक्ष श्री बुधमलजी बोहरा, अखिल भारतीय श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ के जयपुर सम्भाग के क्षेत्रीय प्रधान श्री सुरेशचन्दजी कोठारी, श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ के अध्यक्ष श्री प्रकाशचन्दजी कोठारी तथा आचार्यश्री के सांसारिक लघुभ्राता श्री प्रेमचन्दजी गाँधी, उपाध्यायश्री के सांसारिक बड़े भ्राता श्री भोपालचन्दजी सेठिया व सम्मान समारोह कार्यक्रम के संयोजक श्री आनन्दजी चौपड़ा ने मंच को सुशोभित किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ निशाजी मेहता, रितुजी लोढ़ा एवं सुमनजी ढड्ढा के मंगलाचरण से हुआ एवं श्री ज्ञानेन्द्रजी बाफना द्वारा संकल्प करवाया गया।

श्री जैन रत्न श्राविका मण्डल, जयपुर की श्राविकाओं ने "मनड़ो फूल्यो नहीं समावे अब ये गीत खुशी रा गावे, अतिथि आया मारे आंगणे" स्वागत-गीत प्रस्तुत किया।

दीक्षा-समिति के संयोजक श्री कांतिलालजी चौधरी ने सम्मान-समारोह में

पधारे वीर परिवारजनों एवं संघ सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि मैं वीर परिवारजनों का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने अपनी संतति को आज्ञा प्रदान कर रत्नसंघ में दीक्षित किया। संत-सतीवृन्द ने शुद्ध संयम पालन करते हुए संघ की गौरव-गरिमा को बढ़ाया है, उसमें आप वीर परिवारजनों का महनीय योगदान रहा है।

संघाध्यक्ष श्री सुमेरसिंहजी बोथरा ने सम्मान-समारोह आयोजन की भूमिका स्पष्ट करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में पधारे वीर परिवारजनों के प्रति मैं नतमस्तक हूँ। आपने अपने पारिवारिकजनों को रत्नसंघ में संत-सती के रूप में समर्पित कर संघ का गौरव बढ़ाया। चतुर्विध संघ के संचालन में वीर माता-पिता की महती भूमिका रहती है। आचार्य हीरा एवं उपाध्याय मान की दीक्षा अर्द्धशती के अवसर पर रत्नसंघ ने वीर परिवार सम्मान-समारोह का आयोजन रखा। आप जैसे वीर परिवारों को पाकर संघ गौरवान्वित है। हम सबमें स्नेह एवं सौहार्द का भाव जगे तथा संघ की गौरव-गरिमा अभिवृद्धि हेतु हम-सब कृतसंकल्प रहें। सम्मान-समारोह की सफलता के लिए मैं श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ, जयपुर, कार्यक्रम के संयोजक श्री आनन्दजी चौपड़ा एवं उनके सहयोगियों का आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके अथक परिश्रम से यह सम्मान-समारोह सफल रहा। संघाध्यक्ष महोदय ने संघ द्वारा आयोजित आमसभा एवं बृहद् अधिवेशन की सूचना देते हुए संघ सदस्यों को दोनों कार्यक्रमों में पधारने हेतु आत्मीय निवेदन किया।

वीर परिवार सम्मान-समारोह के अवसर पर परम्परा के मूलपुरुष पूज्य श्री कुशलचन्दजी म.सा. से लेकर आचार्यप्रवर श्री हीराचन्द्रजी म.सा. तक के शासनकालीन सन्त-सतीवृन्द के परिचय एवं पारिवारिक सम्पर्क सूत्रों सहित श्री राजेन्द्रजी जैन 'राजा' द्वारा सम्पादित **'अणगार' नामक पुस्तक का प्रकाशन संघ द्वारा किया गया।** माननीय श्री मोफतराजजी मुणोत के कर-कमलों द्वारा अणगार पुस्तक का विमोचन किया गया।

सम्मान-समारोह में अखिल भारतीय श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ एवं श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ, जयपुर की ओर से 98 परिवारों के 121 पुरुष सदस्यों का माल्यार्पण से स्वागत एवं शॉल ओढ़ाकर बहुमान किया गया। 92 महिला सदस्यों का चून्दड़ी ओढ़ाकर बहुमान किया गया। प्रत्येक परिवार को अभिनन्दन-पत्र एवं स्मृति चिह्न सम्मान स्वरूप प्रदान किये गये।

पूर्व न्यायाधिपति माननीय श्री जसराजजी चौपड़ा ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं अभिभूत हूँ वीर पारिवारिकजनों के दर्शन करके। भगवान महावीर ने आचारांगसूत्र में कहा- **खणं जाणाहि पंडिए** अर्थात् जो क्षण को जानता है वह पण्डित

होता है। जिन्होंने क्षण को समझा है वे दीक्षित हो गये। मोक्ष मार्ग में आगे बढ़ने वाली आत्माओं को दीक्षा की आज्ञा प्रदान कर आपने अपनी संतति को जिनशासन में समर्पित किया है जिसके लिए संघ आपका सदैव आभारी है। इसी क्रम में सुश्री सेहल जैन ने "संयम मुक्ति देता है" नामक सुन्दर भजन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् आचार्यश्री के सांसारिक लघु वीरभ्राता श्री प्रेमचन्दजी गाँधी ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि आचार्यप्रवर के जयपुर चातुर्मास में आप-हम-सभी दर्शन-वन्दन एवं प्रवचन-श्रवण का लाभ लेते हुए आचार्यप्रवर एवं उपाध्यायप्रवर की दीक्षा अर्द्ध शताब्दी के पावन प्रसंग से त्याग-तप की आराधना कर रहे हैं। आप-हम-सब रत्नसंघ द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों में सकारात्मक सहयोग प्रदान करते हुए संघ के विकास में सहयोगी बनें। गाँधी साहब ने श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ, युवक परिषद्, श्राविका मण्डल जयपुर द्वारा की गई आवास-निवास-भोजन तथा यातायात सम्बन्धी सुन्दर व्यवस्था हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया।

उपाध्यायश्री के लघु वीरभ्राता श्री धनपतचन्दजी सेठिया ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ ने आचार्यप्रवर एवं उपाध्यायप्रवर के दीक्षा अर्द्ध शताब्दी के अवसर पर वीर परिवार सम्मान-समारोह आयोजित कर हम-सब वीर परिवारजनों को आत्मीयता एवं अपनत्व प्रदान किया जिसमें लिए हम संघ के आभारी हैं। आचार्य श्री हीराचन्द्रजी म.सा. एक दशक से राजस्थान के बाहर प्रवास कार्यक्रम सानन्द सम्पन्न कर राजस्थान पधारे हैं। पाली, जोधपुर के सफल चातुर्मास के अनन्तर जयपुर का वर्षावास आनन्द पूर्वक चल रहा है। 04 मई, 2012 को परम श्रद्धेय उपाध्यायप्रवर श्री मानचन्द्रजी म.सा. का नागौर में दीक्षा का 50 वां वर्ष प्रारम्भ हुआ। उस समय हमने दर्शन-वन्दन, प्रवचन-श्रवण, सत्संग-सेवा के साथ उपाध्यायप्रवर के मुखारविन्द से दीक्षा अर्द्धशती वर्ष में त्याग-तप के संकल्प लिए हैं। वैसे ही परम श्रद्धेय आचार्यप्रवर श्री हीराचन्द्रजी म.सा. का 50 वां दीक्षा-दिवस कार्तिक शुक्ला षष्ठी, दिनांक 19 नवम्बर, 2012 को उपस्थित हो रहा है। दोनों महापुरुषों की दीक्षा अर्द्ध शताब्दी के अवसर पर धर्म-ध्यान एवं त्याग-तप की आराधना करते हुए संघहित में सेवा, संस्कार और संगठन में भूमिका व भागीदारी निभायें।

शासन सेवा समिति के संयोजक श्री रतनलालजी बाफना ने अपने उद्गार व्यक्त करते कहा कि संयम रूपी वैभव की तुलना और किसी से नहीं की जा सकती। ज्ञानियों ने भी कहा है- **संयमः खलु जीवनम्** निश्चय में संयम ही जीवन है। संसार में दुःख ही दुःख है। सुखी होने के लिए आप और हम सभी संयम मार्ग अपनाएं।

संघ-संरक्षक मण्डल के चेयरपर्सन माननीय श्री मोफतराजजी मुणोत ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप वीर परिवारजन सम्मान-समारोह में पधारे, उसके लिए संघ

आपका आभारी है। सम्मान समारोह वृहद स्तर पर पहली बार आयोजित किया गया है, जिसका मुझे प्रमोद है। कुछ वीर परिवारों से हम सम्पर्क न कर पाये, परन्तु भविष्य में सम्पर्क करने का हम प्रयास करेंगे। वैराग्य मार्ग में आगे बढ़ने हेतु कोई भी निमित्त काम आ सकता है। मैं भाग्यशाली हूँ कि मुझे आचार्य श्री हस्तीमलजी म.सा. का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ। उनसे यही शिक्षा पाई कि संयम संतों तक सीमित ना रहे, बल्कि श्रावकवर्ग भी संयम पालन में तत्पर रहे। अपने जीवन व्यवहार में भी संयम की झलक आनी चाहिये। आप वीर परिवारजनों का संघ के प्रति सहयोग एवं समर्पण अनुकरणीय रहा है।

माननीय मुणोत साहब ने निवेदन किया कि वीर परिवारजनों में से कोई गजेन्द्रनिधि का ट्रस्टी बनना चाहे तो संघ को खुशी होगी। उसी समय वीरपिता श्री अमरचन्दजी लोढ़ा-जोधपुर ने संघ को गजेन्द्रनिधि का ट्रस्टी बनने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की।

श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ के अध्यक्ष श्री प्रकाशचन्दजी कोठारी ने सुदूरवर्ती-समीपवर्ती क्षेत्रों से पधारे हुए सभी वीर परिवारों एवं संघ सदस्यों का जयपुर पधारने एवं कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों की व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी रही हो तो जयपुर संघ उसके लिए क्षमाप्रार्थी है।

श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ, जयपुर द्वारा आवास-निवास, भोजन एवं यातायात आदि की आत्मीयतापूर्वक सुन्दर व्यवस्था रही।

कार्यक्रम का सफल संचालन श्री ज्ञानेन्द्रजी बाफना-जोधपुर तथा श्री सुमतिचन्दजी मेहता-पीपाड़शहर द्वारा किया गया। आवश्यक सूचनाओं के प्रसारण के साथ हर्ष-हर्ष, जय-जय के साथ सम्मान-समारोह सानन्द सम्पन्न हुआ।

वीर परिवार सम्मान-समारोह में परमपूज्य आचार्यप्रवर श्री हीराचन्द्र जी म.सा. के संसारपक्षीय भ्राता श्री प्रेमचन्द जी गांधी द्वारा अभिव्यक्त विचार

पंच परमेष्ठि देव को वन्दन!

शासनेश प्रभु महावीर को वन्दन!

प्रतिपल स्मरणीय परमाराध्य महामहिम आचार्य भगवन्त पूज्य गुरुदेव श्री हस्तीमल जी म.सा. के अनन्त गुणों का भावपूर्ण स्मरण कर परम श्रद्धेय आचार्यप्रवर पूज्य श्री हीराचन्द्र जी म.सा., परम श्रद्धेय उपाध्यायप्रवर श्री मानचन्द्र जी म.सा. एवं श्रद्धेय मुनि पुंगवों व महासती वृन्द के पावन श्री चरणों में सश्रद्धा-सभक्ति वन्दन, नमन, अभिनन्दन!

संघ संरक्षकगण, शासन सेवा समिति के सम्मानित सदस्यगण, संघाध्यक्ष महोदय,

संघ व संघ की सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारीगण!

जयपुर संघ के सुज्ञ श्रावकों, सुशील माताओं-बहिनों, युवारत्न साथियों एवं देश के कोने-कोने से पधारे वीर परिवारों के सदस्यगण!!

यह हमारा सौभाग्य है कि गुरु हस्ती के पट्टधर गुरु हीरा का प्रदेश की राजधानी गुलाबी नगरी जयपुर का चातुर्मास ज्ञान-ध्यान, तप-त्याग, साधना-आराधना एवं व्रत-प्रत्याख्यानों के साथ संघ व संघ की सहयोगी संस्थाओं के सक्रिय, सक्षम व स्वावलम्बी बनाने की दिशा में आचार्य श्री का चातुर्मास सफल चातुर्मास के रूप में गतिशील है।

चातुर्मास में संघनायक से ही नहीं, संत-सती वृन्द से प्रेरक व प्रभावी प्रवचनामृत का पान हम कर रहे हैं। आचार्य श्री का प्रदेश की राजधानी का यह वर्षावास समूचे प्रदेश में जन-जन के मन को प्रेरित कर रहा है।

वि.स. 2069 हमारे लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है। यह वर्ष आचार्य श्री-उपाध्याय श्री दोनों महापुरुषों की दीक्षा का 50 वां वर्ष है। दीक्षा की अर्द्ध-शती के फलस्वरूप संघ - समाज में आबाल-वृद्ध सबमें त्याग-तप की भावना का संचरण होना सहज-स्वाभाविक परिणति है। गाँव-गाँव, नगर-नगर में और महानगरों में हमारे बन्धु स्व-प्रेरित आत्म उत्थान में आगे बढ़ रहे हैं। संघ के पदाधिकारीगण संघ सदस्यों में स्वस्थ स्पर्धा जगाने में सक्रिय हुए हैं।

हम संघ को संगठित करने में अपनी शक्ति का सदुपयोग करें, यह समय का तकाजा है, हमारी जरूरत है। संघ में राष्ट्रीय स्तर, क्षेत्रीय व स्थानीय स्तर पर ज्ञान-दर्शन-चारित्र की अभिवृद्धि के लिए विभिन्न प्रवृत्तियों और गतिविधियों का संचालन व्यवस्थित रूप से किया जाता है, वहीं श्राविका मण्डल एवं युवक परिषद् के तत्त्वावधान में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जो स्तुत्य हैं। इनमें आध्यात्मिक शिक्षण बोर्ड द्वारा ज्ञानार्जन हेतु परीक्षाओं का आयोजन, स्वाध्याय संघ द्वारा स्वाध्यायी सेवा, युवक परिषद् द्वारा शिविरों का आयोजन, सम्यग्ज्ञान प्रचारक मण्डल द्वारा जिनवाणी पत्रिका एवं सत्साहित्य का प्रकाशन, विद्वत्परिषद् की पुनः सक्रियता, मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति आदि विशेषतः उल्लेखनीय हैं। धर्माराधन, तपाराधन एवं व्रताराधन के कार्यक्रम निरन्तर प्रगति की ओर हैं।

स्थानकवासी समाज संत-सतीवृन्द पर सदा से आश्रित रहा है। आज भी संघ-समाज में हम हमारे धर्माचार्य-धर्मगुरुओं से प्रेरणा लेते हैं। हम जब भी गुरु-चरण- सान्निध्य में जाते हैं। दर्शन-वन्दन, प्रवचन-श्रवण, सेवा-भक्ति के लाभ के साथ व्रत-प्रत्याख्यान लेकर अपने जीवन को पावन-प्रशस्त करते हैं।

वीर परिवार सम्मान समारोह पहली बार 2001 में जोधपुर में आयोजित हुआ, तब से

मैं इस ऊहापोह में रहा कि क्या मैं इस सम्मान का पात्र हूँ और आज मैं इस नतीजे पर पहुँचा हूँ कि मैं इस योग्य नहीं हूँ। यह सम्मान अगर पूज्य पिताजी श्री मोतीलालजी गांधी जिन्होंने अपने सुपुत्र को जिनशासन सेवा में सहर्ष समर्पित किया एवं मेरी पूज्या माताजी श्रीमती मोहनी देवी को दिया जाता, जिनके अद्वितीय गुण आचार्य हीरा में परिलक्षित होते हैं तो श्रेष्ठ था, पर वे अब सशरीर इस दुनिया में नहीं हैं। मैंने अपने ज्येष्ठ भ्राता श्री शांतिलालजी को निवेदन किया, पर प्रथमतया स्वीकारोक्ति करते हुए भी उस धीर गंभीर मितभाषी मान-अपमान में एकरूपता रखने वाले को यह स्वीकार नहीं हुआ कि वे इस समारोह में सम्मिलित हों। मैं अपने भावों की अभिव्यक्ति करने के लिये इस मंच पर खड़ा हूँ, जिसके लिये मैं आप सबसे क्षमाप्रार्थी हूँ।

सम्मेलन मिलने का सशक्त माध्यम है। हम सब वीर परिवारजन ज्ञानाराधन-तपाराधन-धर्माराधन में आगे बढ़ें, संघ-सेवा, संत-सेवा, श्रुत-सेवा में उतरोत्तर गति-प्रगति करें और हम हमारे परिवारजनों में से जिनकी भावना संयम की ओर यत्किंचित हो रही है, उस भावना को सम्बल देकर बढ़ायें।

मैं संघ संरक्षक-मण्डल के चेयरपर्सन संघ-सेवा शिरोमणि माननीय श्री मोफतराज जी मुणोत, शासन सेवा समिति के संयोजक माननीय श्री रतनलाल जी बाफना, संघाध्यक्ष माननीय श्री सुमेरसिंह जी बोथरा का आभारी हूँ, साथ ही जयपुर श्री संघ के पदाधिकारियों, सेवाभावी एवं उत्साही कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने हमारे आवास-भोजन एवं परिवहन जैसी सभी सुविधाएँ तो उपलब्ध कराई ही, हमें अपनत्व देकर हमारा मन जीता है, इसका हम सबको प्रमोद है।

उपाध्यायप्रवर श्री मानचन्द्र जी म.सा. के संसारपक्षीय भ्राता श्री धनपतजी सेठिया द्वारा अभिव्यक्त विचार

(प्रारम्भिक सम्बोधन के अंश पूर्ववत्)

बन्धुओं!

मैं अपनी बात आचार्य भगवन्त पूज्य श्री हस्तीमल जी म.सा. के अंतिम चातुर्मास पाली से प्रारम्भ करता हूँ। आचार्य भगवन्त कहा करते थे कि- "मेरी ये दोनों भुजाएँ मजबूत हैं।" आचार्य भगवन्त ने अपनी शासन व्यवस्था में संघनायकत्व का दायित्व पं. रत्न श्री हीराचन्द्र जी म.सा. को प्रदान किया, वहीं रत्नसंघ में पहली बार उपाध्याय पद सृजित कर पं. रत्न श्री मानचन्द्र जी म.सा. का मनोनयन करके संघ-व्यवस्था में दोनों महापुरुषों को महत्त्व दिया, वह उस दिव्य-दिवाकर की दूरदृष्टि कहें तो उसमें कोई अतिशयोक्ति जैसी

बात नहीं है।

बन्धुओं! आज रत्नसंघ में वीर परिवार सम्मान-समारोह का आयोजन है। इसके पहले भी जोधपुर में 9 सितम्बर 2001 को वीर परिवार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हमारे संघ में वीर परिवारजनों के लिए संघ के शीर्ष पदाधिकारियों की सकारात्मक सोच है उसी की यह शुभ परिणति है कि जयपुर में संघ के बृहद् अधिवेशन के पूर्व वीर परिवार सम्मान समारोह का अलग से आयोजन रखा गया। मैं संघ के शीर्षजनों की सोच के लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

हम संघ-स्तर पर जो भी समारोह करते हैं वह संघ को ऊँचाइयों पर ले जाता है। हर अधिवेशन या सम्मेलन महज जन समुदाय को एकत्रित करने के लिए नहीं किया जाता।

वीर परिवार सम्मान-समारोह से हम अधिकतर परिवार एक स्थान पर एक साथ हैं इससे हमारा प्रेम तो बढ़ता ही है, परस्पर एक दूसरे को एक दूसरे की निकटता का अनुभव भी होता है।

आचार्य श्री हीराचन्द्र जी म.सा. एक दशक राजस्थान के बाहर प्रवास कार्यक्रम सानन्द सम्पन्न कर राजस्थान पधारे हैं। पाली-जोधपुर के सफल चातुर्मास के अनन्तर जयपुर का वर्षावास आनन्दपूर्वक चल रहा है। इस वर्ष हम आचार्य श्री, उपाध्यायश्री की दीक्षा-अर्द्धशती मना रहे हैं।

परम श्रद्धेय उपाध्यायप्रवर श्री मानचन्द्र जी म.सा. की दीक्षा वैशाख शुक्ला त्रयोदशी को हुई और इस वर्ष 4 मई 2012 को नागौर में दीक्षा का 50 वां वर्ष प्रारम्भ हुआ, हमने दर्शन-वन्दन, प्रवचनश्रवण, सत्संग-सेवा के साथ उपाध्यायप्रवर के मुखारविन्द से दीक्षा अर्द्धशती वर्ष में त्याग-तप के प्रति संकल्प लिए हैं, ले रहे हैं, ऐसे ही परम श्रद्धेय आचार्यप्रवर श्री हीराचन्द्र जी म.सा. का 50 वां दीक्षा-दिवस कार्तिक शुक्ला षष्ठी, 19 नवम्बर, 2012 को उपस्थित हो रहा है।

आचार्य श्री एवं उपाध्याय श्री हमारे गुरु हैं। हम गुरु-चरण-सन्निधि में रहकर जीवन-निर्माण की कला सीखते हैं। हम गुरु से ज्ञान अर्जित करें, लेकिन ज्ञान के साथ सेवा, संस्कार और संगठन में भूमिका व भागीदारी निभाने के लिए भी तैयार रहें।

बन्धुओं! आचार्य श्री एवं संत-सतीवृन्द प्रवचन के माध्यम से हमारा पथ-प्रदर्शन तो करेंगे ही, मैं वीर परिवार के सम्मानित सदस्यगणों से विनम्र अनुरोध करना अपना कर्त्तव्य समझता हूँ कि हमारे परिवार से जैसे श्रमण-श्रमणी प्रव्रजित हुए, हम वैसा कर सकें वह तो सर्वश्रेष्ठ हैं, पर यदि हम दीक्षित न हो सकें तो संघ-सेवा, संत सेवा, श्रुत-सेवा, स्वधर्मी वात्सल्य सेवा में अपने पुरुषार्थ को प्रकट करें। हम संवर-साधना, ज्ञानाराधना, तपश्चर्या में

अधिक से अधिक सक्रिय बनाएँ। संघ को संगठित बनाए रखने में हम हमारी शक्ति जगायें। हमारे जो भी भाई हमसे कुछ अपेक्षा रखें हम पूरी करें, पूरी करवाने में सहयोग करें।

संघ हमारा सम्मान करता है। हम सम्मान पाकर संघ के प्रति और अधिक सक्रियता से जुड़ें। स्वयं से जितना बन सके, करें। परिवार में, इष्ट-मित्रों में, सगे-सम्बन्धियों में, आस-पड़ौस में, गांव-नगर में, संघ-दीप्ति में कोई कसर नहीं रखें, तभी हम आबाद-वृद्ध सबका प्रेम पा सकेंगे।

बन्धुओं! मैं जयपुर संघ के साथ व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने वाले गुरु भ्राताओं का तहेदिल से शुक्रगुजार हूँ कि आपने हमें यहाँ बुलाया आचार्यश्री एवं संत-सतीवृन्द के दर्शन-वन्दन, प्रवचन-श्रवण और सेवा-भक्ति का अवसर प्रदान किया।

मैं अंत में सभी वीर परिवारजनों से विनम्र निवेदन करना चाहूँगा कि आप-हम संघ के अभिन्न अंग हैं, हम संघ की जाहोजलाली के लिए तन-मन-धन से और समर्पित भाव से आगे आयें, इसी मंगलमय भावना के साथ स्थान ग्रहण करता हूँ।

संघ की साधारण सभा का आयोजन 21 अक्टूबर 2012 को

अखिल भारतीय श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ व संघ की सहयोगी संस्थाओं की वार्षिक साधारण सभा रविवार, दिनांक 21 अक्टूबर, 2012 को दोपहर 1 बजे सुबोध कॉलेज, रामबाग सर्किल, जयपुर में रखी गई है, जिसमें सभी संघ सदस्यों की उपस्थिति सादर प्रार्थित है। सभी संघ सदस्यों से निवेदन है कि वार्षिक साधारण सभा की सूचना अपने गुरुभ्राताओं को पहुँचाने के साथ उनसे निवेदन भी करें कि वार्षिक आमसभा में भाग लेकर संघहित में अपना सकारात्मक सहयोग व रचनात्मक योगदान प्रदान करें। वार्षिक साधारण सभा में आगामी तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए संघाध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, श्राविका मण्डल अध्यक्ष एवं युवक परिषद् अध्यक्ष का मनोनयन/ चुनाव किया जाना प्रस्तावित है।

साधारण सभा में भाग लेने पर परम श्रद्धेय परम पूज्य आचार्यप्रवर 1008 श्री हीराचन्द्र जी म.सा., महान् अध्यवसायी श्रद्धेय श्री महेन्द्रमुनि जी म.सा. आदि ठाणा 11 तथा व्याख्यात्री महासती श्री सरलेशप्रभा जी म.सा., व्याख्यात्री महासती श्री इन्दुबाला जी म.सा. आदि ठाणा 12 के दर्शन-वन्दन, प्रवचन-श्रवण और सत्संग-सेवा का लाभ प्राप्त होगा। -*पूरणराज अखानी, महामंत्री*

रत्नवंशीय परिवारों का बृहद् अधिवेशन 17-18 नवम्बर को

रत्नवंशीय परिवारों का बृहद अधिवेशन शनिवार-रविवार 17-18 नवम्बर, 2012 को सुबोध महिला कॉलेज, बुद्धसिंहपुरा, सांगानेर एयरपोर्ट के पास, जयपुर में रखा गया है। इसी अवसर पर गुणी-अभिनन्दन एवं सम्मान-समारोह भी आयोजित होगा। दो-दिवसीय कार्यक्रम में समस्त रत्नसंघीय परिवार पहुँचें, एतदर्थ अभी से आप संघ के श्रावक-श्राविकाओं एवं युवकों को बृहद् अधिवेशन की जानकारी प्रदान तो करें ही, अधिक-से-अधिक परिवारजन अधिवेशन में पधारकर उसे सफल बनाने में अपनी सार्थक भागीदारी प्रदर्शित करें। परम श्रद्धेय आचार्यप्रवर का 50 वां दीक्षा-दिवस कार्तिक शुक्ला षष्ठी, सोमवार, 19 नवम्बर, 2012 को समुपस्थित हो रहा है। हम आचार्यप्रवर की दीक्षा की अर्द्धशती के शुभारम्भ पर त्याग-तप के साथ व्रत-प्रत्याख्यानों की श्रद्धा समर्पित कर गुरुभक्ति का परिचय दें, एतदर्थ आप संघ के आबाल-वृद्ध सभी सदस्यों को बृहद् अधिवेशन में भाग लेने व व्रत-नियम की श्रद्धा अर्पित करने की प्रेरणा करें।

आपके ग्राम-नगर-महानगर से कितने सदस्यों के बृहद् अधिवेशन में भाग लेने की संभावना है, समाचार जयपुर के सम्पर्क-सूत्र के पते पर देने की कृपा करें।

सम्पर्क सूत्रः-

चातुर्मास स्थलः- *सामायिक-स्वाध्याय भवन, महावीर नगर, सेन्ट्रल बैंक की गली, टोंक रोड़, जयपुर-302018 (राज.) फोनः-1. पूछताछ कार्यालय-0141-3101991, 2. श्री विनयचन्द जी डागा- 93145-06509, 3. श्री आनन्द जी चौपड़ा-75686-20000, 4. श्री नरपतचन्द जी सिंघवी- 0141-2553416/98297-93416*

जयपुर में अध्यात्म चेतना शिविर सम्पन्न

अखिल भारतीय श्री जैन रत्न श्राविका मण्डल द्वारा 31 अगस्त से 2 सितम्बर, 2012 को त्रिदिवसीय अध्यात्म-चेतना शिविर का आयोजन सामायिक स्वाध्याय भवन, महावीर नगर, जयपुर में किया गया, जिसमें राजस्थान, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र आदि प्रदेश के ग्राम-नगरों से 450 शिविरार्थियों ने भाग लिया। इस शिविर में प्रबुद्ध अध्यापकों द्वारा ज्ञानार्जन करवाया गया।

शिविर में आचार्यप्रवर एवं सन्तों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। श्री दिनेश जी एवं सीमा जी भंसाली-बैंगलोर, तरूण जी बोहरा-चेन्नई, श्री पदमचन्द जी गांधी, डॉ. सुषमा जी सिंघवी, श्री आनन्द जी चौपड़ा, श्री त्रिलोकचन्द जी जैन, श्री दिलीप जी जैन, श्री जितेश

जी जैन एवं श्री राकेश जी जैन आदि की सेवाएँ प्राप्त हुईं।

शिविर का समापन 2 सितम्बर, 2012 को प्रातः 11 बजे रखा गया। शिविर के समापन-समारोह में श्रीमती लाडकंवर जी चौधरी, अध्यक्ष राज्य महिला आयोग, मुख्य अतिथि थी। विशिष्ट अतिथि चातुर्मास समिति के संयोजक श्री कैलाशचन्द जी हीरावत थे। समारोह की अध्यक्षता श्रीमती मधु जी सुराणा, अध्यक्ष-अ.भा.श्री जैन रत्न श्राविका मण्डल ने की। श्रीमती मंजुलाजी बम्ब, निदेशक-अ.भा.श्री जैन रत्न श्राविका मण्डल, कार्याध्यक्ष श्रीमती मंजू जी भण्डारी, श्रीमती पूर्णिमा जी लोढ़ा, महासचिव श्रीमती शशि जी टाटिया, कोषाध्यक्ष श्रीमती कमला जी सुराणा, श्रीमती उर्मिला जी बोथरा, अध्यक्ष श्री जैन रत्न श्राविका मण्डल का शिविर में पूरा सहकार रहा। समापन समारोह में श्री अनन्तजी सेठ, अध्यक्ष श्री जैन रत्न युवक परिषद्, संभागीय प्रधान श्री सुरेशचन्द जी कोठारी आदि भी उपस्थित थे।

समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती लाडकंवर जी चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अध्यात्म शिविर में जो आपने ज्ञानार्जन किया है वह अपने बच्चों को बांटना चाहिये। श्री कैलाशचन्द जी हीरावत ने अपने उद्‌बोधन में कहा सर्वप्रथम हमें अपने गुरु के प्रति पूर्ण समर्पित होना चाहिए। हमारी युवा पीढ़ी व्यसन मुक्त रहे, इसका भी प्रयास करना चाहिये। प्रतिवर्ष 5-6 महिला ऐसी तैयार हों जो अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर स्वाध्यायी बनकर पर्युषण में सेवाएँ प्रदान करें।

श्रीमती मधु जी सुराणा ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आज हमारे बच्चे व्यसन और फैशन की ओर बढ़ते चले जा रहे हैं। यदि हम बहिनें अपने बच्चों की ओर ध्यान देंगी तो अच्छा रहेगा। हमने इस शिविर में जो भी नियम ग्रहण किये हैं और सीखा है, आगामी शिविर में उससे आगे बढ़ना है। श्रीमती मंजू जी भण्डारी व श्रीमती शशि जी टाटिया ने शिविर में भाग लेने वाले शिविरार्थियों, अध्यापकों को तथा श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ, श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ, श्री जैन रत्न युवक परिषद्, श्री जैन रत्न श्राविका मण्डल, जयपुर को आवास-निवास-भोजन व यातायात व्यवस्था हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया। युवक परिषद् अध्यक्ष श्री अनन्त जी सेठ ने सुदूरवर्ती-समीपवर्ती क्षेत्र से पधारे शिविरार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों की व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी रही हो तो जयपुर संघ उसके लिए क्षमाप्रार्थी है। समापन समारोह कार्यक्रम का संचालन शिविर संचालिका श्रीमती मोहनकौर जी जैन ने किया।

दीक्षा अर्द्धशती वर्ष

'स्वप्निका' पुस्तक का विशेष प्रकाशन एवं प्रतियोगिता

आत्म बंधुओं !

जिनशाासन जयवन्त है। जिनशासन में आराधना करने के अनेक आयाम हैं। आराधना के क्षेत्र में ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप के अनुष्ठान हैं, तो दान, शील, संघ-सेवा, त्याग-वैराग्य, भक्ति-भाव का भी प्रभाव है।

गुरु भक्ति को जागृत करने का सुनहरा अवसर हमें उपलब्ध हुआ है। इस उपलब्ध हुए अवसर पर चौदहवें गुणस्थान की पूर्णता को पूर्ण कर सिद्धि-प्राप्त करने वाले, चौदह रज्जु लोक के अग्रभाग पर स्थित होने वाले तीर्थंकर भगवन्तों की माताएँ चौदह स्वप्नों को देखकर स्वयं में धन्यता का अनुभव करती हैं।

उन्हीं तीर्थंकर भगवन्तों के शासन को जयवन्त रखने वाले, शासन नायक, पंचाचार पालक, पूज्य आचार्य भगवन्त श्री 1008 श्री हीराचन्द्र जी म.सा. एवं आत्मार्थी, शान्त-दान्त गंभीर, पूज्य उपाध्याय प्रवर श्री मानचन्द्र जी म.सा. के **दीक्षा अर्द्धशताब्दी के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय श्री जैन रत्न हितैषी, श्रावक संघ, अखिल भारतीय श्री जैन रत्न श्राविका मण्डल, अखिल भारतीय श्री जैन रत्न युवक परिषद्, स्वप्निका** नामक पुस्तक प्रस्तुत कर रहा है।

इसमें ज्ञान का गुंजन, दर्शन का अंजन, चारित्र का चन्दन, तप का आत्म-रंजन है, तो दान की दिव्यता, शील की पवित्रता, सेवा की सौरभ, भावों की भव्यता, भक्त की विनम्रता, नियमों की नियमितता भी प्रस्फुटित हो रही है। प्रस्तुत पुस्तक में आबाल वृद्ध सभी भाग लेकर -

- चौदह स्वप्नों का अर्थ व फल जानें
- चौदह नये नियम पालन की ओर अग्रसर हों
- नियमों के निमित्त से निज में निमग्न बनें
- साधना के माध्यम से साध्य साधें

और इस वर्ष को त्याग-तप एवं साधना-आराधना से मनायें इसी मंगल मनीषा से ..

स्वप्निका पुस्तक में पथ है, पाथेय है, प्रेरणा है, प्रोत्साहन है, पुरस्कार है।
जरूरत है पुरुषार्थ करके,पूर्णता की ओर अग्रसर होने की।

अनमोल-अद्वितीय-आह्लादकारी पुस्तिका विषयक ज्ञातव्य तथ्य :-

वितरण तिथि	-	19 नवम्बर 2012
परीक्षा तिथि	-	10 नवम्बर 2013
पुस्तिका मूल्य	-	20/-

प्रथम पुरस्कार-अविस्मरणीय पुरस्कार, **द्वितीय पुरस्कार**-अद्वितीय पुरस्कार, **तृतीय पुरस्कार**-अलौकिक पुरस्कार, **चतुर्थ पुरस्कार**-अचंभित पुरस्कार(11 प्रतिभागियों को), **पुरस्कारों की घोषणा उचित समय पर।**

पुस्तक प्राप्ति स्थान-सम्यग्ज्ञान प्रचारक मण्डल, दुकान न. 182 के उपर, बापू बाजार, जयपुर (राज.), फोन -0141-2575997,2570753

प्रतियोगिता समिति-श्री नमन मेहता (संयोजक)-9414116766, डॉ. मंजुला बम्ब-9314292229, श्रीमती उर्मिला बोथरा-9314501856, श्रीमती पूर्णिमा लोढा-9829019396, श्रीमती मीना गोलेछा-9314466039

बीकानेर में सुराणा स्वाध्याय भवन का उद्घाटन

2 सितम्बर 2012, रविवार को बीकानेर में धर्मनिष्ठ श्रावकरत्न श्री इन्द्रमल जी सुराणा (सी.ए.) के परिवार द्वारा निर्मित 'सुराणा स्वाध्याय भवन' का उद्घाटन अ.भा. श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुमेरसिंह जी बोथरा ने किया। इस स्वाध्याय भवन (स्थानक) के लिए इन्द्रमल जी सुराणा परिवार द्वारा ही जमीन खरीदी गई और इसी परिवार ने पूर्णतया अपने निजी व्यय से भव्य स्थानक भवन निर्माण करवाया। उपाध्यायप्रवर श्री मानचन्द्र जी म.सा. के बीकानेर क्षेत्र में विचरण के दौरान धर्म-ध्यान, त्याग-तपस्या और व्रत-प्रत्याख्यान का ठाट लग गया था। शेखेकाल में भी मासखमण, अठाई आदि तपस्याओं की लड़ी लग गई थी तथा पर्युषण जैसा माहौल बन गया था।

'मोक्षमार्ग प्रवचन' पर पुरस्कार प्रतियोगिता 2012

आगमज्ञाता तपस्वीरत्न श्री उदयमुनि जी महाराज द्वारा रचित 'मोक्षमार्ग प्रवचन' द्वितीय संस्करण 2008 पर प्रश्नावली प्रकाशित की गई है। प्रवचन ग्रन्थ एवं प्रश्नावली स्वाध्याय के लक्ष्य से निःशुल्क उपलब्ध करायी जा रही है। उत्तर-पत्रक (OMR Sheet) जमा कराने की अन्तिम तिथि 5 नवम्बर, 2012 (सायं 5 बजे तक) है। पुरस्कार 20 नवम्बर तक घोषित कर दिए जायेंगे तथा 25 नवम्बर को समारोह में प्रदान किए जायेंगे। पुरस्कार राशि इस प्रकार है- (1) प्रथम पुरस्कार- 50 हजार रुपये, (2) द्वितीय पुरस्कार- 25 हजार रुपये, (3) तृतीय पुरस्कार- 10 हजार रुपये, (4) चतुर्थ पुरस्कार (तीन को)-

प्रत्येक 5000 हजार रुपये, (5) प्रोत्साहन पुरस्कार (पचास को) प्रत्येक 1 हजार रुपये, (7) सांत्वना पुरस्कार (सौ को) प्रत्येक 500 रुपये। कुल पुरस्कार 156 एवं पुरस्कार राशि 2 लाख रुपये। ग्रन्थ प्राप्ति स्थान- भारत जारोली, जारोली भवन, नीमच (म.प्र.) फोनः 93010-38314, फैक्स- 07423-224966, ईमेल- bharat_jaroli@rediffmail.com

दिल्ली, भीलवाड़ा, जयपुर एवं जम्मू से भी पुस्तक एवं प्रश्नावली प्राप्त की जा सकती है।

संक्षिप्त-समाचार

चेन्नई- सुराणा एण्ड सुराणा इण्टरनेशनल अटोर्नीज, चेन्नई को 'इण्टरनेशनल फाइनेन्सियल लॉ रिव्यू 2011 की रिपोर्ट के अनुसार 'लॉ फर्म ऑफ दि ईयर' घोषित किया गया है। एशिया चैम्बर्स, एशिया पेसिफिक लीगल 500 आदि ने इसे भारत की लॉ फर्मों में उच्च स्थान पर रखा है।

सूरत- उपाध्याय श्री ज्ञानसागर जी म.सा. के पावन सान्निध्य में 34 वां जैन करियर काउंसलिंग कार्यक्रम 24 अगस्त 2012 को सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग 400-500 छात्रों ने भाग लेकर दिशा बोध प्राप्त किया।

पीपाड़- श्री ओसवाल लोहड़े साजन संघ की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें कक्षा अष्टम से प्रोफेशनल सी.ए. तक के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

न्यूयार्क- पर्युषण पर्व पर सभी सम्प्रदायों ने सन्त श्री रूपचन्द जी के सान्निध्य में सौहार्दपूर्ण वातावरण में धर्माराधन कर एक आदर्श प्रस्तुत किया। श्री विजय जी बैद ने ग्यारह, श्रीमती पीयू अंकुरजी जैन ने अठाई और श्रीमती सोनल जी बरडिया ने तपस्या की। सांवत्सरिक प्रतिक्रमण श्रीमती मनीषा जी बैद और डिम्पल जी जैन द्वारा करवाया गया। समस्त धार्मिक गतिविधियों के संचालन में श्री अन्नूभाई हीरावत, श्री अमित जी बिरानी, श्री सुनील जी डागा, श्री मुन्ना जी कर्नावट और श्रीमती रश्मिजी कर्नावट का विशेष योगदान रहा। स्थानक में हर माह के द्वितीय रविवार को सामूहिक सामायिक की जाती है, जिसमें सभी सम्प्रदाय के लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। इसका श्रेय श्री शरद जी सिंघवी एवं श्रीमती श्वेता जी अतुल जी कोठारी को जाता है। संवत्सरी प्रतिक्रमण में लगभग 225 व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कई लोगों ने संवत्सरी पर मौन उपवास एवं अन्य धार्मिक आराधना की।

-मुन्नाजी कर्णावट

बधाई/चुनाव

नागपुर- प्रोफेसर डॉ. भागचन्द्र जैन 'भास्कर' को पालि-प्राकृत-जैनधर्म-बौद्धधर्म के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के उपलक्ष्य में 'महामहोपाध्याय' विरुद से कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा 11 अगस्त, 2012 को सम्मानित किया गया। डॉ. जैन को श्रीफल, शाल, सम्मान-पत्र तथा 51001/- रुपये की राशि भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व डॉ. जैन को जैन वर्ल्ड. कॉम की ओर से सम्मानपत्र और 31000/- की राशि प्रदान कर 'जैन रत्न' उपाधि से विभूषित किया गया। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. जैन वर्तमान में जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में जैन-दर्शनपीठ के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं।

जयपुर- प्रो. संजीव भानावत, अध्यक्ष, जन संचार केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय के जैन अनुशीलन केन्द्र का मानद् निदेशक नियुक्त किया गया है। गत तीन दशकों से मीडिया शिक्षण से जुड़े प्रो. भानावत ने देश-विदेश में अनेक राष्ट्रीय अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों में सहभागिता की है। वे 13 वर्षों से 'मीडिया त्रैमासिकी'' कम्यूनिकेशन टुडे का संपादन कर रहे हैं।

उदयपुर- युवा कवयित्री रेनू सिरोया को बैतूल स्थित मध्यप्रदेश लेखक संघ की ओर से ''साहित्य सरिता सम्मान'' प्रदान किया गया।

दातिया,अलवर- आशीमा जैन सुपुत्री श्री सुरेशचन्द्र-कुमुद जी जैन, जयपुर ने NIRMA UNIVERSITY AHMEDABAD से B.Com L.L.B. (Hons.) द्वितीय वर्ष में अधिकतम अंक प्राप्त कर गोल्ड मैडल प्राप्त किया है। आपने 19-25 मार्च, 2012 को HongKong (SAR) में आयोजित नवें Willem C. Vis (East) International Commercial Arbitration Moot प्रतियोगिता में निरमा विश्वविद्यालय, अहमदाबाद का प्रतिनिधित्व किया।

जोधपुर- श्री धीरज डोसी सुपुत्र श्री नेमीचन्द जी डोसी ने जैन सोशियल सोसायटी, चेन्नई द्वारा आयोजित ''आज के समाज में युवाओं का योगदान एवं उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों का महत्त्व'' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनको पुरस्कार के रूप में 21000 रुपये की राशि दी गई।

जयपुर- चि. सिद्धार्थ सुपुत्र ममता-रवीन्द्र पोखरना एवं सुपौत्र श्री शान्तिलाल पारस पोखरना ने मेन्टल अरियमेटिक एबेक्स प्रतियोगिता में राज्य में प्रथम स्थान तथा अखिल

भारतीय स्तर पर दसवां स्थान प्राप्त किया।

सी.ए. उत्तीर्ण

सवाईमाधोपुर–श्री अंकित कुमार जैन सुपुत्र श्री अनोखचन्द जी जैन (पचाला वाले) ने सी.ए. (फाइनल) की परीक्षा प्रथम श्रेणि में उत्तीर्ण की।

श्रद्धाञ्जलि

बालोतरा- श्री भूपतराज जी सालेचा सुपुत्र स्व. श्री राणमल जी सालेचा का स्वर्गवास 15 सितम्बर, 2012 को 62 वर्ष की उम्र में हो गया। आपने 2009 में आचार्य श्री के बालोतरा प्रवास पर सजोड़े शीलव्रत अंगीकार किया था। आपका पूरा परिवार रत्नसंघ के प्रति श्रद्धावनत है।

जयपुर- धर्मप्रिय सुश्रावक श्री भोपाल सिंह जी बरड़िया सुपुत्र स्व. श्री उमराव सिंह जी

बरड़िया (रूपनगढ़ वाले) का 70 वर्ष की आयु में 14 अगस्त 2012 को स्वर्गवास हो गया। आप सहज, सरल, सहृदय, धर्म-परायण एवं नेकदिल इन्सान थे। आप धर्म-क्षेत्र में भी अग्रणी थे। आप नियमित दो सामायिक करते थे। आपके रात्रि-भोजन का भी त्याग था। आपकी नेत्रदान की हार्दिक इच्छा थी, जिसका सम्मान कर परिवार जनों ने नेत्रदान करवाया। आप अपने पीछे धर्म सहायिका जनतदेवी एवं तीन सुपुत्रों आदि का संस्कारित परिवार छोड़कर गए हैं।

जोधपुर- धर्माराधिका सुश्राविका श्रीमती विमला जी लोढ़ा (अन्तरबाईसा) धर्मपत्नी स्व.

श्री गोविन्दमल जी लोढ़ा का स्वर्गगमन 15 सितम्बर 2012 को हो गया। आपका जीवन धर्म से अनुप्राणित एवं त्यागमय था। आप श्रद्धेय आचार्यप्रवर, उपाध्यायप्रवर एवं समस्त सन्त-सतीवृन्द की सेवा-भक्ति में सदैव तत्पर रहती थीं। नियमित सामायिक के साथ प्रतिदिन 100 माला फेरती थीं।

हीरादेसर- अनन्य गुरु भक्त सुश्रावक श्री लालचन्द जी सुपुत्र स्व. श्री नथमल जी बोथरा का अकस्मात् स्वर्गवास 71 वर्ष की आयु में 24 जुलाई, 2012 को हो गया। आपकी आचार्य श्री हस्तीमल जी म.सा., आचार्यश्री हीराचन्द्र जी म.सा., उपाध्यायप्रवर श्री मानचन्द्र जी म.सा. के प्रति प्रगाढ़ श्रद्धा भक्ति थी। हीरादेसर में कई वर्षों से आपका घर ही जैनों के घरों में खुला रहता था। साधु-संतों की सेवा में आप आगे रहते थे। आप मिलनसार स्वभाव के थे। प्रतिदिन सामायिक करने का नियम था एवं कई वर्षों से ब्रह्मचर्य का पालन कर रहे थे। आप अपने पीछे चेन्नई में सुपुत्र श्री पारसमल जी, लीलमचन्द जी बोथरा सहित

भरापूरा संस्कारित परिवार छोड़कर गए हैं।

जोधपुर- धर्मनिष्ठ सुश्रावक श्री सुरेश जी भण्डारी सुपुत्र स्व. श्री शिवनारायण जी भण्डारी

का देहावसान 3 अगस्त 2012 को हो गया। आपका जीवन सरलता, सादगी एवं श्रद्धा भक्ति से ओतप्रोत था। आप मिलनसार, भजनप्रिय एवं निष्कपट प्रवृत्ति के श्रावक थे। आपकी आचार्यप्रवर, उपाध्यायप्रवर एवं संत-सतीवृन्द के प्रति अगाध श्रद्धा भक्ति थी। आपका पूरा परिवार रत्नसंघ के प्रति समर्पित है।

बालोतरा- श्रीमती बिदामीदेवी धर्मपत्नी स्व. श्री दौलतराज जी बागमार का प्रयाण 29

अगस्त, 2012 को 70 वर्ष की आयु में हो गया। आप प्रतिदिन सामायिक, त्याग-प्रत्याख्यान करती थीं। आपकी संसार पक्षीय पुत्री विवेक श्री जी म.सा. (साध्वी श्री) आचार्य प्रवर श्री रामलाल जी म.सा. के संघ में दीक्षित हैं। उपाध्यायप्रवर श्री मानचन्द्र जी म.सा. के बालोतरा चातुर्मास में पूरे परिवार ने सेवा का लाभ लिया एवं आचार्य भगवन्त के बालोतरा शेषकाल में पधारने पर भी सेवा-भक्ति की।

मदनगंज-किशनगढ़- श्री हेमराज जी संचेती पुत्र स्व. श्री माणकचन्द जी संचेती

(गूलरवाले) का 75 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया। आप देव, गुरु और धर्म के प्रति आस्थावान सुज्ञ श्रावकरत्न थे। आप प्रतिदिन सामायिक व स्वाध्याय करते थे। आपकी आचार्य श्री हस्तीमल जी म.सा., आचार्य श्री हीराचन्द्र जी म.सा., उपाध्यायप्रवर श्री मानचन्द्र जी म.सा. तथा सन्त-सती मण्डल के प्रति अगाध श्रद्धा-भक्ति थी।

जयपुर- सुश्राविका श्रीमती कमलादेवी जी धर्मसहायिका श्रीमान् प्रसन्नमलजी लोढ़ा का

स्वर्गवास 4 सितम्बर, 2012 को हो गया। आप नित्य सामायिक करती थीं। आप व्यवहार में शांत, शालीन, गुणानुरागी एवं प्रसन्नचित्त श्राविकारत्न थीं। आप देव, गुरु एवं धर्म के प्रति पूर्णतः समर्पित थीं। आपके पति श्री प्रसन्नमल जी लोढ़ा सम्यग्ज्ञान प्रचारक मण्डल के कार्यालय-प्रभारी रहे। श्राविका के मरणोपरान्त नेत्र दान किए गए।

जोधपुर- सुश्राविका श्रीमती सुन्दरदेवी जी श्रीमाल का 3 सितम्बर 2012 को देवलोकगमन हो गया। संघनिष्ठ, कर्त्तव्यनिष्ठ विविध गुणों से युक्त श्राविका का जीवन संघ व समाज सेवा में समर्पित रहा। आप नियमित समायिक-स्वाध्याय की साधना करती थीं। आपने अपने जीवन में अनेक त्याग-प्रत्याख्यान ग्रहण कर रखे थे। सन्त-सतीवृन्द की सेवा-

भक्ति में भी वे सदैव तत्पर रहती थीं। श्रीमाल परिवार संघ-सेवा, स्वधर्मी-वात्सल्य एवं आतिथ्य-सत्कार में सदैव अग्रणी रहता है। आप अपने पीछे पुत्र श्री नेमीचन्द जी, पुखराज जी, गौतमचन्द जी श्रीमाल का परिवार छोड़कर गई हैं।

अजमेर- सेवा कार्यों में समर्पित सुश्रावक श्री उदयलाल जी कोठारी का 18 अगस्त 2012 को 92 वर्ष की आयु में देहावसान हो गया। वे दृढ़प्रतिज्ञ व्रतधारी श्रावक थे। प्रतिदिन 8-10 सामायिक करते थे। सेवानिवृत्ति के पश्चात् रोगियों की सेवा, असहाय व गरीबों की सहायता को उन्होंने अपना प्रमुख कार्य बना लिया था। वे 80 वर्ष की अवस्था तक पर्युषण पर्वाराधना में अठाई तप करते रहे थे। उनका नैतिक जीवन गांधी जी के आदर्शों पर आधारित था। सत्य, अहिंसा को उन्होंने जीवन में जिया। उनके दोनों सुपुत्र सुभाषचन्द जी एवं जवाहरलाल जी कोठारी भी उन्हीं का अनुकरण करते हुए सामाजिक कार्यों में अपना समय दे रहे हैं।

सवाईमाधोपुर- सुश्रावक श्री नरेन्द्र मोहन जी जैन का 85 वर्ष की आयु में 29 जुलाई 2012 को स्वर्गवास हो गया। आप मधुर व्यवहारी एवं दृढ़निश्चयी श्रावक थे। आप नियमित सामायिक एवं स्वाध्याय करते थे। रत्नसंघ के संत-सतीवृन्द के प्रति समर्पित श्रावकरत्न का जीवन श्रद्धानिष्ठ रहा।

जयपुर- सुश्रावक श्री घीसीलाल जी सुपुत्र स्व. श्री इन्दरचंद जी सुखलेचा 28 सितम्बर, 2012 को स्वर्गवास हो गया। आप देव, गुरु एवं धर्म के प्रति पूर्णतः समर्पित थे। आपके जीवन पर आचार्यप्रवर श्री हस्तीमल जी म.सा. व आचार्यप्रवर श्री हीराचन्द्र जी म.सा., पण्डित रत्न उपाध्यायप्रवर श्री मानचन्द्र जी म.सा. का विशेष प्रभाव रहा। आप सभी सन्त-सतियों की सेवा में सदैव तत्पर रहते थे। आप अन्तिम दिन तक भी नियमित रूप से स्थानक जाकर सतीवृन्दों के प्रवचन का श्रवण करते रहते थे।

अजमेर- धर्मानुरागी सुश्रावक श्री धर्मीचन्द जी सुराणा का 14 अगस्त, 2012 को पुरानी मण्डी स्थित (मसूदा हवेली) जैन स्थानक के अकस्मात् ढह जाने से पौषधव्रत में समाधिमरण हो गया। आप सरल प्रकृति वाले एवं तप-आराधना में रुचि रखने वाले श्रावक थे। आपका प्रतिदिन सामायिक स्वाध्याय कर साधु-संतों की सेवा का लक्ष्य रहता था। आपकी रत्नसंघ के प्रति निष्ठा थी।

उपर्युक्त दिवंगत आत्माओं के प्रति सम्यग्ज्ञान प्रचारक मण्डल, जिनवाणी-परिवार तथा अ.भा. श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

साभार-प्राप्ति-स्वीकार

4000/- मंडल के सत्साहित्य की आजीवन-सदस्यता हेतु प्रत्येक

744 श्री नरेन्द्रजी पीतलिया, विदिशा (मध्यप्रदेश)
745 श्री धनरूपचंदजी मेहता, बेंगलोर (कर्नाटक)
746 श्री पंकजजी गाँधी, कल्याण (पश्चिम), ठाणे (महाराष्ट्र)

500/- जिनवाणी पत्रिका की आजीवन-सदस्यता हेतु प्रत्येक

14002 श्री सुनील कुमारजी बम्ब, मूँदी, खण्डवा (मध्यप्रदेश)
14005 श्री हेमन्त कुमारजी बम्ब, बुहारी, तहसील-वालोड़, जिला-वापी (गुजरात)
14006 श्री कमलेश कुमारजी बाफणा, बुहारी, तहसील-वालोड़, जिला-वापी (गुजरात)
14007 श्री हिरेन कुमारजी रातड़िया, गोरधा, तहसील-वालोड़, जिला-वापी (गुजरात)
14008 श्री विवेकजी भंसाली, रेलवे अस्पताल के पास, जोधपुर (राजस्थान)
14009 श्री आदेशजी बाफणा, दाणा बाजार, पोस्ट-जालना (महाराष्ट्र)
14019 श्री किशोरजी गुन्देचा, लालो कॉलेज रोड़, एरण्डवने, पुणे (महाराष्ट्र)
14025 श्रीमती आभाजी दलाल (एडोवकेट), वल्लभ नगर, इन्दौर (मध्यप्रदेश)
14026 श्री अशोकजी सिंघी, आर.वी. देसाई, प्रताप नगर, बड़ौदा (गुजरात)
14056 श्री सागरचंदजी जैन, ए-691, मालवीय नगर, जयपुर (राजस्थान)
14057 श्रीमती उषा किरणजी जैन, सत्यसांई कॉलेज रोड़, जयपुर (राजस्थान)
14058 श्री श्रीपालचंदजी सुराणा, 43/45/07, स्वर्ण पथ, मानसरोवर, जयपुर (राज.)
14059 श्री दीपकजी सुराणा, किसान मार्ग, बरकत नगर, जयपुर (राजस्थान)
14126 Smt. Beenaji Jain, Dhakali, Thane (W), Mumbai (M.H.)
14128 Shri Shrenik J. Parakhji, Fort, Mumbai (M.H.)
14131 Shri Rishab Kumarji Jain, Sawaimadhopur (Raj.)
14132 Shri Gautam Chandji Bomb, Madanganj, Distt. Ajmer (Raj.)
14134 Dr. Reenaji Jain, Near Ghoddod Road, Surat (Gujarat)
14154 Shri Sanjayji Bohra, Goregaon (W), Mumbai (M.H.)
14201 श्री विनयचंदजी चोरड़िया, डी 361, मालविय नगर, पोस्ट-जयपुर (राजस्थान)
14211 Shri Hiteshji Jagirdar, Halol (PMS) (Gujarat)
14220 डॉ. शंकरमलजी सिंघवी, सी-168, शास्त्रीनगर, पोस्ट-जोधपुर (राजस्थान)
14309 Shri Parasji Jain, Maruti Colony, Bellary (Karnataka)
14312 डॉ. मदनजी कोठारी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, उदयपुर (राजस्थान)
14313 श्री नवनीतजी जारोली, 'मंगलम्', 444, हिरण मगरी, सेक्टर-4, उदयपुर (राज.)

250/-(अर्द्धमूल्य योजना) जिनवाणी पत्रिका की आजीवन-सदस्यता

श्री प्रसन्नचंदजी, पुनवानचंदजी, हस्तीमलजी, लिलमचंदजी, शांतिलालजी ओस्तवाल, भोपालगढ़-जोधपुर-मुम्बई-चेन्नई के सौजन्य से

13996 श्री पलक कुमारजी संचेती, पोस्ट ऑफिस के पास, माउण्ट आबू, सिरोही (राज.)

13997 श्रीमती अंजलीजी लूणावत, संत दानेश्वर मार्ग, मालूण्डा, मुम्बई (महाराष्ट्र)
13998 श्रीमती निधिजी संचेती, 105, प्रताप नगर, जोधपुर (राजस्थान)
13999 श्री देवेन्द्रजी धारीवाल, वृदांवन विहार, डी.सी.एम. अजमेर रोड़, जयपुर (राज.)
14000 श्री अशोकजी गोगड़, प्रताप नगर, सिंघी धर्मशाला के पास, जोधपुर (राज.)
14001 श्री बलवंतसिंहजी सिसोदिया, पी.जी. कॉलेज के सामने, चित्तौड़गढ़ (राजस्थान)
14003 श्री रघुकुलजी जैन, एयरटेल टॉवर के पास, बाड़मेर (राजस्थान)
14004 Shri Rajendrarajji Bhandari, Chennai (Tamilnadu)
14010 श्री मुदित कुमारजी ललवाणी, सरदारपुरा बी रोड़, जोधपुर (राजस्थान)
14011 श्री विक्रमजी ललवाणी, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, 17 ई, जोधपुर (राजस्थान)
14012 श्री विराटजी भंसाली, गुंदी का मौहल्ला, नवचौकिया, जोधपुर (राजस्थान)
14013 Shri Jineshji Jain, 5th Phase, Bangalore (Karnataka)
14014 Shri Rohitji Singhavi, Kharadi, Pune (M.H.)
14015 Shri Maneshji Mehta, Bangalore (Karnataka)
14016 Shri Mohitji Mehta, Essal Steel Hazira, Surat (Gujarat)
14017 श्री सुरेशचंदजी जैन (अध्यापक), भरतपुर (राजस्थान)
14018 श्री महेशचंदजी जैन, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर (राजस्थान)
14020 श्री प्रकाशचंदजी लुणावत, इचलकरंजी, जिला-कोल्हापुर (महाराष्ट्र)
14021 Shri Sohanlalji Roonwal, Bijapur (Karnataka)
14022 Shri Jitendraji Roonwal, Bijapur (Karnataka)
14023 Shri Teekamchandji Roonwal, Bijapur (Karnataka)
14024 श्रीमती कल्पनाजी काँसवा, राधाविहार कॉलोनी, पुष्कर रोड़, अजमेर (राजस्थान)
14027 सुश्री प्रगतिजी श्रीमाल, स्वाध्याय भवन के पास, मेड़तासिटी, नागौर (राज.)
14028 श्री शांतिलालजी भंडारी, मेन मार्केट, रीयाबड़ी, जिला-नागौर (राजस्थान)
14029 श्री अशोक कुमारजी जैन, गगराणा, जिला-नागौर (राजस्थान)
14030 श्री शांतिलालजी डागा, मकान नं. 1233, सेक्टर 14, फरीदाबाद (हरियाणा)
14031 Shri Panmalji Maioo, Canning Street, Kolkatta (W.B.)
14032 श्री जसकरणजी बोथरा, बोथरा चौक, गंगाशहर, बीकानेर (राजस्थान)
14033 Shri Sujeet Kumarji Sipani, Silchar, Cochhar (Assam)
14034 श्री अजीतजी चोरड़िया, भैरवनाथ रोड़, मणिनगर, अहमदाबाद (गुजरात)
14035 श्री ताराचंदजी तातेड़, टंकी के पास, मेड़तासिटी, जिला-नागौर (राजस्थान)
14036 श्री ललितजी बोथरा, माणक चौक, मेड़तासिटी, जिला-नागौर (राजस्थान)
14037 श्री हेमन्तजी जैन (लोढ़ा), पंचरत्ना बिल्डिंग, ओपेरा हाउस, मुम्बई (महाराष्ट्र)
14038 श्री सवाईलालजी कांकरिया, नाहरों का धड़ा, मेड़तासिटी, जिला-नागौर (राज.)
14039 श्री शोभगमलजी लोकपाल, रीया बड़ी, जिला-नागौर (राजस्थान)
14040 Shri Sohanlalji Mehta, Bangalore (Karnataka)
14041 Shri M. Kantilalji Tater, Chennai (Tamilnadu)
14042 श्री किशनलालजी बाफणा, पोस्ट-उमरगाँव, जिला-वलसाड़ (गुजरात)
14043 Shri Vinay Kumarji Roonwal, Bijayapur (Karnataka)

14044 श्री राजेन्द्र कुमारजी बुफ्क्या, लिमडा वास, खाचरौद, जिला-उज्जैन (मध्यप्रदेश)
14045 श्री राजेन्द्र कुमारजी नाहटा, विक्रम मार्ग, खाचरौद, जिला-उज्जैन (मध्यप्रदेश)
14046 श्री महावीरचंदजी कांकरिया, पोस्ट-भोपालगढ़, जिला-जोधपुर (राजस्थान)
14047 श्री शांतिलालजी कांकरिया, अजमेर रोड़, बिलाड़ा, जिला-जोधपुर (राजस्थान)
14048 श्री महेन्द्र कुमारजी जोगड़, गेलड़ा का बास, बोरावड़ (मकराना), जिला-नागैर (राज.)
14049 श्री निहालचंदजी चोरड़िया, मेवाड़ी गेट के बाहर, ब्यावर, जिला-अजमेर (राज.)
14050 श्री दीपचंदजी जैन, हरसाना, तहसील-लक्ष्मणगढ़, जिला-अलवर (राजस्थान)
14051 श्री राजेशजी संचेती, चैतन्य नगर, बगीचा के सामने, जामनेर (महाराष्ट्र)
14052 Shri Mahaveer Chandji Barundia, Chennai (Tamilnadu)
14053 Smt. Padamkalaji Tater, Chennai (Tamilnadu)
14054 Shri Kumkum Academy, Chennai (Tamilnadu)
14055 Shri Vinay Chandji Bagmar, Chennai (Tamilnadu)
14060 श्री भरत कुमारजी छाजेड़, तालेगाँवदाभडे स्टेशन, जिला-पूणे (महाराष्ट्र)
14061 श्रीमती मिनलजी भंडारी, 568, महावीर नगर, टोंक रोड़, जयपुर (राजस्थान)
14062 श्री धर्मचंदजी मेहता, ओसवाल कॉलोनी, दूदू, जिला-जयपुर (राजस्थान)
14063 श्रीमती सुनीताजी कर्णावट, जय किशन कॉलोनी, टोंक फाटक, जयपुर (राज.)
14064 श्री मोहनलालजी संचेती, चिखलाकला, जिला-बालोद (छत्तीसगढ़)
14065 श्रीमती तिलकसुंदरीजी जैन, रामंदिर कोलार रोड़, भोपाल (मध्यप्रदेश)
14066 श्रीमती प्रेमजी सचदेवा, ई रोड़, नेहरू पार्क के पास, जोधपुर (राजस्थान)
